

परशुराम जयंती आज

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अक्षय तृतीया की मंगलकामनाएं



## ओह...फिर, कोई मां कैसे लेगी किसी बच्चे को गोद ?

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर**

श्योपुर में हत्या की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां 20 साल पहले गोद लिए बेटे ने मकान और पैसों के लिए अपनी बूढ़ी मां की हत्या करने के बाद उसकी लाश को बाथरूम के अंदर चुन दिया। हत्या करने के लिए बेटे ने पहले बूढ़ी मां को सीढ़ियों से नीचे फेंका और फिर उसके सिर पर लोहे की रॉड से दो तीन वार किए।

इसके बाद भी जब जान नहीं निकली तो साड़ी से गले में अंटा डालकर हत्या कर दी। इस वारदात का किसी को पता नहीं चले, इसलिए उसने खुद ही ईंट सीमेंट लाकर मां की लाश को बाथरूम के फर्श ▶▶ शेष पेज 4 पर

# 'गोद' लिए बेटे ने मकान और पैसों के लिए वृद्ध मां की हत्या कर बाथरूम के फर्श में चुन दी लाश

### बुढ़ापे का सहारा ही निकला हत्यारा

पहले मां को सीढ़ियों से नीचे फेंका, फिर सिर में मारी रॉड इसके बाद गला घोंट दिया

### पुलिस ने बाथरूम को खुदवाकर उसमें दबे वृद्ध मां के शव को बाहर निकालकर उसका पीएम करवाया



पुलिस ने आरोपी बेटे को मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया

### मां के लापता होने की दर्ज कराई थी रिपोर्ट

एसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि 8 मई को दीपक पचौरी निवासी रेलवे कॉलोनी श्योपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 6 मई को उसकी मां उषा देवी (65 वर्ष) पत्नी स्व. भुवनेंद्र पचौरी मंदिर जाने की बात कहकर निकली थी जो लौटकर घर नहीं आई है। इस रिपोर्ट पर गुमशुदगी दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने वृद्धा की तलाश शुरू कर दी। जब पुलिस टीम ने दीपक पचौरी के घर जाकर उससे फिर से पूछताछ की तो उसकी बातों पर संदेह हुआ। वहीं आसपास पड़ोस के लोगों सहित परिवार के लोगों के द्वारा आशंका जताई गई कि बेटे के द्वारा ही मां की हत्या कर दी गई है। इसके बाद जब पुलिस टीम ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 20 साल पहले अनाथालय से लिया था गोद

पुलिस के मुताबिक शहर के शिवपुरी रोड पर भाजपा कार्यालय के पीछे रहने वाली उषा (65) पत्नी भुवनेंद्र पचौरी की कोई संतान नहीं थी। उनके पति भुवनेंद्र पचौरी वन विभाग में नौकरी करते थे। कोई संतान नहीं होने के कारण उन्होंने वर्ष 2004 में एक अनाथलाय से 4 साल के एक बालक को यह सोचकर गोद ले लिया कि उनका यह गोद लिया बेटा बड़ा होकर उनके बुढ़ापे का सहारा बनेगा। इसलिए दोनों पति पत्नी ने दीपक को गोद लेने के बाद उसकी अच्छे से परवरिश की और उसे खूब पढ़ाया लिखाया। मगर बड़ा होने पर दीपक बुढ़ापे का सहारा बनने के बजाए अपनी बूढ़ी मां का हत्यारा बन गया। दीपक की नजर उसके मकान और वृद्ध मां के नाम की 30 लाख रुपए की एफडी पर थी।

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### डेनमार्क के राजनयिक ने दिखाई दिल्ली की गंदगी



**नई दिल्ली।** भारत में डेनमार्क के राजनयिक फ्रेडी स्वेन ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया प्लेफॉर्म 'एक्स' पर एक ऐसा वीडियो साझा किया जो कुछ ही देर में वायरल हो गया। इस वीडियो में दूतावास की इमारत के बाहर कूड़े का ढेर दिख रहा है। इस वीडियो में स्वेन बताते हैं कि वो भारत की राजधानी दिल्ली में मौजूद हैं और यहां की एक सड़क कूड़े से भरी हुई है। ये रोड दिल्ली में डेनमार्क और ग्रीस के दूतावासों के बीच स्थित है। वीडियो में डेनिश राजनयिक सड़के किनारे खड़े हैं जिसकी दाईं तरफ डेनमार्क दूतावास की दीवार है। फ्रेडी स्वेन ने कचरे से भरी सड़क दिखाते हुए कहा, प्यारी और हरी-भरी नई दिल्ली में आपका स्वागत है।

### 4 राज्यों में कोर्ट की नए खनन पर रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा है कि अरावली की रक्षा की जानी चाहिए तथा दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात को अगले आदेश तक पहाड़ी क्षेत्र में नई खनन गतिविधियों के लिए फाइनल मंजूरी नहीं देने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि नई लीज के लिए सुप्रीम कोर्ट की अनुमति लेनी होगी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि उसके आदेश को किसी भी तरह से पहले से ही वैध परमिट और लाइसेंस के अनुसार की जा रही खनन गतिविधियों पर रोक लगाने वाला नहीं माना जाएगा। पीठ ने कहा कि यह आदेश सभी चार राज्यों (जिनसे होकर अरावली पर्वत श्रृंखला गुजरती है) के लिए पारित कर रहे हैं।

### गरमी में नरमी : भोपाल सहित कुछ शहरों को छोड़ पूरे प्रदेश में गर्मी से राहत

# दिन का पारा जहां 6 डिग्री तक गिरा, रात में 4 डिग्री तक कमी

प्रदेश में सबसे कम दिन का तापमान सिवनी में 30 डिग्री रहा, यह नॉर्मल से 10 डिग्री कम

सबसे अधिक पारा टीकमगढ़, शिवपुरी में 43 डिग्री रहा। भोपाल में एक डिग्री की बढ़त के साथ तापमान फिर से 41.9 डिग्री पर पहुंच गया।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

प्रदेश के ज्यादातर जिलों में दो दिन से बदले मौसम से गर्मी में कमी महसूस की गई है। भोपाल, नर्मदापुरम और शिवपुरी सहित कुछ जिलों में को छोड़कर शेष पूरे प्रदेश में दिन के तापमान में तेजी से गिरावट रही। बीते दो दिन के दौरान बादल, बौछारों और बूंदाबांदी के साथ ही कुछ स्थानों पर ओले गिरने से गुरुवार को लगातार दूसरे दिन प्रदेशभर में दिन के साथ रात के तापमान में भी गिरावट रही है। दिन का पारा जहां 2 से 6 डिग्री तक गिरा, वहीं रात में 2 से 4 डिग्री तक कमी दर्ज की गई है। इससे गर्मी में कुछ कमी रही, लेकिन उमस ने लोगों को खूब परेशान किया। ग्वालियर, रायसेन, जबलपुर, उमरिया में जहां 3 से 4 डिग्री तक गिरावट रही।

वहीं छिंदवाड़ा, मंडला और सिवनी में 4 से 6 डिग्री तक तापमान में कमी रही। इन शहरों में औसत पारा 39 डिग्री रहा। सबसे कम दिन का तापमान सिवनी में 30 डिग्री रहा, यह नॉर्मल से 10 डिग्री कम है। सबसे अधिक पारा टीकमगढ़, शिवपुरी में 43 डिग्री रहा। भोपाल में एक डिग्री की बढ़त के साथ तापमान फिर से 41.9 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम केंद्र के अनुसार अभी मौसम में बदलाव जारी रहेगा मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश के आसपास चार सिस्टम सक्रिय होने से अगले 3 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा।

प्रदेश के आसपास अभी चार सिस्टम सक्रिय होने से अगले 2 से 3 दिन जारी रहेगा मौसम में बदलाव

आज भी आधा दर्जन जिलों में बारिश, कहीं ओले और आंधी का अलर्ट, तीन जिलों में लू का अलर्ट



भोपाल स्थित करोंद ब्रिज का दृश्य

### यहां लू का अलर्ट

मौसम केंद्र ने शुक्रवार को भिंड, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में कुछ स्थानों पर लू का येलो अलर्ट जारी किया है। इन स्थानों पर गर्मी में तेजी से इजाफा होने का अनुमान है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, खंडवा, खरगौन, मंदसौर, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर और मैहर जिलों ज्यादातर स्थानों पर गरज चमक के साथ बादल, बौछारों की उम्मीद है।

### अभी चार सिस्टम से बदला रहेगा मौसम

शुक्ला के अनुसार वर्तमान एक डब्ल्यूडी सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय है। साथ ही पूर्वी राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी बना है। वहीं, एक और साइक्लोनिक सकुर्लेशन मध्य महाराष्ट्र के ऊप्र बना है, यहां उत्तरी कर्नाटक और दक्षिणी कर्नाटक तक एक ट्रफ भी बनी है। इसके अलावा एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन पश्चिमी राजस्थान में सक्रिय है, जो पश्चिमी विदर्भ तक एक ट्रफ के रूप में सक्रिय है। इन सभी चार सिस्टम के कारण मध्य प्रदेश में मौसम में बदलाव बना हुआ है, जो अगले दो से तीन दिन बना रहने का अनुमान है।

### यहां गिरे ओले, आज भी अलर्ट

गुरुवार तक सीहोर, पठारी, मंदसौर, धार, दतिया, छतरपुर, सागर, दमोह, छिंदवाड़ा, सिवनी, डिंडोरी, मैहर, उमरिया, शहडोल, सीधी, अनूपपुर जिलों में कहीं कहीं ओले गिरे हैं। शुक्रवार तक नर्मदापुरम, बैतूल और डिंडोरी जिले के साथ ही छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट और पांढुर्णा जिले में कहीं कहीं बारिश के साथ ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है।



### यहां रात का पारा भी गिरा

बैतूल, इंदौर, उज्जैन में 3 से 4 डिग्री तक रात का पारा गिरा। खजुराहो, सीधी, उमरिया, मलाजखंड में 2 डिग्री तक। राजगढ़, भोपाल, रायसेन, रतलाम सहित ज्यादातर जिलों में एक डिग्री तक गिरावट रही है।

### जानलेवा पिकनिक : घोड़ापछाड़ डैम में नहाने गए थे

## पांच युवक डूबे, दो को बाहर निकाला, तीन की मौत



संजय मेहरा (मृतक)



नितिन (मृतक)

पिपलिया पेंदे खां से पिकनिक मनाने पहुंचे थे सात दोस्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित घोड़ापछाड़ डैम में गुरुवार शाम तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। तीनों युवक अपने चार अन्य साथियों के साथ पिकनिक मनाने के लिए घोड़ापछाड़ डैम पहुंचे थे।

इस दौरान डैम में नहाने उतरे पांच युवक डूबने लगे। साथ मौजूद दोस्तों ने दो को बाहर निकाल लिया था, लेकिन तीन युवक गहरे पानी में समा गए। रात करीब दस बजे के आसपास पुलिस ने दो युवकों की लाश पानी से बाहर निकाल ली थी, तीसरे की तलाश गोताखोरों की टीम ने रात 10 बजे तक की। पर पर्याप्त रोशनी न होने के कारण सर्चिंग बंद करनी पड़ी। शुक्रवार सुबह से फिर सर्चिंग की जाएगी।

### शाम करीब साढ़े पांच बजे नहाने के लिए डैम में उतरे थे

पुलिस के अनुसार अर्जुन मालवीय पिता मोहन मालवीय (20) निवासी पिपलिया पेंदे खां, नितिन नरवारे पिता दिलीप नरवारे (23) निवासी पिपलिया पेंदे खां, संजय मेहर पिता तुलसी मेहर (26) निवासी पिपलिया पेंदे खां समेत दुर्गेश, अजय, शुभम अहीर और सुमित सांवले निवासी पिपलिया पेंदे खां पिकनिक मनाने के लिए गुरुवार दोपहर घोड़ापछाड़ डैम पहुंचे थे। वहां सभी दोस्तों ने पार्टी की और शाम करीब साढ़े पांच बजे नहाने के लिए डैम में उतरे थे। इस दौरान पांच युवक डूबने लगे। बाहर मौजूद दो युवकों ने उन्हें सकुशल बाहर निकाल लिया। जबकि तीन युवक गहरे पानी में डूब गए। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंची थी। थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन ने बताया कि नितिन नरवारे और संजय मेहर का शव गोताखोरों ने पानी से बाहर निकाल लिया था, जबकि अर्जुन मालवीय की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दुर्गेश, अजय, शुभम अहीर और सुमित सांवले से हादसे के बाद से काफी डरे सहमे हैं उनसे पूछताछ की जा रही है।

### ईडी पहुंची सुप्रीम कोर्ट, किया विरोध

## आज आएगा केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला

ईडी ने कहा-जमानत से गलत परंपरा हो जाएगी शुरु

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला मामले के मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली के सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता ने गुरुवार को कहा था कि वह शुक्रवार को अंतरिम जमानत पर फैसला सुनाएंगे। केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को एक हलफनामा दायर किया। ईडी ने अपने हलफनामा में लिखा कि चुनाव प्रचार मौलिक अधिकार नहीं है। चुनाव प्रचार करना संवैधानिक अधिकार भी नहीं है और यह कानूनी अधिकार भी नहीं है। अगर केजरीवाल को जमानत दी गई तो इससे गलत परंपरा शुरू होगी। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में मनी लांड्रिंग के आरोप ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अंतिम यात्रा में शामिल हुए सीएम मोहन यादव

## भाजपा प्रवक्ता गोविंद मालू का दिल का दौरा पड़ने से निधन

सीएम ने कहा-वे भाजपा की बहुत बड़ी धरोहर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**



भोपाल से लौटकर भोजन करने के बाद भाजपा प्रवक्ता गोविंद मालू को बुधवार रात उनके घर पर दिल का दौरा पड़ा। 67 वर्षीय भाजपा नेता को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यादव लोकसभा चुनाव का अपना व्यस्त कार्यक्रम छोड़कर गुरुवार को सुबह इंदौर पहुंचे और मालू की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। यादव ने शहर के रीजनल पार्क मुक्तिधाम पहुंचकर मालू के पार्थिव शरीर को पुष्प चक्र अर्पित किया। मुख्यमंत्री ने मालू को भाजपा की बहुत बड़ी धरोहर बताते हुए उनके निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने भाजपा की बहुत सारी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया था। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा के मद्देनजर मेरे साथ परसों ही धार में थे। प्रदेश ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यूपी के बरेली में दिल दहला देने वाला मामला आया सामने

## युवती का अपहरण, रेप, धर्म परिवर्तन और फिर हत्या!

**एजेंसी ▶▶ बरेली**



उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। यहां एक मुस्लिम युवक ने एक हिंदू छात्रा का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया और उसके साथ रेप करने के बाद उसे चलती ट्रेन के आगे फेंककर उसकी निर्मम हत्या कर दी। हद तो तब हो गई जब हत्या की सनसनीखेज वारदात के बाद कई घंटे तक दो जिलों की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। फिर जब हिंदू संगठनों ने मामले को लेकर हंगामा किया तब जाकर 12 घंटे बाद ▶▶ शेष पेज 4 पर

1 मुस्लिम युवक ने एक हिंदू छात्रा के साथ बरती बर्बरता

2 रेप के बाद उसे चलती ट्रेन के आगे फेंककर मार डाला

3 मुस्लिम युवक लंबे समय से छात्रा को परेशान कर रहा था

### रचना नगर अंडर ब्रिज के ऊपर मिली लाश

## मीडिया हाउस में काम करने वाली युवती ने ट्रेन से कटकर दी जान



**भोपाल।** एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित रचना नगर अंडर ब्रिज के ऊपर रेलवे ट्रैक पर गुरुवार सुबह एक युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती की लाश बरामद कर पीएम ▶▶ शेष पेज 4 पर

### रेलवे ट्रैक के पास मिली एक्टिवा

*पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी किसी युवती की लाश रचना नगर अंडर ब्रिज के ऊपर रेलवे ट्रैक पर पड़ी है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर एक एक्टिवा खड़ी नजर आई। पुलिस को रेलवे ट्रैक के किनारे मृतका का बैग भी मिला था। बैग में मिले दस्तावेज के आधार पर पुलिस ने गायत्री की पहचान कर परिजन को सूचना दी थी। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से प्राथमिक पूछताछ में भी आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है।*

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह से हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

## भाजपा दबाव बनाकर लड़ती है चुनाव, फिर भी कांग्रेस 70 से 80 सीटें लाएगी, हमारी पार्टी ने बहुत मेहनत की है

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह का कहना है कि राम मंदिर बन रहा था, हमको जाना था। राम मंदिर का ताला तो तत्कालीन पीएम राजीव गांधी ने खुलवाया था। तो कांग्रेस को इसमें आपत्ति नहीं करनी थी। इसे आगे जाकर सुधारेंगे। भाजपा दबाव बनाकर चुनाव लड़ती है, फिर भी कांग्रेस 70 से 80 सीटें लाएगी, हमारी पार्टी ने बहुत मेहनत की है।

लक्ष्मण सिंह ने कहा कि ईवीएम की शिकायत आती है। हर चुनाव में आती है। कुछ मशीनों में ज्यादा वोट डल गए। कम डल गए। हमारी शिकायत पर बदली गईं नई मशीन पर वोटिंग भी हुई। देश में 10 लाख पोलिंग केंद्र हैं। ऐसा तो नहीं होगा कि 10 लाख मशीनें मैनेज होंगीं। लेकिन, कहीं-कहीं ऐसा होता है। कुछ मशीन खराब होती हैं तो ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh न्यूज विशेष




यह भी बोले लक्ष्मण सिंह?

भाजपा को कांग्रेस के लोगों की इतनी जरूरत क्यों पड़ रही है। 400 पार कह रहे हैं और बता रहे हैं कि मजबूत स्थिति में हैं तो फिर कांग्रेसियों की जरूरत क्यों?

कांग्रेस नेतृत्व को भी चाहिए कि वो नए लोगों को आगे आने दें तभी कांग्रेस मजबूत होगी।

- *मध्य प्रदेश में 7 से 8 सीटें आएंगी। हम ज्यादा सीटें जीतते। पर इंदौर में हमारा उम्मीदवार बीच चुनाव भाजपा में चला गया।*

### उनसे सीधी बात

**प्रश्न:** इस चुनाव को किस तरह देख रहे हैं? मोदी की धमाकेदार वापसी, 400 पार, कांग्रेस में हाहाकार या इससे इतर कुछ दिख रहा है?

**उत्तर:** एनडीए 400 पार नहीं होगी। मोदी कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए ऐसी बात कह रहे हैं। जमीनी हालात बहुत अलग हैं। जनता मंहगाई, बेरोजगारी से परेशान है। हमें उम्मीद है कि कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा रहेगा।


**प्रश्न:** कांग्रेस बचाव की मुद्रा में है, पीएम हमलावर हैं, कांग्रेस के घोषणा पत्र से विवाद हो रहा है? ऐसे में किस आधार पर कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा रहेगा?

**उत्तर:** कांग्रेस आक्रामक रही है। रैली में भीड़ है। लोग सुन रहे हैं। हमें आशा है पिछले बार से हमारी सीटें बढ़ेंगी।

**प्रश्न:** कितनी सीटें बढ़ने की उम्मीद है? 2019 में 52 सीटें थीं कितनी सीटों की इस बार उम्मीद कर रहे हैं?

**उत्तर:** हमें आशा है 70-80 सीटें लाएंगे। पहले से अच्छा प्रदर्शन रहेगा। भाजपा बहुत अधिक दबाव बनाकर लड़ती है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बहुत अधिक मेहनत की है। पिछली बार से हमारी सीटें बढ़ेंगी। ▶▶ शेष पेज 4 पर

7 अनाज मंडी प्रांगण में खुले में पड़ा हजारों क्विंटल...

8 अहमदाबाद की प्रसिद्ध गुफा डिजाइनिंग...


# बिना रजिस्ट्रेशन नगर निगम भौंरी में बना रहा फ्लैट, रेरा ने लगाई बिक्री पर रोक

## भारी पड़ी नियमों की अनदेखी
## नगर निगम आयुक्त पर लगाया एक लाख रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रियल स्टेट रेग्युलेटरी एथॉरिटी (रेरा) ने भौंरी में हाउसिंग फॉर ऑल (एचएफए) के तहत बनाए जा रहे फ्लैट्स के साथ ही यहां काटे जा रहे प्लॉट्स की बिक्री पर रोक लगा दी है। साथ ही प्रोजेक्ट का रेरा रजिस्ट्रेशन न कराने पर नगर निगम आयुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इससे पहले रेरा ने बिना रजिस्ट्रेशन नीलबड़, नई बस्ती, दशहरा मैदान में 104 दुकानें बनाने और उन्हें बेचने पर निगम पर एक लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई थी।

बता दें कि नगर निगम के कमर्शियल कम रेसीडेंशियल प्रोजेक्ट का रेरा रजिस्ट्रेशन होने का मामला आरटीआई एक्टीविस्ट नितिन सक्सेना ने उठाया था। उनकी याचिका पर रेरा ने नीलबड़ में बिना रेरा रजिस्ट्रेशन दुकानें बनाकर बेचने के मामले में निगम आयुक्त पर एक लाख का जुर्माना लगाया था। जिसे करीब छह महीने बाद निगम ने जमा कराया था। इसी कड़ी में रेरा ने सक्सेना की एक और याचिका (23-59-0031) पर रेरा ने भौंरी हाउसिंग प्रोजेक्ट में बनाए गए फ्लैट और यहां काटे गए प्लॉट्स की बिक्री पर रोक लगा दी है। साथ ही निगम आयुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी किया है। यह आदेश रेरा अध्यक्ष एपी श्रीवास्तव जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि भौंरी परियोजना की बुकिंग, आवास, भूखंड क्रय-विक्रय, हस्तांतरण, विक्रय-पत्र निष्पादन पर रोक लगाई जाती है साथ ही आयुक्त नगर निगम एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाता है।

**खास बातें**
- आरटीआई एक्टीविस्ट नितिन सक्सेना की याचिका पर एक्शन
- नीलबड़, नई बस्ती, दशहरा मैदान में 104 दुकानें बनाने और उन्हें बेचने पर भी ठोका था जुर्माना


प्रतीकात्मक चित्र

### कुर्की की आई नौबत, तब जमा किया जुर्माना

नीलबड़ स्थित दशहरा मैदान में निगम ने शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया है, जिसमें 104 दुकानें बनाई गई हैं। लेकिन, इस प्रोजेक्ट का निगम ने रेरा में पंजीयन नहीं कराया है। जबकि दुकानों की नीलामी के लिए टेंडर भी जारी कर दिए। इसकी शिकायत आरटीआई एक्टीविस्ट नितिन सक्सेना ने रेरा से की थी। रेरा ने निगम से इस संबंध में जवाब तलब किया और जांच की तो पाया कि बिना रजिस्ट्रेशन निर्माण करने के साथ ही दुकानें बेचने के लिए टेंडर निकाले गए। इसके बाद रेरा ने निगम पर 23 दिसंबर 2022 को एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। लेकिन 6 महीने बाद भी निगम ने जुर्माना राशि जमा नहीं कराई और न ही कोई जवाब ही दिया। ऐसे में रेरा ने जिला प्रशासन को पत्र लिख निगम संपत्ति कुर्क करने को कहा है। कुर्की की नौबत आते ही निगम ने जुर्माना जमा करा दिया था।

### रेरा रजिस्ट्रेशन न होने से लगाई रोक

प्रोजेक्ट का रेरा रजिस्ट्रेशन न होने की वजह से फ्लैट और प्लॉट बेचने पर रोक लगाई गई है। निर्माण पर कोई प्रतिबंध नहीं है। रेरा ने कितना जुर्माना लगाया इसकी जानकारी नहीं है।

**हरेंद्र नारायण,** आयुक्त, नगर निगम

---

## 67% साक्षरता वाले सिकंदराबाद में अधिक और 100% साक्षरता वाले नेहरु नगर में कम मतदान

# गांव के लोग निकले होशियार, डाले 92% वोट, 'शहरी बाबू' 25% मतदान पर ठहरे

वहीद खान ▶▶ भोपाल

अलग खबर

### 2097 मतदान केंद्रों का विश्लेषण

हुजूर विधानसभा के 270 घरों वाले सिकंदराबाद में 68 फीसदी साक्षरता है, बावजूद इसके यहां 92 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया है। इधर, शहरी क्षेत्र के नेहरु नगर स्थित मतदान केंद्र पर 25 फीसदी वोट पड़े हैं। कर्मचारी बाहुल्य क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम के अधिकतर मतदान केंद्रों पर 40 फीसदी से कम मतदान हुआ है। ऐसे में गांव के लोगों ने एक बार फिर वोटिंग में शहरी मतदाताओं को पछाड़ दिया है।

भोपाल लोकसभा सीट में जिले की सात विसे सीटों पर 122 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में 2 हजार 412 अधिक वोट डाले। हालांकि 1951 मतदान केंद्रों पर पुरुषों की संख्या अधिक रही। वहीं कुल मतदान (64.06) में 587 केंद्र ऐसे रहे, जहां केवल 64 लोगों ने भी वोट नहीं डाला।

**द.-पश्चिम और मध्य में सबसे कम मतदान**


प्रतीकात्मक चित्र

### दक्षिण-प. 137 केंद्रों पर 58 फीसदी से कम मतदान

दक्षिण पश्चिम के शहरी निर्वाचन क्षेत्र में 236 मतदान केंद्रों में से 137 पर 58 प्रतिशत से कम मतदान हुआ। सबसे कम मतदान नेहरू नगर के मतदान केंद्र 17 पर हुआ, जहां 1385 में से 1012 मतदाताओं ने वोट नहीं डाला। हालांकि, इनमें से कुछ सरकारी कर्मचारी हो सकते हैं। नेहरू नगर और शिवाजी नगर के अन्य स्थानों पर भी ऐसा ही पैटर्न देखने को मिला, जहां सरकारी आवासीय क्वार्टर अधिक हैं।

### उत्तर में भी नहीं दिखा उत्साह

भोपाल उत्तर में 64 प्रतिशत हुआ है। यहां के शाहजहांनाबाद मतदान केंद्र-70 पर सबसे कम 30 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि, शाहजहांनाबाद के 26 केंद्रों पर औसत 65 फीसदी रहा और करीब 18,111 वोट पड़े। कोहेफिजा में 60 प्रतिशत मतदान हुआ। इधर भाजपा के गढ़ गोविंदपुरा क्षेत्र के 17 केंद्रों पर 75%से ज्यादा मतदान हुआ। निर्वाचन क्षेत्र के 384 केंद्रों में से केवल 18 पर 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ। हुजूर क्षेत्र में 23 मतदान केंद्रों पर 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ।

### नए शहर में 40% से कम मतदान

मध्य निर्वाचन क्षेत्र का मतदान प्रतिशत नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों से कम रहा। शीर्ष 20 मतदान केंद्रों पर औसत मतदान 71 प्रतिशत रहा। जबकि सबसे कम मतदान वाले 20 मतदान केंद्रों पर 40 प्रतिशत मतदान किया गया। जिसमें जहांगीराबाद, ई-6 अरेरा कॉलोनी, गुलमोहर कॉलोनी, त्रिलंगा, प्रियदर्शनी, सेंट जोसफ स्कूल, शिवाजी नगर, न्यू कैंपियन स्कूल, शाहपुरा, एमपी नगर, मैदा मिल मतदान केंद्र शामिल हैं। सबसे कम मतदान बरखेड़ी फिल्ट्रेशन प्लांट पर हुआ, जहां 33 प्रतिशत मतदान हुआ।

### विधानसभावार यह रहे आंकड़े

- बैरसिया के विशनखेड़ी 81.1, चंदापुरा 88.5, मुबारकपुर 87, निपानिया सूखा 86.4, दुपाड़िया 85.8, रोडिया 58.1, गुड़ीपुरा 59.2, बैरसिया में 60.8 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।
- नरेला के विजय नगर चांदबड़ में 85.5, पुराना सुभाष नगर 77.8, देवकी नगर 77.3, सिक्युरिटी लाइन 32.1, गोविंदपुरा 34.1, बड़वई 34.4, करोंदकलां 40.6, ऐशबाग कॉलोनी में 42.8 प्रतिशत मतदान हुआ है।
- उत्तर के काजीकेंप में 83, पुतलीघर 82.7, गीतांजलि कॉलेज 81.6, लखेरापुरा 81.1, शाहजहांनाबाद 30.8, रेलवे कॉलोनी 38.3, ईदगाह हिल्स 46.3, ईदगाह हिल्स 47.1 प्रतिशत मतदान हुआ।
- मध्य के जहांगीराबाद 75.9, न्यू सुभाष नगर 74.4, गिन्नौरी 73.4, छावनी रोड 73.4, बरखेड़ी 72.6 प्रतिशत मतदान रहा। बरखेड़ी फिल्टर प्लांट 33.1, न्यू केंपियन स्कूल 33.8, शिवाजी नगर 35.8, गुलमोहर कॉलोनी 36.8 मतदान हुआ है।
- दक्षिण पश्चिम के बीलखेड़ा 87.7, ग्राम गौरा 78.6, बिसनखेड़ी 76.1, ग्राम बरखेड़ी कलां 74.9, नेहरु नगर 25.5, नेहरु नगर 31.9, नेहरु नगर 35.9, वल्लभ भवन 38.1, तुलसी नगर में 38.2% मतदान हुआ।
- गोविंदपुरा में होशंगाबाद रोड 38.2, साकेत नगर 39.4, करारिया 41.4, कल्पना नगर 43 प्रतिशत, कोच फेक्टरी 79.65, भानपुर 77.94, बाग मुगालिया 77.94% मतदान हुआ है।
- हुजूर के सिकंदराबाद 92.8, देवलखेड़ी 91.5, जहांगीरिया खुर्द 87.9, लखापुर 87.4 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि बैरागढ़ 33.4, बैरागढ़कलां 33.5, अकबरपुर 43.7 प्रतिशत मतदान हुआ।

**इधर, हाईकोर्ट ने कहा-**

## मतदान व्यक्ति का निजी अधिकार, किसी को बाध्य नहीं किया जा सकता

भोपाल/ जबलपुर। हाई कोर्ट ने मतदान अनिवार्य किए जाने की मांग संबंधी जनहित याचिका निरस्त कर दी। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने अपने आदेश में साफ किया कि मतदान करना है या नहीं, यह नागरिकों की स्वतंत्रता का विषय है। इसके अलावा जनहित याचिकाकर्ता ने अपने अभ्यावेदन का जवाब आने की प्रतीक्षा किए बिना जल्दबाजी में हाई कोर्ट आने की गलती की है। लिहाजा, अपरिपक्व पाते हुए जनहित याचिका निरस्त की जाती है। हालांकि जनहित याचिकाकर्ता अभ्यावेदन के जरिये अपनी मांग बुलंद कर सकता है। जनहित याचिकाकर्ता जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रो. डॉ. मुमताज अहमद खान की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा, अंजना श्रीवास्तव व अभिमन्यु सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने जनहित यचिका में भारत के निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, भोपाल व जिला निर्वाचन अधिकारी, जबलपुर को पक्षकार बनाया है। उनकी दलील थी कि प्रत्येक नागरिक, जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक है, वह मतदान का अधिकारी है। राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय व स्थानीय चुनावों में मतदान अनिवार्य किया जाना चाहिए। क्योंकि केंद्रीय, राज्य, जिला व स्थानीय निकायों में कार्यरत कर्मियों को मतदान के दिन वैतनिक अवकाश दिया जाता है। इसका आशय यह है कि उस दिन बिना कार्य के वेतन मिलता है। इसके बावजूद यदि वे मतदान प्रक्रिया में सहभागी नहीं होते तो नियोक्ता द्वारा वैतनिक अवकाश दिए जाने के आधार पर दांडिक कार्रवाई होनी चाहिए। सवाल उठता है कि जब मतदान के दिन बिना कार्य के करोड़ों रुपये वेतन दिया जाता है, तो फिर मतदान अनिवार्यतः करने की व्यवस्था क्यों नहीं दी जा सकती।

- **हाई कोर्ट ने अभ्यावेदन प्रस्तुत करने किया स्वतंत्र**

---

**सुबह 8.30 बजे से निकाली जाएंगी ईवीएम**

# डाक मतपत्रों की गिनती 8 बजे से, इलेक्ट्रॉनिक वोट भी जुड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल लोकसभा सीट पर चुनाव के बाद कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव, भाजपा के आलोक शर्मा सहित 22 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है, जिसके बाद इन मशीनों को पुरानी जेल में रखा गया है। अब 4 जून को सुबह आठ बजे से मतपत्रों की गिनती शुरू की जाएगी। इसके बाद सुबह 8.30 बजे ईवीएम काउंटिंग होगी। सीहोर विस के 1783 मतपत्र भी यहीं आ गए हैं, जिनकी गिनती यही की जाएगी, जबकि ईवीएम की काउंटिंग सीहोर मुख्यालय पर ही होगी।

मतगणना शुरू होने के एक मिनट पहले तक पोस्टल बैलेट स्वीकार किए जाएंगे। सुबह 8 बजे से डाक मतपत्रों से मतगणना का काम शुरू होगा। इसके बाद ईवीएम खोली जाएंगी। ईवीएम के वोटों की गिनती विधानसभावार की जाएगी, जिसमें बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर शामिल हैं।



### एक विधानसभा की पांच वीवीपैट की होगी गिनती

इस बार काउंटिंग के बाद एक विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केन्द्र का चुनाव रेंडम आधार किया जाएगा। जिसके बाद इन मतदान केंद्र की ईवीएम के कंट्रोल यूनिट के वोटों का मिलान वीवीपेट मशीनों की पर्चियों से किया जाएगा। यह गिनती मतगणना एजेंटों के सामने कराई जाएगी। मतदान केन्द्र के चयन के लिए एक गुणा एक इंच आकार के सफेद कागज पर मतदान केन्द्रों के नंबर लिखकर कंटेनर में डाले जाएंगे और पर्ची निकालकर, केंद्रों का रेंडम चयन होगा। यह कार्य ईवीएम से गणना के अंतिम राउंड के बाद किया जाएगा।

**शासकीय आदेश के उल्लंघन का मामला**

# ईवीएम का फोटो वायरल मतदाता पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स में ईवीएम मशीन का फोटो वायरल होने पर मतदाता के खिलाफ शासकीय आदेश का उल्लंघन करने और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मतदाता ने वोट डालते समय फोटो एक्सपोज की थी। उक्त फोटो दोसत को भेजी और सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हो गई।

पुलिस के अनुसार 7 मई को भोपाल लोकसभा चुनाव के लिए कटारा हिल्स स्थित रेहान इंटरनेशनल स्कूल में मतदान कराया जा रहा था। यहां मतदान केंद्र क्रमांक 283 पर एक मतदाता सुनील कुमार शर्मा पहुंचा। उसने वोट डालते समय मोबाइल से ईवीएम का फोटो खींच लिया। इस दौरान मतदान करा रहे किसी भी अधिकारी और कर्मचारी की नजर उस पर नहीं पड़ी।

### पहले वाट्सएप और फिर फेसबुक पर हुई पोस्ट

मतदान करने के बाद सुनील ने उक्त फोटो गोविंदपुरा में रहने वाले अपने दोस्त को वाट्सएप पर भेजी। दोस्त ने वह फोटो अपनी पत्नी को भेज दी। पत्नी ने वोट डालने वाली अपनी अंगुली के साथ ईवीएम की फोटो लगाकर अपने फेसबुक पर अपलोड कर दी। लोगों ने सोशल मीडिया पर यह फोटो देखकर पुलिस को शिकायत कर दी। गोविंदपुरा पुलिस ने फोटो अपलोड करने वाली महिला से पूछताछ की तो पता चला कि यह फोटो लहारपुर में रहने वाले उसके पति के दोस्त ने खींचा था। इस पर गोविंदपुरा पुलिस ने शून्य पर केस दर्ज कर डायरी कटारा हिल्स भेजी, जहां पुलिस ने सुनील कुमार शर्मा के खिलाफ कायमी कर ली। दरअसल मतदान के दौरान अधिकारी-कर्मचारी और पुलिस कतार में लगे मतदाताओं को मोबाइल बाहर रखने की हिदायत देते रहे थे, बावजूद इसके सुनील ने फोटो खींचकर उसे वायरल कर दी।

---

**सड़क हादसे में हुए थे घायल, लिगामेंट का होना था ऑपरेशन**

# बेटी का आरोप: एनेस्थीसिया का डोज ज्यादा देने से पिता की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार स्थित सांईनाथ कॉलोनी में रहने वाले एक बुजुर्ग की सड़क हादसे के बाद निजी अस्पताल में उपचार के दौरान संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की बेटी का आरोप है कि एक्सीडेंट के कारण पिता को मामूली चोट थीं, जिसका कोलार के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। वहां पिता को लिगामेंट के ऑपरेशन के लिए भर्ती कर लिया गया।

उन्हें ऑपरेशन से पहले एनेस्थीसिया दिया गया। इसके बाद पिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। हमें बताया गया कि ऑपरेशन थिएटर में उन्हें हार्ट अटैक आया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने कहा है कि पीएम रिपोर्ट में मौत के सही कारणों का खुलासा होगा। जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### कार चालक ने मारी थी टक्कर

जानकारी के मुताबिक 65 वर्षीय प्रकाशचंद्र तिवारी सांईनाथ कॉलोनी में रहते थे। वह वेटनरी डिपार्टमेंट से रिटायर्ड थे। एक मई को मंदाकिनी चौराहा पर उन्हें एक कार चालक ने टक्कर मार दी थी। चालक ने ही उन्हें कोलार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। मृतक की बेटी प्रिया तिवारी ने बताया कि घटना के बाद उनके पिता को कोई खास तकलीफ नहीं थी। लिहाजा उन्हें अस्पताल से घर ले गए थे। इसके बाद भी सात दिन तक अस्पताल से लगातार कॉल आते रहे कि पिता के पांव में गंभीर चोट है। ऑपरेशन नहीं कराया तो अनहोनी हो सकती है। पिता को दोबारा अस्पताल में आठ मई को भर्ती कराया। जहां उन्हें बताया गया कि पांव के लिगामेंट टूट गए हैं, इसे ऑपरेट करना होगा। बुधवार को पिता को ऑपरेशन के नाम पर ओटी में ले जाया गया। जहां कुछ ही देर बाद बताया गया कि पिता को हार्ट अटैक आया है। इसके कुछ ही देर बाद पिता को मृत घोषित कर दिया गया। ऑपरेशन के पहले पिता को एनेस्थीसिया दिया गया था।

### डॉक्टर नहीं दे रहे रिपोर्ट्स

परिजनों ने आरोप लगाया है कि डॉक्टर्स के द्वारा हमें रिपोर्ट्स तक नहीं दी गई है। ईसीजी की रिपोर्ट है, लेकिन वो भी पुलिस के पास है। ईको की रिपोर्ट्स अब तक हमें नहीं मिली है। हमें ये तक नहीं बताया गया कि एनेस्थीसिया किसने दिया।

### पीएम रिपोर्ट से होगा खुलासा

मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के सही कारणों का खुलासा हो जाएगा, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

**आशुतोष उपाध्याय,** थाना प्रभारी, कोलार

---

**राहगीर की सूचना पर नगर निगम अमले ने की दंडात्मक कार्रवाई**

# ग्रीन बेल्ट एरिया में फेंक रहे थे मेडिकल वेस्ट, 2 हजार रुपए का ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम द्वारा इन दिनों स्वच्छता को लेकर चलाई जा रही मुहिम के चलते गंदगी करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी है। गुरुवार को जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत आनेवाले कलियासोत डेम एरिया में मेडिकल वेस्ट फेंकने वाले एक मैजिक संचालक पर 2 हजार का जुर्माना लगाया गया।



### पहले से मिल रही थी शिकायत

एएचओ 8 रवींद्र यादव ने बताया कि इससे पहले भी मैजिक संचालक द्वारा कलियासोत डेम के आसपास मेडिकल वेस्ट फेंकने की जानकारी आई थी लेकिन कभी पकड़ा नहीं गया। इस बीच गुरुवार को जब मेडिकल वेस्ट खाली किया जा रहा था तो राहगीर की सूचना पर कार्रवाई कर दो हजार का जुर्माना वसूला गया।

# आज से 27 मई तक मालवा एक्सप्रेस रहेगी निरस्त

**भोपाल।** डॉ.अम्बेडकर नगर खंड के रौली- डॉ.अम्बेडकर नगर स्टेशन यार्ड के मध्य लाइन दोहरीकरण कार्य के तहत भोपाल मंडल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों को आंशिक निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इसमें भोपाल से गुजरने वाली मालवा एक्सप्रेस भी शामिल है। यह ट्रेनें इंदौर स्टेशन पर ओरिजीनेट होगी तथा इंदौर-डॉ.अम्बेडकर-इंदौर नगर के मध्य निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 12920 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा- डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 10 से 26 मई तक, 12919 डॉ.अम्बेडकर नगर-श्री माता वैष्णोदेवी कटरा मालवा सुपरफास्ट,11 से 27 मई तक, 19324 भोपाल-डॉ. अंबेडकर नगर11 से 27 मई तक, 19323 डॉ. अम्बेडकर नगर- भोपाल 11 से 27 मई, 19306 कामाख्या-डॉ. अम्बेडकर नगर 12 से 19 मई को तथा 19305 डॉ. अम्बेडकर नगर- कामाख्या 16 व 23 मई को, 19302 यशवंतपुर-डॉ. अम्बेडकर नगर 14 व 21 मई को तथा 19301 डॉ. अम्बेडकर नगर-यशवंतपुर एक्सप्रेस 12,19 व 26 मई को, 12924 नागपुर-डॉ. अम्बेडकर नगर 15 व 22 मई को, 12923 डॉ. अम्बेडकर नगर-नागपुर एक्सप्रेस 14 व 21 मई को निरस्त रहेगी।

---

**बाघिन के दोनों शावक रेस्क्यू कर वन विहार लाए गए**

**9 दिन से वन विभाग की टीम कर रही थी निगरानी**

# चार दिन तक 15 कैमरों से की निगरानी, बोमा ट्रैप बनाकर रखा मांस और जाल डालकर पकड़ लिया

ऋषभ जैन ▶▶ औबेदुल्लागंज

वन मंडल औबेदुल्लागंज के रातापानी अभ्यारण के दाहोद रेंज की झिरी बीट पर वन विभाग को गुरुवार को बड़ी सफलता तब मिली जब बीती रात 2 से 3 बजे के बीच टीम ने बीती 2 मई को मृत बाघिन और एक शावक की मौत के बाद बचे दो शावकों को बरामद कर लिया और पिंजरे में कैद कर वन विहार भोपाल भेज दिया। टीम को इन शावकों को बरामद करने में पूरे 9 दिन लग गए और यहां तक कि चार दिन तक डीएफओ डीएफओ हेमंत रैकवार और अधीक्षक रातापानी सुनील भारद्वाज, रेंजर कार्तिकेय शुक्ला ने समेत पूरे अमले ने जंगल में ही डेरा डाले रखा और वहीं भोजन तक किया।



*2 मई को बाघिन और एक शावक के मृत होने की सूचना मिलने के बाद चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन*

### पूरे 9 दिन रखी कैमरों से नजर

विगत 9 दिनों से डीएफओ हेमंत रैकवार और अधीक्षक रातापानी सुनील भारद्वाज शावकों की जान बचाने पिंजरे और कैमरे लगाए। रेंजर कार्तिकेय शुक्ला के साथ सचिन शर्मा, शशि प्रकाश कोली, मोहन सिंह व्यालसा के साथ नाकेदार, चौकीदारों ने भी सर्च किया। इसके बाद शावक का मूवमेंट मिला।

### ऐसे पकड़ा दोनों शावकों को

शावकों को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने एक बोमा ट्रैप बनाया गया। शावक को शिकार के लिए मांस और पानी रखा गया। साथ ही उसकी निगरानी के लिए कैमरे भी लगाए गए थे। जब शावक मांस की सुगंध से यहां आए तो वन कर्मचारियों ने शावकों पर जाल डाल दिया दिया और उसे पकड़ लिया। इसके बाद उन दोनों शावकों को पिंजरे में सकुशल बंद कर भोपाल वन विहार भेज दिया गया।

भोपाल
शुक्रवार, 10 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-2/3
वर्ष : 11, अंक : 46
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यून. 26


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 पंजाब भी प्लेऑफ से बाहर, बेंगलोर...

विचार पेज
06 राष्ट्र प्रथम हो मतदान का आधार

# आक्रामक बल्लेबाज शशांक बोले-आईपीएल एक पड़ाव, मुकाम अभी बाकी

## छत्तीसगढ़ के क्रिकेटर शशांक सिंह से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का विशेष संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आईपीएल में पंजाब किंग्स की ओर से छत्तीसगढ़ के रणजी खिलाड़ी शशांक सिंह इस बार एक फिनिशर के रूप में उभरकर सामने आए हैं, जिसकी चर्चा देशभर में है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने क्रिकेट में नई पहचान दिलाई है। हरिभूमि, आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ विशेष बातचीत में इस आलराउंडर ने अपने कॅरियर को लेकर खुलकर बात की और क्रिकेट को लेकर अपना संघर्ष साझा किया। पेश हैं उनसे बातचीत के प्रमुख अंश-

inh न्यूज विशेष

■ *क्रिकेट लंबे समय से खेल रहे हैं, लेकिन पिछले एक महीने से आप सुर्खियों में बने हुए हैं इसे लेकर क्या कहते हैं आप?*

■ मुझे जो भी मिला है क्रिकेट से मिला है। लंबे समय से क्रिकेट खेलने का ही नतीजा है, जो आज सुर्खियों में हूं। यह सब मेहनत का फल है। मुझे अच्छा लगता है कि छत्तीसगढ़ से आईपीएल खेल रहा हूं।




**सवाल:** पिता दबंग पुलिस अफसर हैं, फिर आप पुलिस का आकर्षण को छोड़कर बल्ले के खेल में कहां पड़ गए?

**जवाब:** पापा जब 1996 में मध्यप्रदेश में एसपी थे, उस दौरान वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में इंडिया को हार मिली थी, तब से पापा का सपना था कि मैं क्रिकेट खेलूं। जब मैंने खेलना शुरू किया तब पापा भी मेरे लिए बॉल फेंका करते थे। मुंबई जाने के बाद मुझे लगा कि क्रिकेट को प्रोफेशनली लेना चाहिए। मुंबई जाकर पता चला कि मुझे कितनी मेहनत करनी है। मुंबई में मेरा और पापा का सपना पूरा हुआ।

**सवाल:** इस बात में कोई सच्चाई है कि पापा ने मुंबई अपना ट्रांसफर इसलिए लिया क्योंकि वे अपने बेटे के कॅरियर को चमकाने चाहते थे? इसलिए उन्होंने अपने कॅरियर से कॉम्प्रोमाइज किया?

**जवाब:** यह बिल्कुल सच बात है। जिस समय मैंने क्रिकेट शुरू किया था उस समय एमपी में क्रिकेट डेवलप नहीं हुआ था। मुंबई ट्रांसफर लेना पापा के लिए भी मुश्किल था क्योंकि एमपी में स्टेबल थे। अच्छी जगह क्रिकेट खेलूं इसलिए पापा ने अपना ट्रांसफर मुंबई मेरे लिए लिया था। बहुत कम लोग होते हैं, जिनकी फैमली इतना सपोर्ट करती है। मुझे यह मिला है। पापा ने मेरे टैलेंट को बेहतर किया है।

**सवाल:** पिता चाहते थे इसलिए क्रिकेटर बने या फिर ....

**जवाब:** मुंबई में सूर्य कुमार यादव और मैं एक ही क्लब में थे। बचपन से सचिन सर को क्रिकेट खेलते हुए देखा है। अंडर 19 मैच के दौरान सचिन सर से भी मुलाकात हुई थी। उन्होंने अपने सपनों के बारे में हमें बताया था, जब मुलाकात हुई तो क्रिकेट को ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### शिवकाशी पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 8 की मौत



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के शिवकाशी में बड़ा दर्दनाक हादसा हो गया। यहां गुरुवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इसमें दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। इस पटाखा फैक्ट्री में 50 से ज्यादा कमरों में 200 से ज्यादा लोग काम कर रहे हैं। घर्षण के कारण भयानक विस्फोट हो गया। एक कमरे में हुआ विस्फोट बगल के कमरों तक फैल गया। इसमें इमारतें ढह गईं और सात कमरे जमींदोज हो गए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस दुखद दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। दरअसल, शिवकाशी भारत की आतिशबाजी राजधानी है। इसका वार्षिक कारोबार 6,000 करोड़ रुपए है।

### चिकन शवारमा खाने से 19 साल के युवक की मौत



**मुंबई।** मुंबई के प्रथमेश भोकसे नामक युवक ने 3 मई को ट्रॉम्बे इलाके में आरोपी के स्टॉल से खाने के लिए चिकन शवारमा खरीदा था। 4 मई को प्रथमेश भोकसे को पेट में तेज दर्द और उल्टी हुई और वह इलाज के लिए पास के एक नगर निगम अस्पताल गया। इलाज के बाद घर लौटने पर फिर से उनकी तबीयत खराब होने लगी, जिसके बाद 5 मई को सरकारी केईएम अस्पताल ले गए। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पर अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 336 और 273 के तहत प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने बाद में दो खाद्य विक्रेताओं आनंद कांबले और अहमद शेख को गिरफ्तार कर लिया।

### सीएम डॉ. यादव ने कहा- खतरे में संविधान नहीं, कांग्रेस के नेता हैं

# राहुल को आता है झूठ का भैरू इसलिए, बोलते हैं बार-बार 'झूठ'



सीएम ने कहा कि अब तो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी आदिवासियों की इज्जत को ही उछाल रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी आदिवासियों की इज्जत, उनकी पगड़ी को अपने सर पर रखते हैं।

**मुख्यमंत्री ने खंडवा, खरगोन लोकसभा क्षेत्रों में आयोजित जनसभाओं को किया संबोधित**

*सीएम ने कहा कि पूरे निमाड़ में आज पानी के आधार पर सबका जीवन बदल रहा है, जो क्षेत्र बचे हैं चिंता मत करना बाकी जगह भी पानी आएगा, पीने का भी आएगा और खेतों में भी पानी आएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी लगातार एक लाल किताब लेकर चल रहे हैं और कहते फिर रहे हैं कि देश का संविधान खतरे में है।

यदि मोदी फिर आ गए तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा। खतरे में देश का संविधान नहीं, बल्कि पूरी कांग्रेस पार्टी और इनके घमंडिया गठबंधन के नेता हैं। इनको डर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इनको छोड़ेंगे नहीं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा। बेईमानों को तो जेल में जाना पड़ता है। राहुल गांधी को झूठ का भैरू आता है, इसलिए बार-बार झूठ बोलते हैं। ▶▶ शेष पेज 4 पर



### निमाड़ का पेरिस है बड़वानी जिला

*यादव ने कहा कि बड़वानी को निमाड़ का पेरिस कहा जाता है। यहां पर गर्मी में भी रात को सोते समय गोदड़ा ओड़ना पड़ता है। यहां की अंमाड़ी की भाजी और दाल-बाटी, इसके तो क्या कहने, आनंद आ जाता है। आज जल्दी में हूं अगली बार खाकर ही जाऊंगा। ये चुनाव कांग्रेस और भाजपा के बीच में है और इस बार कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाने का समय आ गया है, इसलिए इस बार कांग्रेस पार्टी का पूरी तरह से सफाया करना है। यादव ने खरगोन के हेलापड़ावा, भीकनगांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे निमाड में आज पानी के आधार पर सबका जीवन बदल रहा है, जो क्षेत्र बचे हैं चिंता मत करना बाकी जगह भी* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस को भगवान का जयकारा सहन नहीं होता

यादव ने कहा कि कांग्रेस और उनके गुरु झूठ बोल-बोल कर पगला रहे हैं। इनकी हालत ऐसी है, जैसे किसी को झूठ का भैरू आ गया है। यदि हम किसी भगवान का नाम लेते हैं, उनका जयकारा लगाते हैं तो कांग्रेस को भगवान का जयकारा सहन नहीं होता है। उनकी छाती पर सांप लोट जाते हैं। हम तो हमारे देवी-देवताओं को पूजने वाली परंपरा के लोग हैं। हमारे यहां तो भगवान का नाम सीताराम, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### राहुल गांधी आज तक माफी नहीं मांग पाए

*यादव ने कहा कि राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री थे, तब कहते थे कि वे एक रुपए भेजते हैं, लेकिन नीचे तक 15 पैसे ही पहुंचता है। बाकी का 85 पैसा कहां जाता है, आज तक इसका हिसाब नहीं दिया। राहुल गांधी भी आज तक इस भ्रष्टाचार के लिए माफी नहीं मांग पाए। भाजपा की सरकार में पूरा काम ईमानदारी से होता है। किसानों के खातों में उनकी पूरी राशि पहुंचती है, एक भी रुपए कम नहीं होता* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *मां गंगा की डोली गुरुवार को अपने शीतकाल प्रवास पर मुखबा गांव से गंगोत्री धाम के लिए रवाना*



## आज अक्षय तृतीया पर गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर 12:25 बजे खुलेंगे 'चार धाम' यात्रा हो जाएगी शुरू



चारधाम यात्रा के लिए बुधवार तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके

मुखबा गांव मां गंगा का शीतकालीन प्रवास और मायका कहलाता है

एजेंसी ▶▶ देहरादून

मां गंगा की डोली गुरुवार को अपने शीतकाल प्रवास पर मुखबा गांव से गंगोत्री धाम के लिए रवाना हो गई। 10 मई को अक्षय तृतीया पर गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर 12:25 बजे खुलेंगे।

गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहित पंडित राजेश सेमवाल ने बताया कि मां गंगा की डोली अपने मायके मुखबा से दोपहर 12:15 बजे रवाना हुई। जैसे ही मां गंगा अपने मंदिर से बाहर आई हर तरफ जय मां गंगे और भगवती गंगे के जयकारे से पूरा परिसर गूंज उठा। आर्मी बैंड की धुन के बीच डोली को पुरोहितों ने बाहर निकाला इसके बाद डोली सैकड़ों भक्तों के साथ अपने गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई।

गंगोत्री धाम में ही अब मां गंगा अगले 6 माह दर्शन देंगी। मुखबा गांव मां गंगा का शीतकालीन प्रवास और मायका कहलाता है। यहां के निवासी मां गंगा के तीर्थ पुरोहित सेमवाल बंधु मां गंगा को बेटी की तरह विदा करते हैं। ये क्षण काफी भावुक भी रहता है। कई भक्तों की आंखों में आंसू नजर आ जाते हैं। पंडित राजेश सेमवाल ने बताया कि शाम 5 बजे मां गंगा भैरवघाटी पहुंची। जहां रात्रि विश्राम होगा। इसके बाद 10 मई की सुबह 6 बजे भैरवघाटी से यात्रा चलेगी। इसके बाद 8:30 गंगोत्री धाम पहुंच जाएगी। इसके बाद पूजा अर्चना के साथ 12:25 बजे कपाट खुल जाएंगे। इसके साथ ही यात्रा शुरू हो जाएगी।

### केदारनाथ व यमुनोत्री धाम के भी आज ही खुलेंगे कपाट

आज सबसे पहले सुबह साढ़े 6 बजे केदारनाथ के कपाट खुलेंगे। इसके बाद यमुनोत्री धाम के कपाट सुबह साढ़े 10 बजे खुलेंगे। बद्रीनाथ के कपाट 12 मई को सुबह 6 बजे खुलेंगे। 10 मई से चार धाम यात्रा का श्री गणेश होने जा रहा है। चारधाम यात्रा के लिए बुधवार तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। सबसे अधिक केदारनाथ के लिए 7,60,254 पंजीकरण, यमुनोत्री धाम के लिए तीन लाख 44 हजार 150, गंगोत्री धाम के लिए तीन लाख 91 हजार 812, बदरीनाथ धाम के लिए छह लाख 58 हजार 486 और हेमकुंड साहिब के लिए 45 हजार 959 पंजीकरण हो चुके हैं।

### हड़ताल और बर्खास्तगी पत्र वापस लेने पर सहमति बनी

# एयर इंडिया के पायलटों की हड़ताल खत्म, अब तक 170 उड़ानें की रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग ने हड़ताल वापस लेने और काम पर लौटने का निर्णय किया है। एयरलाइन प्रबंधन के चालक दल के सदस्यों के मुद्दों पर गौर करने के आश्वासन के बाद यह कदम उठाया गया है। वहीं एयरलाइन ने चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस लेने पर सहमति जताई है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने मंगलवार रात से 170 उड़ानों को रद्द किया है। एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल ▶▶ शेष पेज 4 पर



### लोगों में आक्रोश देखने को मिला

केरल के अलग-अलग एयरपोर्ट से दूसरे देशों की यात्रा करने के इच्छुक लोग एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट्स के गुरुवार को लगातार दूसरे दिन कैंसिल होने के कारण बेहद आक्रोश में देखा गया। तिरुवनंतपुरम, कोच्चि और कन्नूर हवाई अड्डों पर यात्रियों को उस समय निराशा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दलाल स्ट्रीट पर 'त्राहिमाम'

सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा टूटकर बंद हुआ

# पांच घंटे में ही डूब गए 7.60 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शेयर मार्केट के लिए गुरुवार का दिन काफी बुरा साबित हुआ। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा टूट गया। वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी भी लगभग 350 अंक टूट गया। शेयरों में गिरावट के पीछे बढ़ते उतार-चढ़ाव और विदेशी निवेशकों के बिकवाली के दबाव को वजह माना जा रहा है।

सेंसेक्स 1062 अंक टूटकर 72,404 पर आ गया। वहीं, निफ्टी 335 अंक टूटकर 21967 के स्तर पर बंद हुआ। इस गिरावट के कारण 5 घंटे के अंदर निवेशकों के 7.60 लाख करोड़ रुपए डूब गए। सेंसेक्स पर जिन 5 शेयरों ने सबसे ज्यादा नुकसान ▶▶ शेष पेज 4 पर



### क्यों गिरा बाजार?

- एफपीआई लगातार भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे हैं
- चुनाव परिणाम को लेकर निवेशकों की चिंता दिख रही है

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने खींची 'लाइन'

# महिलाओं को स्वीटी और बेबी कहना हमेशा ही यौन टिप्पणी नहीं हो सकती

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

एक फैसले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने साफ किया है कि महिलाओं को 'स्वीटी' या 'बेबी' बोलना हमेशा गलत नहीं होता है।

कोर्ट ने कहा कि कुछ सामाजिक क्षेत्रों में महिलाओं के लिए ये नाम प्रचलित हैं और इन शब्दों के उपयोग हमेशा किसी के सेक्सुअल सेंटीमेंट को उजागर नहीं करता है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट की मानें तो कलकत्ता हाई कोर्ट ने इसी फैसले में यह भी चेतावनी दी कि



यदि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों का दुरुपयोग किया जाता है, तो यह महिलाओं के लिए और अधिक बाधाएं पैदा कर सकता है। न्यायमूर्ति सब्यसाची ▶▶ शेष पेज 4 पर

### महिला ने लगाया था यह आरोप

इस मामले में एक महिला का आरोप है कि कार्यस्थल पर उसके वरिष्ठ अधिकारी द्वारा स्वीटी और बेबी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। तटरक्षक बल के रूप में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया था कि उसके वरिष्ठ ने कई तरीकों से उसका यौन उत्पीड़न किया था। अपनी दलील में शिकायतकर्ता ने तर्क दिया कि वरिष्ठ अधिकारी के बयानों में इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल यौन संकेत थे।

### वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर ने लिया एक्शन

एसडीएम ने तीन घंटे में जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंप दी

# जिपं सदस्य ने नाबालिग बेटे से डलवाया वोट, एफआईआर, पोलिंग टीम हुई सस्पेंड

विनय मेहर पर बैरसिया थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल लोकसभा सीट के लिए 7 मई को हुए मतदान के दौरान जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर के नाबालिग बेटे से वोट डलवाने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।

बूथ के पीठासीन अधिकारी संदीप सैनी, उनके सहायक सीआर बाथम, मनोज कुमार मौर्य आर मदन गोपाल पटेल को निलंबित कर दिया गया है। बूथ पर तैनात प्रधान आरक्षक संतोष को लाइन अटैच किया गया है। दरअसल, मेहर ने खुद ही फेसबुक पर वीडियो ▶▶ शेष पेज 4 पर



### पीयूष बबेले ने पूछा था कोई कार्रवाई होगी?

कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने एक्स पर इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा भाजपा ने चुनाव आयोग को बच्चों का खिलवाड़ बना दिया है। भाजपा के जिला पंचायत सदस्य ने नाबालिग बेटे से वोट डलवाया। वोट डालते वक्त वीडियो भी बनाया और फेसबुक पर पोस्ट भी किया। कोई कार्रवाई होगी।

### बेटे के साथ मतदान केंद्र पहुंचे मसूद

मध्य विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद मतदान के दिन नाबालिग बेटे के साथ पोलिंग बूथ पर पहुंचे थे। जिसकी शिकायत गुरुवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से की गई है। शिकायत के साथ विधायक के साथ मतदान केंद्र के बाहर का वीडियो भी पेश किया गया है। वीडियो 7 मई को भोपाल लोकसभा सीट के लिए हुए मतदान के दिन का है। इस मामले की जांच बैरागढ़ एसडीएम विनोद सोनकिया को सौंपी है।





# भाजपा को रतलाम शहर में बड़ी बढ़त कांग्रेस को झाबुआ से भरपाई की उम्मीद

## कांतिलाल-अनीता के बीच बराबरी का मुकाबला



### बनते-बिगड़ते समीकरण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा-कांग्रेस के बीच जैसा कांटे का मुकाबला पहले चरण की मंडला, छिंदवाड़ा, दूसरे चरण की सतना और तीसरे चरण की मुरैना, राजगढ़ सीट में देखने को मिला, लगभग वैसी ही स्थिति चौथे चरण वाले रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र की है। यहां भाजपा की अनीता नागर सिंह चौहान का मुकाबला कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया से है। संभवतः यह एकमात्र ऐसी सीट है जहां भाजपा को टिकट वितरण का अपना फार्मूला तोड़ना पड़ा। पार्टी नेतृत्व ने परिवारवाद के मुद्दे को ताक पर रखकर रतलाम-झाबुआ से प्रदेश सरकार के मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता सिंह को मैदान में उतार रखा है।





### आदिवासी वर्ग के लिए सीट आरक्षित

आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित इस सीट में 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से कहीं भाजपा मजबूत है तो कहीं कांग्रेस। भाजपा को रतलाम शहर से सबसे बड़ी लीड की उम्मीद है तो कांग्रेस को भरोसा है कि अकेले झाबुआ विधानसभा सीट से वह इस अंतर की भरपाई कर लेगी। कांतिलाल यहां से कई चुनाव जीत चुके हैं, जबकि भाजपा की अनीता पहला लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने यहां से अपने सांसद जीएस डामोर का टिकट काट दिया है। डामोर ने पिछली बार कांतिलाल भूरिया को ही 90 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया था। डामोर टिकट काटे जाने से नाराज भी हैं। इस सीट को लेकर भाजपा की चिंता का पता चलता है।

### रतलाम-झाबुआ में कभी कांग्रेस जीती, कभी भाजपा

रतलाम लोकसभा सीट का राजनीतिक मिजाज मिला-जुला रहा है। जब सीट का नाम झाबुआ था, तब कांग्रेस जीत दर्ज करती रही और परिसीमन के बाद जब सीट का नाम रतलाम हो गया तो कभी भाजपा जीती तो कभी कांग्रेस। झाबुआ में पहले कांग्रेस के दिलीप सिंह भूरिया जीतते थे, लेकिन परिसीमन के बाद जब सीट का नाम रतलाम हो गया, तब वे भाजपा में चले गए। इसके बाद 2009 के पहले चुनाव में कांतिलाल ने दिलीप सिंह को हरा दिया। 2014 में दिलीप ने कांतिलाल को हरा कर उसका बदला ले लिया। दिलीप सिंह के निधन के बाद 2015 के उप चुनाव में भाजपा ने उनकी बेटी निर्मला भूरिया को टिकट दिया, लेकिन कांतिलाल ने उन्हें हरा दिया। सीट का भौगोलिक एरिया तीन जिलों तक फैला है। ये जिले झाबुआ, रतलाम और अलीराजपुर हैं। लोकसभा क्षेत्र में झाबुआ जिले की तीन विधानसभा सीटें झाबुआ, थांदला, जोबट और रतलाम जिले की भी तीन रतलाम ग्रामीण, रतलाम शहर और सैलाना आती हैं। अलीराजपुर की दो विधानसभा सीटें जोबट और अलीराजपुर भी इसी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं। इनमें से झाबुआ जिले की 2 और अलीराजपुर की एक सीट कांग्रेस के पास हैं जबकि रतलाम जिले की 2 और झाबुआ-अलीराजपुर की एक-एक सीट पर भाजपा का कब्जा है।

### विक्रांत ने संभाली पिता के चुनाव की कमान

रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली विधानसभा सीटों में कहीं भाजपा मजबूत दिखाई पड़ती है तो कहीं कांग्रेस। रतलाम शहर में भाजपा को विधानसभा में बड़ी लीड मिली थी, लोकसभा चुनाव में भी पार्टी के पक्ष में यह स्थिति बरकरार रह सकती है। कांग्रेस को भरोसा है कि इसकी भरपाई वह झाबुआ विधानसभा सीट से कर लेगी। यहां कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया के बेटे डॉ. विक्रांत भूरिया विधायक हैं। विक्रांत युकां के प्रदेश अध्यक्ष थे, लेकिन पिता के चुनाव के लिए उन्होंने पद छोड़ दिया था और पिता कांतिलाल के चुनाव की पूरी बागडोर अपने हाथ में थाम रखी है। इसी प्रकार भाजपा को अलीराजपुर और जोबट में लीड मिल सकती है तो दूसरी तरफ कांग्रेस को थांदला और पेटलावद में। लोग बताते हैं कि रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस के बीच बराबरी का मुकाबला हो सकता है। यहां भाजपा कुछ बढ़त ले सकती है, जबकि सैलाना में (जहां से बाप पार्टी के विधायक हैं) कांग्रेस अच्छी बढ़त ले सकती है। इस तरह विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा-कांग्रेस के बीच बराबरी की टक्कर देखने को मिल रही है।

## मतदाताओं में 2019 चुनाव जैसा उत्साह नहीं

### भाजपा और कांग्रेस ने ताकत झोंकी

*चुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक रखी है। बावजूद इसके मतदाताओं में 2019 के लोकसभा चुनाव जैसी उग्रता और उत्साह देखने को नहीं मिल रहा। पिछले चुनाव से पहले एक आतंकवादी हमले में 40 जवानों के शहीद होने के बाद भारत ने एयर स्ट्राइक की थी। इस घटना के कारण मतदाताओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जाग्रत थी। इसकी वजह से उनमें मतदान के प्रति उत्साह था। उम्मीद थी कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद राम लहर के कारण इस बार भी मतदाताओं में पिछली बार जैसा ही उत्साह होगा, लेकिन ऐसा देखने को नहीं मिल रहा। पहले दूसरे चरण में पिछली बार की तुलना में 8 से 10 फीसदी तक वोटिंग कम हुई। इसके बाद सभी के सामूहिक प्रयास से तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत में कुछ सुधार हुआ। चौथे चरण में भी मतदाताओं में ज्यादा उत्साह देखने को नहीं मिल रहा। हालांकि राजनीतिक दल और निर्वाचन आयोग ज्यादा मतदान के लिए पूरे प्रयास कर रहा है। रतलाम- झाबुआ लोकसभा क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। यहां का मतदाता भी चुनाव के प्रति उदासीन दिखाई पड़ता है।*

### भील-भलाला समाज में बंट गया आदिवासी समाज

आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट में भील और भलाला समाज ज्यादा है। भाजपा की अनीता सिंह भिलाला समाज से हैं जबकि कांग्रेस के कांतिलाल भील समाज से आते हैं। लोकसभा क्षेत्र में भील समाज 60 से 70 फीसदी जबकि भिलाला 30 से 40 फीसदी है। कांतिलाल यह हवा देने में कामयाब दिखते हैं कि वे भील हैं और अनीता भिलाला। इसकी वजह से भील समाज कांतिलाल के पक्ष में लामबंद होता दिख रहा है। इसका बड़ा फायदा कांग्रेस को हो सकता है। क्षेत्र में मुस्लिम समाज भी बड़ी तादाद में है, वह भी कांग्रेस का प्रतिबद्ध वोटर है। क्षेत्र में दलित समाज की बड़ी तादाद है, यह भाजपा-कांग्रेस के बीच लगभग 50-50 फीसदी नजर आ रहा है। दूसरी तरफ भिलाला समाज भाजपा के पक्ष में लामबंद है। जैन समाज के अलावा अन्य सामान्य वर्ग की जातियां (क्षत्रिय छोड़कर) भाजपा के पक्ष में दिखाई पड़ती हैं। इसके अलावा दोनों दलों का अपना-अपना प्रतिबद्ध वोटर है ही।

---

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने उज्जैन उत्तर, दक्षिण व घट्टिया के कार्यकर्ता सम्मेलन में साधा निशाना

# देश में गुलामी का एक ही प्रतीक बचा है वो है कांग्रेस, फैला रही भ्रम, सतर्क रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने उज्जैन लोकसभा के उज्जैन उत्तर, उज्जैन दक्षिण एवं घट्टिया विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीति की दशा और दिशा बदली है। सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलते हुए प्रधानमंत्री सभी के जीवन में खुशियां ला रहे हैं।

देश में गुलामी का एक ही प्रतीक बचा है, वो है कांग्रेस। कांग्रेस जिस वर्ग को लेकर तुष्टिकरण की राजनीति करती है, आज वो वर्ग भी यह महसूस करने लगा है कि आजादी के बाद 75 वर्षों में यदि किसी प्रधानमंत्री ने उनके लिए काम किया है, तो नरेंद्र मोदी ही हैं। लेकिन कांग्रेस इनके बीच भ्रम फैला रही है। इसलिए पार्टी के कार्यकर्ता सतर्क रहें। बिना संकोच के अल्पसंख्यक भाईयों के घर जाएं, उनसे मिलें और उनका विश्वास जीतें। मोदी कहते हैं कि हमें सबका विश्वास जीतना है। इसलिए ये चुनाव सिर्फ सांसद चुनने का नहीं, बल्कि हर वर्ग का विश्वास जीतने का चुनाव है।

उज्जैन में जनसंपर्क कर किया मतदाता पर्ची का वितरण



### कार्यकर्ता ही पार्टी के चाणक्य, वही रणनीतिकार

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के चाणक्य, वही रणनीतिकार है। 2023 के विधानसभा चुनाव में कोई भी कुछ दावा नहीं कर पा रहा था। ऐसे में हमारे गृहमंत्री अमित शाह ने सभी संभागों के कार्यकर्ताओं से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रणनीति बनाता है। हर चुनाव में वही प्रत्याशी होता है, चुनाव लड़ता है और जीतता है।*

### बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना की

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को उज्जैन में बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की।



### कांग्रेस के देशद्रोही एजेंडे को जवाब दें

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस 70 सालों तक गरीबी हटाओ का नारा लगाती रही, लेकिन गरीब नहीं हटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश में 30 करोड़ और मध्यप्रदेश में 2.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कमलनाथ, दिग्विजयसिंह और जीतू पटवारी महिलाओं के प्रति कैसी भाषा का प्रयोग करते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। हमें इस चुनाव में कांग्रेस के देशद्रोही एजेंडे को जवाब देना है।

### मैदान से भाग रहे कांग्रेस के प्रत्याशी

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान से भाग रहे हैं। खजुराहो की धरती पर भगवान राम के चरण पड़े थे। वहां कांग्रेस का कोई प्रत्याशी नहीं लड़ा। भगवान जग्गनाथ की कृपा से ओड़िशा की कांग्रेस प्रत्याशी ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। देवी अहिल्याबाई की नगरी इंदौर से कांग्रेस के प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया। उज्जैन में भी बाबा महाकाल की कृपा होगी और हम हर बूथ को कांग्रेस मुक्त बूथ बनाएंगे।*

---

स्वागत के लिए बनाए गए 100 से ज्यादा मंच

# मुख्यमंत्री ने किया 63 किमी लंबा रोड-शो, बागली से देवास पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार शाम चुनाव प्रचार के दौरान 63 किमी लम्बे रोड शो में बागली से देवास पहुंचे। रास्ते में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। जगह-जगह 100 से अधिक स्वागत मंच बनाए गए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को देवास पहुंचने में दो घंटे से भी अधिक समय लगा। बागली में वक्फ कमेटी के सदस्यों ने मंच से मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। **देवास से मुख्यमंत्री ने प्रदेश अध्यक्ष के साथ किया रोड शो:** देवास से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के साथ रोड शो किया।

# सोशल मीडिया पर अरुण ने 3.38 रुपए आलोक ने खर्च किए 70 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव की वोटिंग के पहले भोपाल के उम्मीदवार सोशल मीडिया पर सक्रिय रहे। जिसके लिए उन्होंने वोट अपील, सभा, रैली और रोड शो को बूस्ट कराया। जिसके तहत फेसबुक और इंस्टाग्राम पर इसके लिए मोटी रकम भी खर्च की गई है। इनमें कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव सबसे आगे रहे। डेढ़ सौ से ज्यादा वीडियो की रील बूस्ट कराने के बदले उन्होंने 3.38 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर दिए। जबकि भाजपा के आलोक शर्मा ने करीब 70 हजार रुपए खर्च किया है। यह खर्च भी चुनावी खर्च में जोड़ा गया है।

**95 लाख रुपए खर्च सीमा**

भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार उम्मीदवारों को खर्च की सीमा 95 लाख रुपए तय की है। प्रत्याशियों के चुनाव खर्चों में प्रचार और उससे जुड़े व्यय शामिल रहते हैं। इसमें प्रचार के लिए गाड़ियां खाना आदि शामिल है।

---

# सैनिकों की तरह चुनाव कार्य में जुटें पार्टी कार्यकर्ताः विजयवर्गीय

## मंत्री कैलाश ने रतलाम शहर, ग्रामीण व सैलाना में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को रतलाम विधानसभा के चुनाव कार्यालय में रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण एवं सैलाना में बैठक ली। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश के लिए और भाजपा के लिए महत्वपूर्ण है।

बूथ स्तर पर कार्यकर्ता यह चुनाव उस जज्बे के साथ लड़ें, जिस जज्बे से सैनिक देश की सीमाओं पर युद्ध लड़ते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सिर्फ चार जातियां बताई हैं गरीब, युवा, किसान और महिला। प्रधानमंत्री इन चारों जातियों सहित हर समाज वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर 370 नए वोट पार्टी में जोड़कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दें। बैठक के दौरान कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला मंत्री शांतिलाल पारगी व अर्जुन गुर्जर ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।




### रतलाम जिले की अहम भूमिका

**अपने बूथ पर सक्रिय रहें कार्यकर्ता**

प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में रतलाम-झाबुआ संसदीय सीट में भाजपा के ऐतिहासिक विजय में रतलाम जिले की अहम भूमिका होगी। पार्टी के सभी कार्यकर्ता सक्रिय रहे और अपने-अपने बूथ पर 370 नए मत पार्टी में जोड़कर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए कार्य करें।

# सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत शर्मनाक जितने जूते मारो, उतने कमः लक्ष्मण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह ने भी सैम पित्रोदा के बयान पर हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर कहा कि सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत शर्मनाक है। इसमें जितने जूते मारे, उतने कम हैं। दरअसल, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व चेयरमैन सैम पित्रोदा ने एक अंग्रेजी अखबार को दिए एक इंटरव्यू में विवादित बयान देकर कांग्रेस के लिए नई मुश्किल खड़ी कर दी हैं। पित्रोदा ने देश के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले भारतीयों की तुलना उनके रंग के अनुरूप की थी। उनका ये बयान सुर्खियां बना तो राजनीति गरमा गई। भाजपा ने कांग्रेस और राहुल गांधी को जमकर घेरा। वहीं, अब कांग्रेस के लोग ही निंदा कर रहे हैं। इधर, विवाद बढ़ने पर सैम पित्रोदा के बयान से कांग्रेस ने किनारा झाड़ लिया। वहीं, देर शाम सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन पद से इस्तीफा भी दे दिया।



# मुख्यमंत्री आज धार, खरगौन व उज्जैन में करेंगे चुनाव प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवारर को धार, खरगौन व उज्जैन में चुनाव प्रचार करेंगे। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा धार, मंदसौर, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान नीमच, मंदसौर, रतलाम, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद खरगौन एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा इंदौर लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुबह 10:30 बजे धार लोकसभा की डॉ. अंबेडकर नगर-महू में जानापाव में परशुराम जयंती के अवसर पर दर्शन-पूजन करने के पश्चात जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 12.10 बजे खरगौन लोकसभा की महेश्वर विधानसभा के मंडलेश्वर में जनसभा व रोड शो, दोपहर 1 बजे महेश्वर में जनसभा व रोड शो, दोपहर 1:45 बजे धार लोकसभा की धरमपुरी विधानसभा के धामनोद में रोड शो, दोपहर 2:50 बजे बदनावर विधानसभा के धामनोद में जनसभा व रोड शो, दोपहर 4:10 बजे उज्जैन लोकसभा के नागदा में रोड शो एवं शाम 5.15 बजे उज्जैन में जनसभा को संबोधित कर रोड-शो में शामिल होंगे।

---

*लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. सिंह ने महू में बैठक ली*

# जितना सशक्त बूथ होगा, उतनी ऐतिहासिक विजयश्री प्राप्त होगी

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के मध्यप्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने गुरूवार को महू विधानसभा की बैठक को संबोधित किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबकी बार 400 पार का लक्ष्य दिया है। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से ऐतिहासिक बहुमत मिला है। हम सभी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में भी इसी तरह अथक मेहनत कर लोकसभा में ऐतिहासिक बहुमत से जनता का आशीर्वाद प्राप्त करना है। हमारा बूथ जितना मजबूत होगा, जितना सशक्त होगा, उतनी विजयश्री भी ऐतिहासिक मिलेगी।



पूर्व सीएम ने कहा- राहुल गांधी की जड़े भारत से नहीं, इटली से जुड़ी हुई हैं, वो भारत को जानते ही नहीं

# भारत के विचार को खत्म करना चाहते हैं कांग्रेस और सैम पित्रोदाः शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को खंडवा लोकसभा क्षेत्र के मांधाता, पंधाना और नेपानगर में चुनावी सभाएं की।

पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस के एक नेता सैम पित्रोदा हर दिन पता नहीं क्या-क्या कह रहे हैं। एक बार कहा कि विरासत टैक्स लगना चाहिए। विरासत टैक्स का मतलब है कि माता-पिता की मौत के बाद उनकी सम्पत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के खाते में चला जाएगा और 45 प्रतिशत ही उनके बच्चों को मिलेगा। हमारे भारत में तो गरीब, मजदूर भी अपना पेट काट-काटकर अपने बच्चों के लिए कुछ बचा पाते हैं, और कांग्रेस उनसे ये भी छीन लेना चाहती है। अब कांग्रेस और सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि नॉर्थ ईस्ट के लोग चीनियों जैसे दिखते हैं। दक्षिण के लोग दक्षिण अफ्रीका जैसे लगते हैं। अलग भाषा, अलग भेष फिर भी अपना एक देश। कांग्रेस भारत का विचार, परंपरा, भारत के जीवनमूल्यों को खत्म करना चाहती है, क्योंकि राहुल गांधी की जड़े भारत से नहीं इटली से जुड़ी हुई हैं, वो भारत को जानते ही नहीं हैं।





### कांग्रेस, इंडी का प्रधानमंत्री कौनः चौहान

*पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का तो तय है कि जीतने के बाद नरेन्द्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे, लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले बताएं कि आखिर उनका प्रधानमंत्री कौन है। कभी कहते हैं कि, बाद में तय करेंगे, कभी कहते हैं कि, बारी-बारी से बन जाएंगे। कोई नाम तो बताओ कि धन्नू होगा या पन्ना होगा।*

### पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्वगुरु बनेगा भारत

*पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अद्भुत काम किया है। मोदी के नेतृत्व में एक गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली, सम्पन्न और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। कांग्रेस के जमाने में तो छोटे-छोटे देश हमें डराते थे, लेकिन पीएम मोदी ने कह दिया कि हम किसी को छेड़ेंगे नहीं, और हमें किसी ने छेड़ा तो छोड़ेंगे भी नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू बनेगा।*

### गुफा मंदिर में होगा विशेष आयोजन, शहर में अनेक जगहों से निकलेगी शोभायात्रा

# भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया आज, स्वयं सिद्ध मुहूर्त पर होंगे मांगलिक कार्य, गूंजेंगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया आज शुक्रवार को मनाई जाएगी। इसमें किए गए कार्य अक्षय फलदायी होते हैं। ऐसे में इस अक्षय मुहूर्त के दिन ग्रह, नक्षत्रों के कई शुभ योग इसकी शुभता को और बढ़ाएंगे। वार, ग्रह नक्षत्रों के मेल से इस दिन कई शुभ योग बन रहे हैं। ऐसे में गुरु और शुक्र अस्त होने के कारण इन दिनों भले ही विवाह मुहूर्त नहीं हो, लेकिन इस स्वयंसिद्ध मुहूर्त पर मांगलिक कार्य होंगे।



### पाल समाज के 50 जोड़े बंधेंगे वैवाहिक बंधन में

अक्षय तृतीया के सिद्ध मुहूर्त में विवाह होंगे। बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान में पाल समाज की ओर से 50 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि अक्षय तृतीया का दिन वैसे ही स्वयंसिद्ध मुहूर्त होता है। यह अक्षय पर्व होता है। इस बार अक्षय तृतीया के मौके पर कई शुभ योग बन रहे हैं। अक्षय तृतीया पर रोहणी नक्षत्र रहेगा, साथ ही मित्र योग और रवि योग भी रहेगा। चंद्रमा अपनी उच्च राशि में रहेगा, साथ ही गुरु और चंद्र की युति गजकेसरी योग बनाएगी। यह सुख-समृद्धि देता है।

### गुलजार होगा सराफा बाजार

10 मई को अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में सराफा बाजार एक बार फिर से गुलजार रहने की उम्मीद जताई जा रही है, क्योंकि इस दिन गहने खरीदना शुभ और मंगलकारी होता है। हालांकि सराफा कारोबारियों की मानें तो सोना भले ही सस्ता हो रहा है लेकिन आगे भाव में अधिक करेक्शन की उम्मीद दिखती नहीं है।

### इस दिन खरीदारी शुभ

शास्त्रीय मान्यता है कि धन के देवता और सभी देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर ने देवी लक्ष्मी की पूजा की थी। इस पर माता लक्ष्मी ने उन्हें शाश्वत धन और समृद्धि का आशीर्वाद दिया था। अक्षय तृतीया के दिन सोने और चांदी के आभूषण खरीदना शुभ माना गया है। इससे पूरे साल घर में सुख और समृद्धि आती है।

### निकलेंगी शोभायात्राएं

परशुराम जन्मोत्सव का मुख्य आयोजन लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में किया जाएगा। इस मौके पर लालघाटी दुर्गा मंदिर से कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, इसमें 1100 महिलाएं पारंपरिक परिधानों में कलश लेकर चलेंगी। यह कलश यात्रा लालघाटी से गुफा मंदिर पहुंचेगी। यहां पंडित भगवान परशुराम का अभिषेक करेंगे, वहीं ब्राह्मण शंखनाद करेंगे। इस मौके पर 1100 दीपकों से भगवान परशुराम की महाआरती की जाएगी। इसके बाद भजनों की प्रस्तुति होगी।

## 13 जून से शुरू होंगे सरकारी स्कूलों में समर कैंप

भोपाल। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर (समर कैम्प) का आयोजन 13 मई से 13 जून की अवधि के बीच किया जाएगा। इसको लेकर आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए हैं। यह समर कैंप कुल 20 दिन सुबह 8 से 11 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष समर कैम्प के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों की अभिरूचि अनुसार चयनित खेतों का प्रशिक्षण, पेंटिंग, डॉस, संगीत एवं विद्यार्थियों की अभिरूचि अनुसार अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां, विद्यालय स्तर पर गतिविधियों का डाक्यूमेंटशन किया जाएगा। प्राचार्य चयनित खेलों एवं अन्य गतिविधियों के संचालन के लिए अतिथि शिक्षकों और विशेषज्ञों को भी आंमत्रित कर सकते हैं। वहीं विद्यार्थियों की समर कैम्प में सहभागिता के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म में पालक की सहमति अनिवार्य होगी।




# जीवन रूपी मोबाइल से गम को डिलीट कर खुशी को सेव करें: आर्यिका मां विमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के चौक जिनालय में आचार्य विनम्र सागर महाराज की सुयोग्य शिष्या आर्यिका मां विमल ससंघ विराजमान हैं। गुरुवार को आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के चित्र के सामने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मां विमल माता ने गुरु का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु हमें इस संसार से पार उतारता है। वह हमें सम्यक दर्शन ज्ञान चरित्र ग्रहण करके मोक्ष प्राप्त करने में सहायक होता है।

बड़ी माताजी आर्यिका मां विमलश्री ने कहा कि आज मोबाइल हमें प्राणों से अधिक प्रिय हो गया है। धर्म से दूर ले जा रहा है, बल्कि वह हमे स्वयं से दूर कर रहा है। माताजी ने कहा कि आप अपने जीवन से गम और दुश्मनी को डिलीट करें, खुशी को सेव करें, रिश्तों को रिचार्ज करें।



### नफरत को आउटगोइंग करें

संस्कृत एवं प्राकृत भाषा की ज्ञाता माताजी ने कहा कि हम दुनिया से तो कनेक्ट हो रहें हैं, लेकिन स्वयं से डिसकनेक्ट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि मोबाइल से सिर्फ हानि ही होती हैं। यदि उसे तरीके से उपयोग किया जाए तो जीवन को सार्थक किया जा सकता है। जीवन में दोस्ती को डाउनलोड करें, टेंशन को नान रिचेबल करें। प्रेम वात्सल्य को इनकमिंग एवं नफरत को आउटगोइंग करें। हंसी को इनबॉक्स और आंसू को आउट बॉक्स में रखेर। गुस्से को होल्ड एवं सच को कॉल करें, झूठ को स्वीच ऑफ एवं दिल को वाइब्रेट पर रखें। यदि आप अपने जीवन को इस तरह से बिताते हैं तो अवश्य ही जीवन को सफल सुखद व शांतिमय बना सकेंगे। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपमंत्री दिलीप मिंगू, नितेश मामा, ऋषभ जैन आदि मौजूद रहे।



जिला अदालत के जिला अभिभाषक संघ सभागार में आयोजन

## ईद मिलन समारोह में हस्तियों का सम्मान

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

जिला अदालत में गुरुवार को जिला अभिभाषक संघ भोपाल के सभागार में ईद मिलन कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि अमिताभ मिश्र प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश थे। अध्यक्षता अभिभाषक संघ भोपाल के अध्यक्ष दीपक खरे ने की। कार्यक्रम में मप्र राज्य वक्फ ट्रिब्यूनल के न्यायिक सदस्य सै. हसन जैदी एडवोकेट, एडवोकेट स्पोर्ट्स कमेटी के सुहाग सिंह सोलंकी, जावेद वहाब, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य कामता प्रसाद यादव, फिरदौस परवेज एवं योगेन्द्र गोस्वामी का सम्मान किया गया।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में स्टेट बार कॉउन्सिल के पूर्व चेयरमैन विजय चौधरी, को चेयरमैन राजेश व्यास, पूर्व को चेयरमैन मेहबूब अंसारी, जिला अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष पीसी कोठारी, अभिभाषक संघ उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव मनोज श्रीवास्तव, बृज बिहारी रघुवंशी, पुस्तकालय अध्यक्ष सुधीर दुबे मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### गूगल वॉलेट भारत में लांच हुआ

**नई दिल्ली।** गूगल ने भारत में गूगल वॉलेट लांच किया। यह एप दैनिक जरूरतों के लिए तीव्र व



सुरक्षित एक्सेस प्रदान करता है, ताकि लोग महत्वपूर्ण डिजिटल दस्तावेज, जैसे बोर्डिंग पास, लॉयल्टी कार्ड, मूवी टिकट आदि एक ही जगह रख सकें। गूगल वॉलेट गूगल पे के पूरक के रूप में काम करेगा, जो भारत में यूज़र्स की पेमेंट की सभी जरूरतों को पूरा करता रहेगा।

### एचडीएफसी बैंक देगा 19.6 करोड़ का अनुदान

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने परिवर्तन स्टार्ट-अप अनुदान कार्यक्रम के विजेताओं की घोषणा की है। इस वर्ष सामाजिक प्रभाव उद्यमिता के क्षेत्र में 41 इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर को विशिष्ट फोकस क्षेत्रों में काम करने वाले 170 स्टार्ट-अप का समर्थन करने के लिए कुल 19.6 करोड़ रुपए का अनुदान प्राप्त होगा। इस वर्ष का कार्यक्रम नीति आयोग के तहत भारत सरकार की पहल अटल इनोवेशन मिशन के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है।

### एबीएस मरीन सर्विसेज का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** मरीन टाइम उद्योग में एक दुर्जय बल, एबीएस मरीन सर्विसेज लिमिटेड ने 10 मई 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है। कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अपर प्राइस बैंड पर 96.28 करोड़ रुपए एकत्र करना है। इश्यू साइज 10 रुपए प्रत्येक सम भाव पर 65,50,000 इक्विटी शेयर्स तक हैं। सब्सक्रिप्शन के लिए इश्यू 10 मई, 2024 को खुलेगा और 15 मई 2024 को बंद होगा।

### ग्रीनसेल ने हासिल की 3 अरब की फाइनेंसिंग

**मुंबई।** ग्रीनसेल मोबिलिटी ने उत्तर प्रदेश में अपनी इलेक्ट्रिक बस परियोजना के लिए जापान के जाने-माने वित्तीय संस्थान सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन से ग्रीन फाइनेंसिंग हासिल की है। यह सौदा न केवल भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में किसी जापानी बैंक द्वारा पहला प्रोजेक्ट फाइनेंस है, इस शर्तों के मुताबिक एसएमबीसी ने उत्तर प्रदेश में 350 इलेक्ट्रिक बसों के प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनसेल मोबिलिटी को लॉन्ग टर्म प्रोजेक्ट फाइनेंसिंग सुविधा प्रदान की है।

### एसवीयू में प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित

**मुंबई।** सोमैया विद्या विहार यूनिवर्सिटी जिसे अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है, वर्तमान में सोमैया विद्या विहार यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों जैसे बीबीए, बीडेस प्रोडक्ट डिजाइन, बीए मास कम्युनिकेशन एण्ड जर्नलिज़्म , बीएससीआईटी, बीएससी कम्प्यूटर साइंस, बीएससी डेटा साइंस, बीएससी इकोनोमिक्स, बीएससी साइकोलोजी, बीएससी स्पोर्ट्स एण्ड एक्सरसाइज़ साइंस के लिए आवेदन स्वीकार कर रही है। किसी भी स्ट्रीम के छात्र इन प्रोग्रामों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### फाइनलिस्टिंग्स का आईपीओ खुला

**मुंबई।** फाइनलिस्टिंग्स टेक्नोलॉजिस लिमिटेड लग्जरी कार रिटेल एवं सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेक्टर्स की एक प्रमुख खिलाड़ी, कंपनी ने बीते दिन मई 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग को खुला। कंपनी का इरादा आईपीओ के मार्फत 123 रुपए प्रति शेयर मूल्य पर 13.53 करोड़ रुपए एकत्र करना है। इश्यू साइज 10 रुपए प्रत्येक के 11,00,000 इक्विटी शेयर्स तक है। प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग सॉफ्टवेयर की खरीदी करने और आम कॉरपोरेट खर्चों को करने के लिए किया जाएगा। कंपनी का इश्यू 9 मई को बंद हुआ।

---

*आज अक्षय तृतीया: सोना 3 हजार सस्ता तो चांदी 5 हजार रुपए सस्ती*

# भोपाल में 6 किलो सोना तो 50 किलो चांदी बिकने की उम्मीद, बिक सकता है देशभर में 25 टन तक सोना

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है। अतः शुक्रवार को राजधानी भोपाल , मध्यप्रदेश सहित देशभर के सराफा बाजार में 50 फीसदी अधिक व्यापार की उम्मीद की जारी रही है। सराफा व्यवसाय से जुड़े कारोबारी और बाजार विशेषज्ञों के अनुसार मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन सोना खरीदना काफी शुभ होता है।

अक्षय का शाब्दिक अर्थ है शाश्वत या अविनाशी। इसलिए यह माना जाता है कि इस दिन की गई खरीदारी या निवेश हमेशा साथ रहेंगे। तो सोना निवेश के आंकड़े बताते हैं कि अक्षय तृतीया के दिन खरीदा गया सोना शानदार रिटर्न दिया है।



**अगली अक्षय तृतीया पर 80,000 पहुंचेगा सोना**

सराफा कारोबारी नवनीत अग्रवाल के अनुसार दुनिया के कई हिस्सों में तनाव, ब्याज दर में कटौती टलने के संकेत और पिछले दो साल में अक्षय तृतीया पर मिले 19.26 फीसदी तक के रिटर्न को देखते हुए इस समय सोने में निवेश अच्छा फैसला होगा। सोना अगले साल अक्षय तृतीया पर 80,000 का स्तर छू सकता है। इस लिहाज से यह अगले अक्षय तृतीया तक 10.65 फीसदी तक रिटर्न दे सकता है।

**हल्के आभूषणों की रहेगी मांग**

इस बार अक्षय तृतीया के साथ शादियों का सीजन नहीं है। अगले दो महीनों तक देश में कम शादियां होंगी, जिससे दुल्हन के लिए भारी आभूषणों की मांग नहीं दिख रही है। निवेश संबंधी जरूरतों को पूरा करने और आध्यात्मिक भरोसे के लिए इस बार लोग हल्के आभूषण खरीदेंगे।

**पिछले साल की तुलना में करीब 14 फीसदी अधिक सोना बिकने की उम्मीद**

स्थानीय सराफा बाजार में सोना 24 कैरेट 73800 रुपए प्रति दस ग्राम है। जबकि 86000 रुपए किलोग्राम के भाव बिकी चांदी का मौजूदा दाम 81500 रुपए किलो ग्राम है। जानकारों का कहना है कि ऊंची कीमतों के बावजूद पूरे देश में अक्षय तृतीया पर सोने के आभूषणों, सिक्कों और बार की मांग अच्छी रह सकती है। दुनिया के कई देशों में तनाव के बीच मजबूत मांग, निवेशकों की सकारात्मक धारणा और रिटर्न को देखते हुए इस अक्षय तृतीया पर पिछले साल की तुलना में करीब 14 फीसदी अधिक सोना बिकने की उम्मीद है। दस नंबर मार्केट स्थित दस नंबर अरेरा सराफा व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद सोनी के अनुसार इस अक्षय तृतीया सोने की मांग बढ़ने की कई वजहें हैं। मसलन, देश की आर्थिक स्थिति मजबूत है। सोने की कीमतें अपने उच्च स्तर से थोड़ी नीचे आई हैं और पिछले 15 दिनों में बड़ा उतार-चढ़ाव नहीं दिखा है।

स्थानीय सराफा कारोबारी नवनीत अग्रवाल के अनुसार अक्षय तृतीया के मौके पर 50 फीसदी अधिक व्यापारी की उम्मीद है। उम्मीद है कि राजधानी भोपाल में करीब 6 किलो सोना और 50 किलोग्राम चांदी की बिक्री हो। तो बाजारों जानकारों का अनुमान है ऑफ लाइन और ऑनलाइन दोनों ही प्लेटफार्म में मध्यप्रदेश सहित देशभर में करीब 25 टन तक सोना बिक सकता है। क्योंकि मौजूदा समय में सोना और चांदी सबसे सुरक्षित निवेश की संपत्ति है। दोनों बहुमूल्य धातुओं में घरेलू स्तर पर ही नहीं ग्लोबल मार्केट में भी अच्छी डिमांड है। और सोने की कीमत अपने ऑल-टाइम हाई से 77000 रुपए के पार प्रति दस ग्राम से 3,000 रुपए तक सस्ता है।

---

*पतंजलि योगपीठ में गर्भ संस्कार संतति सृजनम विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन*

## गर्भ संस्कार आयुर्वेद जीवन की प्रतिकूलता और भौतिकता के समक्ष एक दिव्य शस्त्र है : स्वामी

### माता-पिता और गुरुजन हमारी गति को अधिक गतिवान बनाते हैं : आचार्य बालकृष्ण

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज एवं हॉस्पिटल, पतंजलि अनुसंधान और पतंजलि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गर्भ संस्कार आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला "संतति सृजनम" का आयोजन पतंजलि विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ।

कार्यशाला का उद्घाटन स्वामी रामदेव, आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. (प्रो.) कल्पना शर्मा को उनके आयुर्वेद के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूज्य स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि भारत भूमि गौरवशाली आदर्श माताओं से सुसमृद्ध है, इनमें जीजाबाई, पुतलीबाई, मदालसा, सीता ऐसी माताएं रही हैं जिन्होंने सुसंस्कारित सन्तान को आकार दिया, आज भारत भूमि को ऐसी ही संततियों की आवश्यकता है। एक मां विपरीत परिस्थितियों में भी अपने अथक प्रयासों से सुसंस्कारित नागरिकों का सृजन करती है।

कार्यक्रम में पूज्य आचार्य बालकृष्ण ने मातृत्व की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि वेदों और ग्रंथों में सोलह संस्कारों का वर्णन किया गया है जिनमें तीन संस्कार गर्भाधान, पुंसवन और सीमंतोन्नयन जन्म से पूर्व के है, उनका संयोजन भावी शिशु के माता-पिता द्वारा गर्भ की रक्षा-भावना से किया जाता है। यदि एक माँ स्वस्थ है तो ही वह स्वस्थ बालक को जन्म दे सकती है। भावी माता को अपने शिशु को कुपोषण से बचाने के लिए संतुलित भोजन, योग, ध्यान एवं चिंतन-मनन पर ध्यान देना आवश्यक है।

पतंजलि जड़ी-बूटी अनुसंधान की प्रमुख डॉ. वेद्प्रिया आर्या ने वर्तमान में स्त्रियों में बढ़ रही पीसीओडी (पालीसिस्टिक ओवरी डिसिज) के कारण सामान्य प्रजनन चक्र अवरुद्ध होने पर चिंतन प्रस्तुत किया।



**आयुर्वेदिक सिद्धांत अपार संभावनाओं पर आधारित**

विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. (प्रो.) कल्पना शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य को बनाए रखना, बीमारी की रोकथाम और इलाज करना है। आयुर्वेद वह संजीवनी है जो जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि से अलौकिक शक्ति प्रदान करती है। पुरुष बीज–स्त्री बीज के तथ्यों में यह प्रकृति का सृजनम करते हैं जिससे सभ्यता का निर्माण होता है। आयुर्वेदिक सिद्धांत वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ अपार संभावनाओं पर आधारित बताया। एक व्यापक दृष्टिकोण में प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान दोनों का मिश्रण स्वस्थ जीवन की समग्रता में वृद्धि करता है। समारोह को संबोधित करते हुए आयुर्वेद कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल गिरीश केजे ने विभिन्न आयुर्वेदिक कॉलेजों द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुमन सिंह एवं डॉ. ग्रेसी सोकिया ने किया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल, आयुर्वेद कॉलेज, हरिद्वार के डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि ऐसी व्याख्यानमालाएं जीवन को समग्रता से जीने की नवीन दृष्टि प्रदान करती है। इस अवसर पर पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

---

**टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने की सदस्यों की स्टडी सर्किल बैठक**

## सुनवाई का मौका दिए बगैर जीएसटी द्वारा व्यापारी के विरुद्ध कोई भी आदेश देना गलत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने सदस्यों के लिए एक स्टडी सर्किल बैठक का आयोजन किया। जिसे वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट संदीप मुखर्जी ने संबोधित किया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को बताया कि जीएसटी में व्यापारी के विरुद्ध कोई भी आदेश पारित करने से पहले उसे व्यक्तिगत सुनवाई का मौका देना जरूरी है बिना इसके पारित किया गया आदेश गलत है।

उन्होंने बताया कि किसी भी नोटिस को प्रॉपर अधिकारी द्वारा ही दिया जा सकता है अगर ऐसा नहीं है तो वह नोटिस मूल रूप से गलत है। व्यापारी अपने विरुद्ध चल रही किसी कार्रवाई में विभाग के किसी गवाह का प्रति परीक्षण करने का अधिकार रखता है। उन्होंने बताया की जीएसटी में राज्य एवं केंद्र दो विभाग कार्य करते हैं एवं व्यापारी जिसके अधिकार क्षेत्र में है वह ही उसके ऊपर कोई कार्यवाही करने का अधिकार रखता है ,लेकिन अगर कर चोरी की कोई सूचना है तो ऐसी स्थिति में दोनों विभागों में से कोई भी उसको नोटिस जारी कर सकता है।




**विस्तार से समझाया**

न्यायपालिका के क्षेत्र में लैट्रिन मैक्सिम की उपयोगिता को उन्होंने विस्तार से समझाया एवं सलाहकारों को इनका उचित उपयोग करने की सलाह दी ,उन्होंने यह भी बताया कि जीएसटी की धारा 168 ए के अंतर्गत नोटिस जारी करने की समय सीमा किसी विशेष परिस्थिति में ही बढाई जा सकती है अन्यथा ऐसी बढ़ाई गई समय सीमा न्यायोचित नहीं है । इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य सचिव मनोज पारख उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल सहसचिव संदीप चौहान उपस्थित थे।

---

## अनिल राव बने ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर के कार्यवाहक अध्यक्ष

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि जिंदल द्वारा अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के कारण सर्व सम्मति से एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल राव को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी रिंकू भटेजा ने बताया कि अनिल राव को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त होने पर फेडरेशन के चेयरमैन अशोक चोपड़ा, अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा महासचिव राजेश हडिया कोषाध्यक्ष संजय जैन फेडरेशन की कोर कमेटी के संयोजक रामबाबू शर्मा, अजय सरावगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुड्डा अग्रवाल, चंद्रशेखर निगम, मुन्ना वर्मा, पवन जायसवाल, रिंकू भटेजा, स्वदेश सोनी, राजय रजक, सुभाष मूणत, आशुतोष वशिष्ठ, अमित खनूजा, राजय रजक, हेतराम वर्मन, योगेश श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, लल्लन सोनपुरे आदि पदाधिकारी ने अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसो.की त्रैमासिक बैठक 18 मई को

फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन की त्रैमासिक बैठक आगामी 18 मई को सतना में होगी। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल राव, महासचिव अशोक चावला एवं कोषाध्यक्ष पंकज शौकीन उपस्थित रहेंगे। एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी रिंकू भटेजा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा करेंगे। फेडरेशन के महासचिव राजेश हार्डिया एवं कोषाध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि बैठक में प्रदेश के अनेकों जिलों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। त्रैमासिक बैठक के संयोजक ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जिला बारात घर एंड टेंट डेकोरेटर्स एसोसिएशन सतना के द्वारा किया जाएगा। जिला एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन अग्रवाल ने बताया कि बैठक में टेंट व्यापारियों को होने वाली समस्याओं के समाधान के बारे में चर्चा होगी, प्रदेश के अनेकों जिलों से आए टेंट व्यापारियों का सम्मान होगा।

## पीएनबी का शुद्ध मुनाफा तीन गुना होकर 3,010 करोड़ रु. पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में करीब तीन गुना या 160 फीसदी होकर 3,010 करोड़ रुपए रहा। ब्याज आय बढ़ने और फंसे कर्ज में कमी से बैंक का मुनाफा बढ़ा है।

बैंक को इससे पूर्व वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में 1,159 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। पीएनबी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में कुल आय बढ़कर 32,361 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 27,269 करोड़ रुपए थी। आलोच्य तिमाही में बैंक की ब्याज से होने वाली आय बढ़कर 28,113 करोड़ रुपए हो गई जो एक साल पहले 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में 23,849 करोड़ रुपए थी। बैंक का कुल कर्ज के प्रतिशत के रूप में सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में कम होकर 5.73 प्रतिशत रहा, जो एक साल पहले 2022-23 की इसी तिमाही में 8.74 प्रतिशत था।

### भीम आधार पे पर व्यापारियों के वेरिफिकेशन की जिम्मेदारी बैंकों की

■ एनपीसीआई ने सर्कुलर जारी कर दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** भीम आधार पे में किसी व्यापारी को जोड़ने के लिए उसके ब्योरे के वेरिफिकेशन की जिम्मेदारी बैंक की होगी। यह निर्देश भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई ) ने एक सर्कुलर जारी कर दी। एनपीसीआई ने व्यापारियों का प्रबंधन करते वक्त बैंकों की प्रमुख जिम्मेदारियों और जवाबदेही तय करने के लिए ये दिशानिर्देश जारी किए हैं। एनपीसीआई का कहना है भीम आधार पे के लिए व्यापारियों का अधिग्रहण, प्रबंधन और निगरानी की जिम्मेदारी अधिग्रहण करने वाले बैंकों की है। बैंक सीधे, एग्रीगेटर या साझेदारों के जरिए अपने साथ जुड़े व्यापारियों के लिए जिम्मेदार होंगे।

**बैंक कर्मचारियों को बड़ा झटका**

## सुप्रीम कोर्ट: रियायती लोन पर अब देना होगा 'टैक्स'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बैंक कर्मचारियों के लिए बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बैंक कर्मचारियों को दिए गए इंटरेस्ट फ्री या रियायती लोन का प्रॉफिट 'पर्क' है इसलिए यह आयकर अधिनियम के तहत टैक्सेबल है यानी बैंक कर्मचारियों को इसके लिए टैक्स का भुगतान करना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह फैसला सुनाया।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि इस फैसले में विशेष रूप से आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2)(8) और आयकर नियम, 1962 के नियम 3(7)(आई) की वैधता को बरकरार रखा गया है।

**अन्यायपूर्ण**

ऐसे में यह प्रावधान न तो अन्यायपूर्ण है, न ही क्रूर है और न ही करदाताओं पर कठोर पड़ने वाला। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन और अन्य संस्थाओं द्वारा दायर की गई उन याचिकाओं को खारिज कर दिया।

---

*फर्जी चालान जारी कर चोरी के मामले में*

## प्रदेश के143 व्यवसायियों ने 35.06 करोड़ रु.जमा किए

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फर्जी चालान जारी करके कर चोरी करने वाले 143 व्यवसायियों से वाणिज्यिक कर विभाग ने 35.06 करोड़ रुपए जमा करवाए गए हैं।

यह कार्रवाई व्यवसायियों द्वारा पंजीयन प्राप्त करने के लिए उपयोग किए गए दस्तावेज, पेन नंबर, ई-मेल तथा मोबाइल नंबरों पर दर्ज अन्य नवीन पंजीयनों के डाटा का विश्लेषण और गुप्त सूचनाओं के आधार पर की गई है। कर चोरी की यह राशि और अधिक सकती है।

**बिना ई-वे बिल एवं बोगस बिल के 134 वाहन पकड़े**

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आयरन एंड स्टील, निर्माण सामग्री, प्लास्टिक, आयल सीड्स, कंस्ट्रक्शन आदि से संबंधित कुल 50 व्यवसायियों से प्रथम दृष्टया कर चोरी के विरुद्ध 14.29 करोड़ रुपए जमा करवाए गए हैं। कपड़े, घरेलू सामान, बर्तन, मोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, कास्मेटिक्स, पान मसाला आदि से संबंधित 93 व्यवसायियों से 20.77 करोड़ रुपए जमा कराए गए। माल का परिवहन करने वाले वाहनों की विशेष जांच के लिए मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में 28 अस्थायी चेक पोस्ट और 12 मोबाइल टीमों ने बिना ई-वे बिल एवं बोगस बिल के आधार पर परिवहन पाए जाने पर 134 वाहनों को पकड़कर कर चोरी के विरुद्ध 2.03 करोड़ रुपए जमा करवाए गए। अन्य प्रकरणों को मिलाकर आचार संहिता के दौरान कुल 143 व्यवसायियों से 35.06 करोड़ जमा कराए गए।

### कंजवर्जेंस और इंडिया इंपैक्ट शेरपा ने जारी की पहली रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** कन्वर्जेंस फाउंडेशन ने इंडिया इम्पैक्ट शेरपा के सहयोग से अपनी एक खास रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट का शीर्षक 'सिस्टेमेटिक इंपेक्ट एग्जेम्पलर्स यूनीक एप्रोचेज़ टुवर्ड सॉल्विंग इंडियाज डेवलपमेंट चैलेंज' है। इस रिपोर्ट को पेश करने का उद्देश्य उन संगठनों की पहचान करना और उनसे सीखना है जिन्होंने सिस्टम चेंज एप्रोच को अपनाकर महत्वपूर्ण बदलाव हासिल किए हैं। भारत में केंद्र और राज्य सरकारें पहले से ही सामाजिक और आर्थिक विकास पर काफी बड़ी राशि खर्च करती हैं।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में, केंद्र और राज्य सरकारों का कुल सामाजिक व्यय 21.03 लाख करोड़ रुपए रहा है। हालाँकि, भारत सरकार की ओर से भारी भरकम निवेश के बावजूद, भारत के विकास लक्ष्यों की प्राप्त की दिशा में प्रयासों में तेजी लाने की बड़ी संभावना है।

**पश्चिम मध्य रेल**

डीजल लोको शेड, इटारसी
दिनांक: 06/05/2024

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (डीजल) पमरे इटारसी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:00 बजे तक ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं, जो उसी दिनांक को 15:30 बजे खोली जाएगी। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (डीजल) पमरे इटारसी के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। इस टेंडर के लिए कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है तथा यदि कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त भी होता है तो वह मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन यदि जरूरी हो तो वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा तथा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (डीजल) पमरे इटारसी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगा दिया जायेगा, जिसे टेंडर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **निविदा सूचना संख्या:** ET-DL-T-CALIBRATION-24 **दिनांक** 06/05/2024 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** डीजल लोको शेड इटारसी में मशीन, उपकरण और गेज के कैलिब्रेशन का कार्य। **कार्य की अवधि:** 36 माह। **निविदा की अनुमानित लागत रूपये में:** रू. 8,21,573.79 (रू. आठ लाख इक्कीस हजार पांच सौ तिहत्तर और उनहत्तर पैसे मात्र) **निविदा की बयाना राशि रूपये में:** रू. 16,400.00 (रू. सोलह हजार चार सौ मात्र) **ई-निविदा प्रपत्र मूल्य रूपये में:** कुछ नहीं। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 03/06/2024, 15:00 बजे। निविदाकर्ता/बिडर के पास क्लास III डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बिडर ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑन लाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। बयाना राशि तथा अन्य का भुगतान ऑन लाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड के द्वारा किया जा सकता है।

**वरि.मं.यां.इंजी.(डी), इटारसी**

073/2024


**खान-पान से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1800111321 पर सम्पर्क करें।**

---

## बिजनेस न्यूज

### राष्ट्रीय शिक्षा गौरव पुरस्कार में एलएनसीटी समूह की यूनिवर्सिटीज का डंका

**भोपाल।** जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी मध्य भारत में सर्वश्रेष्ठ उभरते विश्वविद्यालय 2024 , एलएनसीटी विद्यापीठ यूनिवर्सिटी इंदौर -बेस्ट यूनिवर्सिटी इन मध्य प्रदेश 2024 और एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल को मिला बेस्ट यूनिवर्सिटी इन सेंट्रल इंडिया 2024 अवॉर्ड,



जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी को 2 मई, 2024 को नई दिल्ली के इरोस होटल में 23 वें राष्ट्रीय शिक्षा गौरव पुरस्कार समारोह 2024 के दौरान शिक्षा, कौशल विकास और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट और अनुकरणीय योगदान के लिए मध्य भारत में सर्वश्रेष्ठ उभरते विश्वविद्यालय 2024 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरुस्कार जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ.मीतू सिंह ने प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष, नेक, एनबीए और एनईटीएफ; प्रो.टीजी सीताराम, अध्यक्ष, एआईसीटीई; प्रो.जीडी यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सीईजीआर और एमिरिटस प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस आईसीटी, मुंबई; प्रो.केके अग्रवाल, मेंटर, सीईजीआर और अध्यक्ष, दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, भारत, रवीश रोशन, सीईजीआर प्रमुख की उपस्थिति में 2 मई, 2024 को सेंटर फॉर एजुकेशन ग्रोथ एंड रीसर्च, नई दिल्ली द्वारा आयोजित क्षा में विजन 2047 पर तीसरे शिखर सम्मेलन के दौरान होटल इरोस, नई दिल्ली में 300 से अधिक प्रमोटरों, कुलपतियों, निदेशकों, डीन और विशेष रूप से आमंत्रित प्रतिभागियों की उपस्थिति में ग्रहण किया।


### राधारमन इंस्टीट्यूट में छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 से 14 तक

**भोपाल।** राधारमन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में विद्यार्थियों में ग्रीन टेक्नोलॉजी (हरित प्रौद्योगिकी) के सतत विकास के लिए एक साप्ताहिक छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो 9 से 14 मई, 2024 तक चलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर प्रारंभिक सत्र में विशिष्ट विद्वान के रूप में एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा के डॉ अनिल कुमार, ने हरित प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर गहरे ज्ञान को साझा किया, विशेषकर जैव ईंधन गैसीकरण पर ध्यान केंद्रित किया। राधारमन ग्रुप के चेयरमैन आरआर सक्सेना, ने ग्लोबल वार्मिंग की बहुपक्षीय चुनौतियों के समाधान में हरित प्रौद्योगिकी की अपरिहार्य भूमिका को गहनता पूर्वक बताया। डायरेक्टर आर एंड डी डॉ पीके लहरी ने अपने विशेषज्ञता को साझा करते हुए छात्रों को हरित प्रौद्योगिकी के उत्पादन और अनुप्रयोग के बारे में मूल्यवान दृष्टिकोण प्रदान किया। डायरेक्टर डॉ अजय सिंह ने छात्रों के समग्र विकास पर इस तरह की पहल पर जोर दिया, जिससे छात्रगणों में नवीकरणीय ऊर्जा के महत्त्व की मानसिकता विकसित हो सके ।



### अपस्टॉक्स ने खुदरा निवेशकों को सशक्त बनाने उठाए अनेक नए कदम

**भोपाल।** प्रमुख वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म में से एक अपस्टॉक्स ने खुदरा निवेशकों को सही दिशा में निवेश करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनेक नए कदम उठाए हैं। अपस्टॉक्स का प्रयास है कि अपने उपयोगकर्ताओं को वित्तीय बाजार की जटिलताओं को समझाते हुए पूरे आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ नेविगेट करने में मदद की जाए। हम हर भारतीय को सभी प्रकार के एसेट क्लास में समझदारी से निवेश करने के लिए सही समझ और उपकरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य सभी निवेशकों और व्यापारियों की ज़रूरतों के लिए वन स्टॉप शॉप बनना है।



डायरेक्टर अमित लालन ने बतायाकि अपस्टॉक्स देशभर के टियर 2 और टियर 3 शहरों के अधिकांश ग्राहकों के साथ 1.3 करोड़ से अधिक के कस्टमर बेस को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। विशेष रूप से मध्य प्रदेश अपस्टॉक्स के ग्राहक आधार में योगदान देने वाली एक प्रेरक शक्ति के रूप में खड़ा है। राज्य के कुल अपस्टॉक्स उपयोगकर्ताओं में से 80 प्रतिशत से अधिक मिलेनियल्स हैं। भोपाल से सबसे अधिक भागीदारी है। अपस्टॉक्स उपयोगकर्ताओं के बीच इक्विटी भागीदारी के मामले में अन्य शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों की बात की जाए, तो इनमें इंदौर, ग्वालियर, छिंदवाड़ा और जबलपुर के नाम सामने आते हैं।

**कार्यालय आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर**

क्र. 129/21/02/10/गौशाला/79 ग्वा. दिनांक : 08/05/2024

जनसंपर्क RO क्रमांक 207 **विज्ञप्ति** दिनांक : 08-05-2024

नगर निगम ग्वालियर द्वारा संचालित आदर्श गौशाला लालटिपारा मुरार में गौवंश के खाद्य पदार्थों की सप्लाई हेतु राशि रु. **195000000/-** (उन्नीस करोड़ पचास लाख रुपये मात्र) हेतु **2nd call online (E-tender)** क्रमांक **2024_UAD_343894_2** दिनांक **07.05.2024** से आमंत्रित किया गया है, जो दिनांक **22.05.2024** को खोला जावेगा। उक्त ई-टेण्डर से संबंधित विस्तृत जानकारी पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है।

**नोडल अधिकारी, गौशाला, नगर निगम ग्वालियर**

## चिंतन

# शेयर बाजार में लगातार हो रही गिरावट स्थायी नहीं

शेयर बाजार एक ऐसा मंच है जहां वित्तीय समर्थक, दलाल और संगठन सार्वजनिक निगमों के कुछ हिस्सों का व्यापार कर सकते हैं। शेयर बाजार व्यवसायों को पूंजी तक पहुंच प्रदान करता है और निवेशकों को उन व्यवसायों में निवेश करने का मौका देता है और संभवतः उनके पैसे पर संभावित रिटर्न प्राप्त करता है। शेयर बाज़ार वैसे ही अर्थव्यवस्था की सामान्य भलाई का संकेत है, क्योंकि बाज़ार में उतार-चढ़ाव मौद्रिक परिस्थितियों और निवेशक भावनाओं में बदलाव को प्रतिबिंबित कर सकता है, लेकिन बाजार हर छोटी और बड़ी घटना से प्रभावित होना जोखिम भरा भी होता है। विश्व स्तर के ऐसे अनेक कारक हैं जो बाजार को न केवल प्रभावित करते हैं, बल्कि उसकी चाल भी तय करते हैं। भारतीय शेयर बाजार केंद्रीय बजट, कमोडिटी की कीमतों-इनपुट लागत, सोने की कीमतों और बॉन्ड से भी प्रभावित होता है। ऐसा ही आजकल हो रहा है। बृहस्पतिवार को भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली। यह क्रम बीते पांच दिनों से चल रहा है। गुरुवार को सेंसेक्स 850 अंक से ज्यादा टूटकर 72,616 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 280 अंक गिरकर 22,022 पर कारोबार कर रहा था। इस गिरावट की बड़ी वजह विदेशी निवेशकों और अन्य निवेशकों की बड़ी मुनाफावसूली मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि विदेशी निवेशक इस महीने भारी बिकवाली कर रहे हैं। मई 2024 में गुरुवार तक कैश सेगमेंट से एफआईआई 15863 करोड़ रुपये बेच चुके हैं, जबकि फ्यूचर एंड ऑप्शन (एफएंडओ) सेगमेंट में एफआईआई 5,292 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। इसके अलावा हाल ही में कुछ यूएस फेड अधिकारियों की हॉकिश बातों ने भारतीय शेयरों पर अतिरिक्त दबाव डाला है। इस महीने की शुरुआत में कुछ मुनाफावसूली देखने के बाद इस तरह के बयानों की वजह से अमेरिकी डॉलर में तेजी देखने को मिली है, जिसकी वजह से यूएस ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे भारतीय शेयर बाजार प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। जो लगातार बाजार को प्रभावित कर रहे हैं। इसी वजह से शेयर बाजार में समय से पहले मुनाफावसूली शुरू हो गई है। ये बिकवाली केवल फ्रंटलाइन लार्ज-कैप शेयरों में ही दिखाई दे रही है। बिकवाली का एक बड़ा कारण यह भी है कि वित्त वर्ष 2024 के चौथी तिमाही के नतीजे जिस तरीके के आने चाहिए थे, वो देखने को नहीं मिले हैं। इसका असर भी शेयर बाजार में देखने को मिल रहा है। इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए कि भारत तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन बाजार निवेशकों को उम्मीद थी कि चौथी तिमाही के नतीजे और बेहतर आने चाहिए थे। जो न आ पाने के कारण बाजार पस्त हो रहा है। वैसे भी अब तिमाही नतीजों का मौसम खत्म होने वाला है। उससे पहले निवेशकों की ओर मुनाफा वसूली की जा रही है। जिससे बाजार गिर रहा है, लेकिन यह तय है कि ये गिरावट स्थायी नहीं है। स्थायी होने का कोई कारण भी नहीं है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बाजार फिर तेजी की ओर लौटेगा।

## सारा संसार



बैजनाथ मंदिर हिमाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय मंदिरों में से एक है और यहां भगवान शिव को 'उपचार के देवता' के रूप में पूजा जाता है। बैजनाथ या वैद्यनाथ महान भगवान शिव के अवतार हैं, और इस अवतार में, महान भगवान अपने भक्तों को सभी दुखों और पीड़ाओं से मुक्त करते हैं।

## परशुराम जयंती

श्वेता गोयल



# कालांतर तक अमर हैं परशुराम

हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाती है, जो इस बार 10 मई को है। भगवान परशुराम का जन्म त्रेता युग में भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में भार्गव वंश में सप्तऋषि में से एक ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के यहां हुआ था। मान्यता है कि परशुराम के जन्म के पूर्व रेणुका तीर्थ पर जमदग्नि और रेणुका ने भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी, जिससे प्रसन्न होकर शिव ने उन्हें वरदान दिया था कि स्वयं भगवान विष्णु रेणुका के गर्भ से जमदग्नि के पांचवें पुत्र के रूप में पृथ्वी पर अवतार लेंगे। भगवान परशुराम को भगवान शिव और विष्णु का संयुक्त अवतार माना जाता है और मान्यता है कि उन्होंने भगवान विष्णु से पालनहार के गुण और दुष्टों का संहार करने के लिए भगवान शिव से युद्ध कला में निपुणता हासिल की। बगैर किसी अस्त्र के ही उन्होंने बहुत सारे असुरों का नाश किया। भगवान परशुराम का उल्लेख रामायण, महाभारत, भागवत पुराण, कल्कि पुराण इत्यादि अनेक ग्रंथों में है। अपने पिता की हत्या के प्रतिशोध में उन्होंने 21 बार पृथ्वी से क्षत्रियों का विनाश किया। उनकी दानशीलता ऐसी थी कि एक बार उन्होंने समस्त पृथ्वी ही ऋषि कश्यप को दान कर दी थी। उनके शिष्य बनने का लाभ दानवीर कर्ण ही ले पाए थे, जिसे उन्होंने ब्रह्मास्त्र की दीक्षा दी थी। धर्मग्रंथों के अनुसार पृथ्वी पर रहने वालों में परशुराम और रावण के पुत्र इंद्रजीत को ही सबसे खतरनाक, अद्वितीय और शक्तिशाली अस्त्र, ब्रह्मांड अस्त्र, वैष्णव अस्त्र तथा पशुपत अस्त्र प्राप्त थे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं और परशुराम भी विष्णु के अवतार हैं, इसीलिए परशुराम को भगवान विष्णु और भगवान राम दोनों के समान शक्तिशाली माना गया है। भगवान परशुराम क्रोध के पर्याय रहे हैं, इसलिए उन्हें भगवान विष्णु का आवेशावतार भी कहा जाता है। माता-पिता के प्रति परशुराम का समर्पण ऐसा था कि वे उनकी आज्ञा का पालन करने के लिए कुछ भी कर सकते थे। एक बार उनकी माता रेणुका पानी भरने नदी किनारे गई, लेकिन कुछ देवताओं के आने के कारण उन्हें आश्रम लौटने में विलंब हो गया। ऋषि जमदग्नि ने अपनी शक्ति से इसका कारण जान लिया और रेणुका के आने पर अत्यधिक क्रोधावस्था में अपने पांचों पुत्रों को बुलाकर उन्हें अपनी माता का वध करने की आज्ञा दी। परशुराम को छोड़कर चारों भाईयों ने माता के प्रति प्रेमभाव व्यक्त करते हुए पितृ आज्ञा मानने से इन्कार कर दिया। क्रोधित जमदग्नि ने चारों को पत्थर बनने का श्राप दे दिया। परशुराम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए उनके चरणों में सिर झुकाकर अपने अस्त्र फरसे से तुरंत माता रेणुका का वध कर दिया। इस पर जमदग्नि उनसे खुश हुए और मनचाहा वरदान मांगने को कहा। परशुराम ने माता रेणुका सहित चारों भाईयों को पुनः जीवित करने का वरदान मांगा और जमदग्नि ने सभी को नवजीवन प्रदान किया। अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले में स्थापित परशुराम कुंड के संबंध में मान्यता है कि परशुराम ने अपनी माता का वध करने के बाद इस कुंड में स्नान कर अपने पाप का प्रायश्चित किया था। हिंदू पुराणों के अनुसार परशुराम को कलियुग में ऋषि के रूप में पूजा जाता है और उन्हें आंठवें मानवतारा के रूप में सप्तऋषि के रूप में गिना जाता है। उनकी गिनती महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, मार्कन्डेय सहित उन आठ अमर किरदारों में होती है, जिन्हें कालांतर तक अमर माना जाता है।

(लेखिका शिक्षिका0 हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



आम चुनाव
अखिलेश आर्येंदु

# राष्ट्र प्रथम हो मतदान का आधार

**आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक ही सीमित हो गया है। न तो नौकरी राष्ट्र को योगदान करने की मंशा से करने की भावना है लोगों में और न तो व्यापार ही। यही वजह है आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्ज माफी का जो वादा चुनाव में किए जा रहे हैं वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नज़र आ रहे है। ऐसे में संकीर्ण दायरों से बाहर आना ही होगा। उम्मीद की जानी चाहिए राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेगे और जीतेंगे भी।**

चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों व आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन का याद आना लाजिमी है, जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान व चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो। यह उपदेश तब और महत्वपूर्ण हो जाता है जब देश की नई सरकार चुनने का अवसर हो। एक नागरिक का कर्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए पर चाणक्य का कहना है, कर्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं-भली प्रकार सोच-विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए। पांच साल के बाद जनता को यह अवसर मिलता है कि वह निवर्तमान सरकार के कार्यों, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच के खूब सोच-समझ कर अपना मत दे। तमाम तरह के सर्वे यह समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात-पात की मानसिकता हावी है। ऐसे वक्त में जब दुनिया के तमाम देशों में चुनाव देश की गम्भीर समस्याओं और विकास के मुद्दे पर लड़े व जीते जाते हैं, ऐसे में भारत के इस आम चुनाव में वे मुद्दे ज्यादा हावी हैं जो राष्ट्र निर्माण की अपेक्षा व्यक्तिगत स्वार्थ साधने वाले अधिक लगते हैं। व्यक्तिगत हित साधन के मुद्दे राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए मददगार नहीं हैं। शायद हम भारतवासी बार-बार भूल करते रहे हैं कि केंद्र या राज्यों में कैसी भी सरकार हो, शासन उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप होना ही चाहिए। इस भूल ने भारत को विकास की दौड़ में दुनिया के तमाम देशों से बहुत पीछे कर दिया। हम मतदाता अपने नागरिक कर्तव्यों को बेहतर सोच व परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं।

ताजा सर्वेक्षण इस बात की तसदीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा की अपेक्षा महंगाई और बेरोजगारी को अधिक तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए कोई खास अहमियत नहीं रखते। बेहतर शासन की कवायदों की जगह आरक्षण और संविधान बचाने का सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा भा रहा है। यदि ऐसा है तो यह भारत जैसे देश के लिए चिंता की बात ही मानी जाएगी, क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है और न संविधान ही बदला जाएगा। इसका एनडीए के घोषणा पत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की माने तो यह भी हो सकता है कि, लोग केंद्र और राज्य सरकार को चुनते हुए कुछ उनके निहित स्वार्थ उन्हें राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। यह भारत जैसे बहुसंस्कृतियों और मजहब वाले देश के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्दरेक भारत में खास अवसरों पर ही देखा जाता है। आजादी के बाद पिछले 76 वर्षों में राष्ट्र प्रथम का कर्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ। यही वजह है हर बार आम चुनाव में यह देखा गया है कि चुनाव जीतने के लिए वे मुद्दे जो



व्यक्ति केंद्रित, तुष्टिकरण या सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के मद्देनजर कर्जमाफी, आरक्षण बचाओ, संविधान बचाओ या गरीबी हटाओ जैसे मुद्दे उछाले जाते रहे।


व्यक्ति, परिवार और जाति-मजहब केंद्रित दलों की स्वार्थवादी सोच ने भारत की साख, शक्ति और अस्मिता के सवालों को कभी तवज्जो दी ही नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि व्यक्तिगत हित साधन और महज आत्म-केंद्रित स्वार्थों की ही पूर्ति होती रही। राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचा ही नहीं गया। इससे आंचलिक क्षत्रपों के पारिवारिक व सामाजिक हित साधन होते रहे, लेकिन राष्ट्र व सर्वहित हमेशा पीछे छूटता रहा। यदि आजादी के 76 साल बाद भी बेरोजगारी, महंगाई ही लोगों के लिए सबसे बड़ी देश की समस्याएं हैं तो यह उसी व्यक्तिवाद और तुष्टिकरण का परिणाम है जिससे देश में तमाम तरह की समस्याएं पैदा होती रही हैं। इस चुनाव में देश संबंधी संकल्पनाओं और सर्वजन हिताय व सर्व जन सुखाय को राष्ट्र निर्माण के आधार के रूप में कुछ दलों के घोषणा पत्रों में चर्चा तो की गई है, लेकिन यह चुनाव में प्रमुख मुद्दे के रूप में चर्चित नहीं हुआ है। हैरान करने वाली बात है कि तमाम गुलामी के प्रतीकों और संस्थाओं के विरुद्ध राष्ट्रहित में कोई बुलंद आवाज सुनाई नहीं दे रही है। उसकी जगह एक दूसरे पर कीचड़ उछाल प्रतियोगिता देखने को जरूर मिल रही है। इससे किसका हित साधन होगा, कहने की जरूरत नही है। नई पीढ़ी जो 21वीं सदी के शुरुआत में पैदा हुई वह जवान हो चुकी है। उसके सामने राष्ट्र निर्माण और सर्व समाजहित की बात सोचने वाले बेदाग चरित्र नायकों का अभाव दिख रहा है। यदि भ्रष्टाचार शिष्टाचार कहा जाने लगा है और जनता इसके खिलाफ उठ खड़ी नहीं हो रही है तो यह भारतीय समाज व देश के लिए चिंता की बात ही कही जाएगी। व्यक्ति व समाज निर्माण में रोड़ा समझे जाने वाले नकारात्मक शब्दों और लोगों को यदि महिमामंडित करने की होड़ लगी हो तो, भला राष्ट्र निर्माण के पवित्र कार्य के लिए माहौल कैसे बनाया जा सकता है? मूल्याधारित राजनीति अब बीते जमाने की बात हो चुकी है, इसलिए राजनीतिक दलों से मूल्याधारित राजनीति और बेदाग छवि वाले नेताओं के नेतृत्व की आशा भी नहीं की जा सकती है। दूसरी तरफ मीडिया के अर्थ केंद्रित होने से मौजूदा राजनीति का निष्पक्ष मूल्यांकन नहीं हो पा रहा है। दाग को बार-बार दिखाने से आंखें दाग देखने की अभ्यस्त हो जाती हैं। यही वजह है कि दागदार नेताओं की बहुत बड़ी तादाद आज भारतीय राजनीति का हिस्सा बन चुकी है और उनके खिलाफ कोई आक्रोश कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि दागियों के प्रति जनता में कोई आक्रोश नहीं उभरता।

आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक ही सीमित हो गया है। न तो नौकरी राष्ट्र को योगदान करने की मंशा से करने की भावना है लोगों में और न तो व्यापार ही। यही वजह है आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्ज माफी का जो वादा चुनाव में किए जा रहे हैं वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नज़र आ रहे हैं। यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही जा रही है तो उन सभी मुद्दों, समस्याओं, विसंगतियों और खामियों पर ईमानदारी से गौर करना ही होगा जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में रुकावट बने हुए हैं। बढ़ती आबादी, घटते संसाधन और लोगों की अति महत्वाकांक्षा को पूरा करने की चुनौती केंद्र में आने वाली सरकार के सामने होगी ही। ऐसे में संकीर्ण दायरों और सोच से बाहर आना ही होगा। तभी भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया को अपनी ताकत का एहसास करा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए देश के सभी राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेगे और जीतेंगे भी।

(लेखक चिंतक और समाजकर्मी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित
दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करतेहम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

# क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## सटाका




## आज की पाती

### रेडक्रास का सर्वकालिक महत्त्व

दुनिया में मानवता सबसे बड़ा धर्म है। मानवता को दर्शाते दुनिया में बहुत से दिवस मनाए जाते हैं। इन्हीं में से एक है विश्व रेडक्रॉस दिवस। यह हर वर्ष 8 मई को मनाया जाता है। इस बार इस दिवस का थीम है 'मैं खुशी के साथ देता हूं और जो खुशी मैं देता हूं वह एक इनाम है'। इस थीम से ही साबित हो रहा है कि यह संस्था निस्वार्थ भाव से काम कर रही है, दूसरों की मदद करके जो खुशी हासिल होती है, वो ही सच्चा इनाम होता है।इतिहासकार बताते हैं कि इस दिवस के मनाने का मुख्य कारण हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन पर उनको याद करना है। वर्ष 1859 में सोल्फेरिनो युद्ध में हजारों सैनिकों की मृत्यु हो गई थी और हजारों घायल भी हुए थे। इन घायल सैनिकों की हालत देखकर हेनरी ड्यूनेंट का हृदय विचलित हुआ तो उन्होंने इन सैनिकों की मदद की थी। *–रवि प्रकाश शर्मा, महासमुंद*

## ट्रेंड

### जलवायु संबंधी खतरे देखे



डब्लूएमओ रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में रिकॉर्ड जलवायु संबंधी खतरे देखे गए। खतरनाक मौसम और जलवायु से सुरक्षा प्रदान करने के लिए क्लाइमेट एक्शन की तत्काल आवश्यकता और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के महत्व का एक और रिपोर्ट।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### आध्यात्मिक रहें



आध्यात्मिक विद्या सब प्रकार की विद्याओं में श्रेष्ठ है। आध्यात्मिक बल विषम परिस्थितियों में सहायक है। अध्यात्म हमारे स्वभाव की यात्रा है, जिसका फलादेश है-अज्ञान जनित विकारों से मुक्ति। अतः जीवन की दिव्यता के उदय हेतु आध्यात्मिक रहें।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### नफरत नहीं, नौकरी चुनो



देश के युवाओं! 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफरत नहीं, नौकरी चुनो।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### बीजेपी आरक्षण ख़त्म करेगी



बीजेपी का नेता आदिवासी युवक के सिर पेशाब करता है। गुजरात में गेंद छूने पर दलित बच्चे का अंगूठा काट लिया गया। बीजेपी दलितों पिछड़ों आदिवासियों से नफ़रत करती है। बीजेपी आरक्षण ख़त्म करेगी।

-संजय सिंह, आप नेता

## करंट अफेयर

# भारत की तीस्ता परियोजना में सहयोग की पेशकश



बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारत ने बांग्लादेश में सीमा पार तीस्ता नदी पर एक जलाशय के निर्माण के लिए सहयोग देने की पेशकश की है। बांग्लादेश के दौरे पर आए विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने प्रधानमंत्री शेख हसीना और हसन से मुलाकात की, जिसके बाद बांग्लादेशी मंत्री ने यह जानकारी दी। तीस्ता जल का बंटवारा भारत और बांग्लादेश के बीच एक विवादास्पद मुद्दा है और मुख्य रूप से इसी कारण बांग्लादेश ने जलाशय के निर्माण की पहल की और चीन ने इस परियोजना का समर्थन करने की तुरंत इच्छा जताई। क्वात्रा बुधवार शाम ढाका पहुंचे। महमूद ने क्वात्रा से मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'आप जानते हैं कि हमने तीस्ता से जुड़ी एक बड़ी परियोजना शुरू की है। भारत उसका वित्त-पोषण करना चाहता है। हमने कहा कि परियोजना हमारी जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए, इसे हमारी जरूरतों को पूरा करना होगा।' बहरहाल, मंत्री ने भारत के प्रस्ताव के बारे में विस्तार से नहीं बताया। बांग्लादेश ने कुछ महीने पहले कहा था कि वह भारत से बांग्लादेश में प्रवेश करने वाली तीस्ता पर जलाशय बनाने के चीनी प्रस्ताव से जुड़ी 'भू-राजनीति' पर गौर करेगा।

## ऑफ बीट

# जलवायु परिवर्तन बन रहा अत्यधिक बारिश का कारण



अभूतपूर्व बाढ़ के बारे में मीडिया लेखों में, आप अक्सर यह कथन सुनेंगे कि प्रत्येक 1° सेल्सियस वार्मिंग बढ़ने पर, वातावरण लगभग 7% अधिक नमी धारण कर सकता है। यह आंकड़ा फ्रांसीसी इंजीनियर साडी कार्नोट द्वारा किए गए शोध से आया है और 200 साल पहले इसी साल प्रकाशित हुआ था। अब हम जानते हैं कि कहानी में और भी बहुत कुछ है। हाँ, अधिक गर्म वातावरण में अधिक नमी धारण करने की क्षमता होती है। लेकिन बारिश की बूंदें बनाने के लिए जलवाष्प के संघनन से गर्मी निकलती है। यह, बदले में, गरज के साथ मजबूत संवहन को बढ़ावा दे सकता है, जो बाद में काफी अधिक बारिश कर सकता है। इसका मतलब यह है कि अत्यधिक वर्षा की तीव्रता प्रति डिग्री वार्मिंग से 7% से अधिक बढ़ सकती है। हम जो देख रहे हैं वह यह है कि गरज के साथ बौछारें उस दर से लगभग दोगुनी या तिगुनी हो सकती हैं – वार्मिंग की प्रत्येक डिग्री के लिए लगभग 14-21% अधिक बारिश। तूफान दुनिया भर में अत्यधिक बाढ़ का एक प्रमुख कारण है, जो ब्राजील की विनाशकारी बाढ़ में योगदान देता है, जिसने सैकड़ों शहरों को जलमग्न कर दिया और दुबई के हवाई अड्डे और सड़कों पर पानी भर गया।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# मदर्स-डे के लिए बच्चे बना रहे हार्ट शेप, फ्लॉवर शेप की रियल चॉकलेट

## दीपिका खेमानी ने बच्चों के लिए लगाई एक दिवसीय रियल चॉकलेट मेकिंग वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मदर्स डे आने वाला है, ऐसे में बच्चे अपनी मम्मी को गिफ्ट देने के लिए कुछ न कुछ नया सीख रहे हैं, नया कर भी रहे हैं। मदर्स डे की इसी खुशी में कई बच्चे अपनी मम्मियों के लिए चॉकलेट भी बना रहे हैं और इस चॉकलेट मेंकिंग वर्कशाप का आयोजन किया जा रहा है दीपिका खेमानी के द्वारा। दीपिका खेमानी ने बताया कि मैं इन बच्चों को कंपाउंड की जगह रियल चॉकलेट बनाना सिखा रही हूं, अलग-अलग डिजाइन की रियल चॉकलेट्स से बच्चे अपनी मां को मदर्स डे पर चॉकलेट गिफ्ट दे सकते हैं।

### चार स्टेप्स से सीखें चॉकलेट मेकिंग

1 टेंपरिंग- कोको मक्खन को पिघला लें।
2 फ्लेवर तैयार करना - चॉकलेट के लिए वनीला, बिस्कॉफ, फ्रूट्स एंड नट्स जैसे फ्लेवर तैयार करें।
3 मोल्ड करना - एक साफ और सूखा मोल्ड लेकर उसमें लिक्विड फार्म में तैयार चॉकलेट डालकर मोल्ड करें, सभी कोनों से चॉकलेट फिल हो जाए, यह ध्यान रखें और बबल्स को हटाने के लिए मोल्ड कंटेनर को हिलाएं।
4 फ्रीज करना- मोल्ड को फ्रीज में रखें, कम से कम 30 मिनट या रात भर भी रख सकते हैं, चॉकलेट के जमने के बाद मोल्ड को पलट कर चॉकलेट निकालें, आपकी रियल चॉकलेट बनकर तैयार है।





### फ्लॉवर शॉप, हार्ट शेप, सिक्के के आकार की चॉकलेट बनाई

उन्होंने बताया कि इस वर्कशॉप में करीब 40 बच्चों ने फ्लावर शॉप, हार्ट शेप, सिक्के के आकार की चॉकलेट बनानी सीखी। दीपिका ने बताया कि इस चॉकलेट मेंकिंग में बच्चों ने कुकी एंड क्रीम, बिस्कॉफ का भी प्रयोग किया।

### चॉकलेट में प्रयुक्त हाइड्रोजन पॉर्म ऑयल से कैंसर का खतरा

इस एक दिवसीय कार्यशाला में दीपिका ने इन्हें अलग-अलग डिजाइन की स्वादिष्ट चॉकलेट बनाना सिखाया, जिसमें कई बच्चों ने खुद के ही फ्लेवर ऐड करके चॉकलेट को एक नया टेस्ट और नया लुक दिया। दीपिका ने बताया कि मार्केट में कैडबरी जैसी कई ऐसी कमपाउंड चॉकलेट्स हैं जिसमें हाइड्रोजन पॉर्म ऑयल का प्रयोग होता है, जो कैंसर के लिए जिम्मेदार होती है। वहीं रियल चॉकलेट में इसका प्रयोग नहीं होता और वह आपके शरीर के लिए बेनिफिशियल भी रहती है, इसीलिए मैं बच्चों को रियल चॉकलेट से ही चॉकलेट बनाना सिखा रही हूं। जिसमें कोकोआ बटर के साथ-साथ, डार्क चॉकलेट, कोको पाउडर का प्रयोग किया जाता है।

---

## हरनूर आर्ट कैंप में अपने चित्र एग्जीबिट करने आए प्रसिद्ध चित्रकार नबीबख्श ने कहा-

# अहमदाबाद की प्रसिद्ध गुफा डिजाइनिंग में किया एमएफ हुसैन को असिस्ट

**श्यामला हिल्स स्थित हरनूर आर्ट कैंप में देशभर के दस चित्रकारों का आर्ट वर्क एग्जीबिशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैंने एमएफ हुसैन जी के साथ भी काम किया है जब वह अहमदाबाद आए थे, तब मेरा उनसे परिचय हुआ था, अहमदाबाद की फेमस हुसैन दोशी गुफा में एमएफ हुसैन को मैंने असिस्ट किया था, तब से ही उनसे एक रिलेशन बन गया और उसके बाद वह मेरे स्टूडियो भी आए थे और मेरे स्टूडियो में एक पेंटिंग भी हुसैन सर ने मुझे गिफ्ट की थी जो इस्लाम में एथेंटिक के ऊपर बनी है। आज इस आर्ट कैम्प में मैं दुख भंजन साहिब पेड़ के नीचे बने सरोवर पर आधारित पेंटिंग बना रहा हूं। यह कहना है प्रसिद्ध आर्टिस्ट नबीबख़्श मंसूरी का जो हरनूर आर्ट कैम्प में अपना आर्ट वर्क एग्जीबिट कर रहे हैं। गुरुवार से शुरू हुए चार दिवसीय इस आर्ट कैम्प में देशभर के 10 आर्टिस्ट अपना अपना आर्ट वर्क एग्जीबिट कर रहे हैं।




### दुख भंजन पेड़ के समीप बनाई श्रद्धा के प्रतीक सरोवर की पेंटिंग



नबीबख्श ने कहा कि मैंने अनेकों आर्ट वर्क बनाए हैं, जो अलग-अलग थीम पर आधारित हैं, लेकिन इस आर्ट एग्जीबिशन में मैंने हरमंदिर साहिब के सरोवर के दृश्य को बनाया है, जिसमें दुख भंजनी पेड़ के नीचे बने सरोवर को अपने आर्ट वर्क में बनाया। लोगों में ऐसी मान्यता भी है कि इस सरोवर में यदि कौआ भी डुबकी लगाता है तो हंस बन जाता है, वहीं कई रोगियों के रोग भी इस सरोवर में स्नान से ठीक हुए हैं। बस इसी श्रद्धा को मैंने अपने आर्ट वर्क में उतारने की कोशिश की हैं।

### एब्स्ट्रेक्ट और सिंबॉलिक फार्म में बने कण-कण में राम



आर्ट कैम्प में कुसुमलता शर्मा ने एब्स्ट्रेक्ट और सिंबॉलिक को मिलाकर छोटे-छोटे प्रतीक के रूप में कण-कण में राम को सिंबल के रूप में दर्शाया है, उनके इस आर्टवर्क में गोलाकार पृथ्वी के रुप और इसके चारों ओर परिक्रमा करते गोलाकार चंद्रमा को शांति के प्रतीक के रूप में बनाया है।

### लेह-लद्दाख के पहाड़ों और प्राकृतिक सौंदर्य से सजी पेंटिंग



वहीं संजू जैन के आर्टवर्क में एब्स्ट्रेक्ट फॉर्म देखने को मिला, जिसमें उन्होंने लेह-लद्दाख की सीरीज पर काम को रिप्रजेंट किया है, इस पेंटिंग में उन्होंने लेह लद्दाख के पहाड़ और इस पहाड़ों के कॉर्नर, वहां के प्राकृतिक सौंदर्य, को अपने आर्टवर्क में दिखाने की कोशिश की है।

### शाहजहां और मुमताज के रूप में बने बीगल कपल्स



आर्ट कैम्प में भोपाल की बंदना कुमारी ने शेर और शेरनी को सिंबोलाइज करके बीगल को शेर और शेरनी का रूप दिया है। बंदना ने कहा कि मैं ज्यादातर शेर और शेरनी को ही बनाती हूं, लेकिन भोपाल नवाबों का शहर रहा है, राजे रजवाड़ों का शहर है। ऐसे में मैंने अपने आर्ट वर्क में शाहजहां और मुमताज के रूप में बीगल कपल्स को दर्शाया है।

---

## पुस्तक 'द पेंटर पेंट्स अवे द डे' पर चर्चा



# गाग की याद में लिखे गीत पर आधारित है किताब का शीर्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यह किताब मेरे बचपन और इलाहाबाद में बिताए गए वर्षों की यादों, वह यादें जो मैंने अपने परिवार के साथ बिताई और प्रशासनिक सेवा के अनुभव को मैंने इस पुस्तक में लिखा। किताब का शीर्षक पॉल आंका द्वारा मशहूर आर्टिस्ट विन्सेंट वान गाग की याद में लिखे गए गीत पर आधारित है।

यह कहना है अवकाश प्राप्त प्रशासनिक अधिकारी राकेश अग्रवाल का, जो गुरुवार को क्लब लिटराटी द्वारा अरेरा क्लब में आयोजित पुस्तक पर चर्चा में बोल रहे थे। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल की पुस्तक 'द पेंटर पेंट्स अवे द डे' पर चर्चा की गई, जिसमें सेवानिवृत आईएएस अधिकारी अंशु वैश लेखक से बातचीत करते हुए उनसे पुस्तक लिखने की प्रेरणा और उसकी विषय वस्तु के बारे में सवाल किये।

यह दूसरे ब्यूरोक्रेट्स द्वारा लिखी गई आत्मकथाओं से भिन्न है। मेरी पुस्तक उन्होंने बताया कि किताब लिखने की प्रेरणा उनको जॉन क्राकॉवेर की पुस्तक 'इंटू द वाइल्ड' से मिली। अपनी किताब की विशेषता बताते हुए कहा की वह कई मायनों में दूसरे ब्यूरोक्रेट्स द्वारा लिखी गयी आत्मकथाओं से भिन्न है। उन्होंने भारत में सिविल सेवाओं और सिविल सेवकों की विशेषताओं पर अपने विचार साझा किए।

### जीवन के खूबसूरत आयामों को संजोया

राकेश की इस पुस्तक से उनके प्रकृति एवं रंगों से लगाव साफ झलकता है कि कैसे उन्होंने अपनी व्यस्तताओं के रहते जीवन के खूबसूरत आयामों को अपनी कला के माध्यम से संजो कर रखा है। बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के वे एक उत्कृष्ट आर्टिस्ट के रूप में उभर कर आये हैं एवं देश की प्रसिद्ध कला दीर्घाओं में उनकी पेंटिंग्स भी प्रदर्शित हो चुकी हैं।

---




# बाल मन की गहरी समझ का साहित्य लिखा जाना जरूरी

**मानस भवन में बाल साहित्यकारों का सम्मान समारोह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानस भवन में बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र द्वारा गुरुवार को बाल साहित्यकारों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में खेम सिंह डहरिया कुलपति हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल ने कहा कि बच्चे कोमल मन के होते हैं, बचपन में उन्हें जो कविता कहानी सुनाई जाती है वह जीवन पर्यंत याद रहती हैं, इसलिए बाल मन की गहरी समझ का साहित्य लिखा जाना जरूरी है। इसी कड़ी में डॉ राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि रामायण में बालकांड ही बच्चों को संस्कारों की सीख देता है ऐसा साहित्य भी बच्चों को पढ़ना जाए, डॉ. विकास दवे ने कहा कि बाल साहित्य की सभी विधाओं का साहित्य उन्हें पढ़ने को देना जरूरी है।

### कई पुस्तकों का लोकार्पण एवं सम्मान समारोह

इस अवसर पर कई पुस्तकों का लोकार्पण हुआ। डॉ. रेणु शर्मा की जादुई पेंसिल, नृपेंद्र कुलश्रेष्ठ की गीतों का गुलदस्ता, अशोक कुमार धमेनि की पशु पक्षियों की कहानी लोकार्पित हुई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि दिनेश प्रभात, स्वागत भाषण डॉ. उषा खरे ने दिया। इसके साथ ही कई हस्तियों को सम्मानित भी किया गया, जिनमें डॉ. विकास दवे, डॉ. अल्पना वर्मा भोपाल, विमला रस्तोगी दिल्ली, किरण सिंह पटना, वर्षा ढोबले भोपाल, नरेंद्र कुलश्रेष्ठ फरीदाबाद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं।

---

# मैनिट के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार विभाग में प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल में 8 से 12 मई तक वायरलेस कम्युनिकेशन सिस्टमः 5जी और उससे आगे पर एक सप्ताह का लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

मुख्य अतिथि मैनिट निदेशक प्रो.करुणेश कुमार शुक्ला ने उद्घाटन किया। विभाग के प्रमुख डॉ. आरएन यादव ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेल फ्री मैसिव एमआईएमओ, भारत 6जी- भारत के नवाचार का मार्ग, दृश्यमान प्रकाश संचार और अन्य संबंधित विषय को शामिल किया गया हैं। इस प्रशिक्षण के साथ, प्रतिभागी 5जी प्रौद्योगिकी के विकास, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग और इसके सामाजिक-तकनीकी प्रभावों को सीखेंगे।




## मदर्स-डे पर गांधी भवन में गूंजेंगे सदाबहार गीत

**भोपाल।** मदर्स-डे पर रविवार दोपहर तीन बजे श्यामला हिल्स स्थित गांधी भवन में सदाबहार गीतों का संगीतमय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के आयोजक दीपक दीवाना ने बताया कि मातृ दिवस पर मां की याद में मां को समर्पित गीतों के साथ सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। सहभागी गायक साथियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

---

# एम्स डॉक्टरों ने ग्रामीणों को गर्मी से बचने के दिए टिप्स, गौहरगंज में लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी बढ़ने के साथ स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है। इसके साथ पेट संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। इसी को देखते हुए केंद्र के आउट रीच प्रोग्राम के तहत एम्स ने सीएचसी गोहरगंज में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया। इस दौरान ट्रॉमा और आपातकालीन चिकित्सा विभाग की टीम ने 70 लोगों की जांच की, जिसमें ज्यादातर बच्चे व महिलाएं शामिल हुए। विभाग की डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि यहां स्थानीय लोगों के लिए ओपीडी चलाई गई। एम्स की



◆ ट्रॉमा और आपातकालीन चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों की टीम ने 70 लोगों का किया चैकअप

टीम ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों पर जानकारी भी दी। जिसमें में गर्मी में होने वाले स्ट्रोक, दिल की बीमारियों, दौरे और सामान्य बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई। इसके अलावा बच्चों में आकस्मिक चोटों को कम करने के गुर भी दिए गए।

---

## रेखा के संग्रह 'नीली बरसाती' का लोकार्पण




# जरूरतें, रुद्राक्ष जैसी लघुकथाएं मौजूदा समय की मांग: डॉ. दवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तुलसी साहित्य अकादमी एवं लघुकथा शोध केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में श्री मती रेखा सक्सेना के लघुकथा संग्रह नीली बरसाती का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष निदेशक साहित्य अकादमी म.प्र डॉ. विकास दवे, मुख्य अतिथि गृह विभाग के सचिव ओमप्रकाश श्रीवास्तव, विशेष अतिथि डॉ.मोहन तिवारी 'आनंद' राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी भोपाल रहे। गोकुल सोनी सोनी एवं कांता राय निदेशक लघुकथा शोध केंद्र ने नीली बरसाती की समीक्षा की। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम मैथिल अमृत ने किया। मंचस्थ अतिथियों ने रेखा सक्सेना की प्रकाशित कृति नीली बरसाती का लोकार्पण किया। विशेष अतिथि डॉ. मोहन तिवारी आनंद ने नीली बरसाती की लघुकथाओं को समय काल और परिस्थितियों का आइना बताया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहित्य अकादमी भोपाल के निदेशक डॉ.विकास दवे ने नीली बरसाती की लघुकथाओं को वर्तमान समय और परिस्थितियों का आईना बताया। उन्होंने कहा कि इस कथा संग्रह की जरूरतें, रुद्राक्ष तथा गूंज जैसी लघुकथाएं वर्तमान समय की मांग हैं।

---

## हैल्पबॉक्स फाउण्डेशन के सोश्योआर्ट पहल के तहत जीवन संवाद सत्र चायनामा में चाय पर चर्चा

# हमें स्वच्छता का नशा है, तभी बनाया स्वच्छता किटी ग्रुप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## हर बाशिंदे को इस शहर को अपना आंगन समझना चाहिए

हमें जुनून है काम करने का, हमें स्वच्छता का नशा है। शहर को स्वच्छ बनाना हमारा कर्तव्य है और इस जुनून भरे नशे के कारण समय अपने आप निकल आता है और स्वच्छता का नशा यहां के हर नागरिक में आ जाए तो देर नहीं लगेगी इस शहर की और सुंदर तस्विर बनने में। यह बात हैल्पबॉक्स फाउण्डेशन के सोश्योआर्ट पहल के तहत जीवन संवाद सत्र चायनामा में स्वच्छता किटी ग्रुप के मेंबरों ने कही।




उन्होंने कहा कि हर माह सभी सदस्य कुछ आर्थिक योगदान देते है जिससे हम शहर को स्वच्छ रखने का प्रयास करते है। हमारे 60-70 मेंबर है उनसे प्राप्त पैसों से पेंट लाते है, पौधे लाते है, जगह जगह से कबाड़ इकट्ठा करते है, कुछ खरिदते भी है। हर माह दो या तीन पाईंट को ब्यूटिफाई करते है। भोपाल को स्वच्छता सर्वेक्षण में एक नंबर पर न आने के सवाल पर ग्रुप मेंबर अल्पना गुप्ता ने कहा की जरूरत है थोडे सी जागरूकता की। सरकार अपना कार्य करती है उसी तरह शहर के हर बाशिंदे को इस शहर को अपना आंगन समझना चाहिए। यह शहर हर नागरिक की जिम्मेदारी है, यदि सब इसे प्यार करे इसे अपना घर समझे तो वह दिन दूर नहीं जब हम पहले पायदान पर आ जाए।



### नया कांसेप्ट लाए

ग्रुप लीडर रूचिका सचदेव ने बताया कि हमारा यह ग्रुप शहर के गार्बेज पाइंट की सफाई कर उसे खुबसूरत रूप देता है। हम कोई एनजीओ नहीं हैं और न ही सरकार या किसी संस्था से सहयोग मिलता है। इसे हमने किटी रूप दिया है जिसमें ग्रुप के सभी सदस्यों का कान्ट्रिब्यूशन रहता है।

# यह चुनाव विकास के लिए वोट और 'जिहाद के लिए वोट' के बीच मुकाबला



## तेलंगाना में गृहमंत्री शाह की ललकार

# 'भारतीय गारंटी' और 'चीनी गारंटी' समझें , यहां शरीयत नहीं चलेगी

शाह ने कहा कि तेलंगाना ने 'कमल' को चुनने का फैसला किया है, और इसका प्यार और आशीर्वाद इस बार हमें 400 के पार ले जाएगा। तेलंगाना के लोगों ने 2019 में हमें 4 सीटों का आशीर्वाद दिया। और इस बार मुझे यकीन है कि हम तेलंगाना में 10 से अधिक सीटें जीतने जा रहे हैं। तेलंगाना का यह 'डबल-डिजिट स्कोर' निश्चित रूप से मोदी जी को 400 के पार पहुंचा देगा।

### तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चला रहे

शाह ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'भारतीय गारंटी' और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'चीनी गारंटी' के बीच है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम तेलंगाना को शरिया और कानून पर चलाना चाहते हैं। शाह ने कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम को तुष्टिकरण की तिकड़ी बताते हुए कहा कि ये पार्टियां रामनवमी जुलूस नहीं निकलने देतीं और सीएए का भी विरोध करती हैं। ये लोग 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' (17 सितंबर) मनाने की अनुमति नहीं देते हैं। ये सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं।

एजेंसी ▶▶हैदराबाद

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तेलंगाना के चुनावी दौरे पर रहे। भुवनगिरि (भोंगीर) में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2024 का चुनाव राहुल गांधी या नरेंद्र मोदी का चुनाव है। यह चुनाव वोट फॉर जिहाद के विपरीत वोट फॉर विकास का चुनाव है।

यह चुनाव राहुल की चाइनीज गारंटी के खिलाफ मोदी जी की भारतीय गारंटी का है।शाह ने कहा कि तेलंगाना ने 'कमल' को चुनने का फैसला किया है और इसका प्यार और आशीर्वाद इस बार हमें 400 के पार ले जाएगा। तेलंगाना के लोगों ने 2019 में हमें 4 सीटों का आशीर्वाद दिया। और इस बार मुझे यकीन है कि हम तेलंगाना में 10 से अधिक सीटें जीतने जा रहे हैं। तेलंगाना का यह 'डबल-डिजिट स्कोर' निश्चित रूप से मोदी जी को 400 के पार पहुंचा देगा।

### कांग्रेस को तो उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे, रेवंत तो बने एटीएम

शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि उसे उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि बीआरएस तेलंगाना में विकास सुनिश्चित करने के वादे के साथ सत्ता में आई, लेकिन उसने केवल भ्रष्टाचार किया। आपने रेवंत रेड्डी को 5 साल दिए और उन्होंने तेलंगाना को कांग्रेस पार्टी के लिए 'एटीएम' में बदलने के अलावा कुछ नहीं किया। हम इसे भारत का नंबर वन राज्य बना देंगे।

चित्रकूट में भाजपाध्यक्ष नड्डा की विपक्ष को खरी-खरी

## भाजपा भ्रष्टाचारियों को 'मिटा' रही ऐसे लोग या तो जेल में हैं या बेल में

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा चित्रकूट में कांग्रेस सपा बसपा पर जमकर हमले किए। कहा



कि यह गठबंधन भ्रष्टाचारियों को बचाने और परिवारवाद को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने सीएम अरविंद केजरीवाल से लेकर वर्ष 2014 से पहले की सरकारों के तमाम घोटालों की लंबी लिस्ट बताई और कहा कि भाजपा भ्रष्टाचारियों को मिटाने के लिए काम कर रही है।आज ऐसे लोग या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। उन्होंने कांग्रेस की नक्सलवाद पर टिप्पणी का विरोध किया। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत दवा के निर्यात के मामले में दूसरे नंबर पर है। 25 करोड़ लोग गरीबों की रेखा से ऊपर उठ चुके हैं। भारत अब पिछलग्गू देश नहीं है। आर्थिक स्थिति में 11वें नंबर से 5वें नंबर पर है।

### 10 साल से केवल विकासवाद की राजनीति हो रही

उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आप लोगों ने यहां से प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को फिर से एक बार सांसद बनाकर दिल्ली भेजेंगे। मैं यहां महाराणा प्रताप जी जैसी महान आत्मा को भी मैं नमन करता हूं। 10 साल पहले राजनीति में क्या होता था जातिवाद, परिवारवाद और वोट बैंक की राजनीति। मोदी ने 10 साल में सिर्फ विकासवाद की राजनीति को आगे बढ़ाया।

झारखंड में सीतारमण का बड़ा हमला



### यहां हर सिग्नेचर के लिए वसूली! दीवार से पाताल तक मिल रहा कैश

**रांची।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रांची में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों के साथ एक संवाद कार्यक्रम में कहा कि झारखंड में इस कदर भ्रष्टाचार है कि यहां हर सिग्नेचर के लिए पैसे की वसूली होती है। कानून व्यवस्था इतनी खराब है कि रंगदारी की रकम न देने पर व्यवसायियों की हत्या तक हो रही है। यहां दीवार से लेकर पाताल तक कैश मिल रहा है। ये हालात बदलना चाहिए। यहां के लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त राज्य और देश के लिए वोट करना चाहिए।'पूर्वी भारत विकसित भारत के लिए उन्नति का इंजन' विषय पर संवाद कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने कहा कि जब बिहार से झारखंड अलग हुआ था, तब लगा था कि इसे जंगल राज से मुक्ति मिलेगी, लेकिन दुख की बात है कि पिछले साढ़े चार से यहां नया जंगल राज शुरू हो गया।

काशी में होगा पीएम मोदी का भव्य रोड शो

### 251 डमरू वादक, 251 शंखवादक और 251 बटुक करेंगे अभिवादन

251 डमरू वादक, 251 शंखवादक और 251 बटुक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो का आकर्षण होंगे। गोदौलिया चौराहे से विश्वनाथ धाम तक डमरुओं के निनाद और शंख वादन से पीएम का भव्य स्वागत होगा। मालवीय प्रतिमा लंका से काशी विश्वनाथ धाम तक लघु भारत की झलक नजर आएगी।13 मई को मालवीय प्रतिमा से लेकर श्री काशी विश्वनाथ धाम तक रोडशो को भव्य बनाने के लिए पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने रोड शो मार्ग पर बनाए गए 11 बीट प्रमुखों और रोड शो की व्यवस्था से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की।

राहुल का पीएम पर हमला

### नफरत नहीं, नौकरी चुनो



कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने पीएम पर हमला बोलते हुए दावा किया कि 4जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। 4-5 दिन में कुछ न कुछ ड्रामा होगा, लेकिन भटकना नहीं है और अपने मुद्दों पर डटे रहना है। राहुल ने सोशल साइट्स एक्स पर वीडियो ट्वीट कर कहा कि इडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे।

प्रियंका ने लोगों से कहा

### राशन देने से नहीं बनेंगे आत्मनिर्भर



**रायबरेली।** गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में प्रियंका गांधी ने कहा कि 5 किलो राशन से भविष्य नहीं बनेगा। इससे आप आत्मनिर्भर नहीं बन सकते हैं। अगर मैं आपसे पूछूं कि आप रोजगार और 5 किलो राशन के बीच क्या चुनेंगे? तो आप साफ तौर पर रोजगार को ही तवज्जो देंगे। यह समझने की जरूरत है कि जो राजनीतिक दल इस तरह की नीति बनाएगा जिससे आप निर्भर रहेंगे लेकिन आप आत्मनिर्भर नहीं हो सकते। आप अपने पैरों पर नहीं खड़े हो सकते तो उसकी नीति ठीक नहीं है।

राणा के बयान पर बोले ओवैसी

### मैं मोदीजी से कहता हूं उन्हें 15 सेकंड दे दीजिए



**हैदराबाद।** देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी कर एक-दूसरे की पोल खोलने में लगे हैं। इसी बीच, भाजपा की नेता नवनीत रवि राणा के '15 सेकंड' वाले एक बयान पर विवाद बढ़ता जा रहा है। राणा के बयान पर एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी भड़क गए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी उन्हें 15 सेकंड दे दीजिए, हम भी तो देखें कि क्या करेंगे? पिछले दिनों भजापा के समर्थन में राणा ने ऐसा बयान दिया था।

चुनाव के बीच आंध्र प्रदेश में मिला रुपयों का पहाड़

### पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक से कैश बरामद



**गरिकापाडु।** आंध्र प्रदेश में चुनाव से पहले पुलिस ने एनटीआर जिले में एक अंतरराज्यीय जांच चौकी पर बड़ी मात्रा में कैश जब्त किया है। चौकी पर एक पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक को जैसे ही पुलिस ने रोककर जांच की, तो उसके होश उड़ गए। पाइप के साथ उसे 8.36 करोड़ कैश मिला। पुलिस के मुताबिक, चित्तूर जिले का ट्रक शेख अजीज नाम के व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ट्रक चालक सीएच शनमुगन और क्लीनर, पी शेखर रेड्डी से पूछताछ कर रही है।

### अब दिल्ली में ही वोट दे सकेंगे विस्थापित कश्मीरी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कश्मीर में विस्थापित वोटर्स के लिए चार खास पोलिंग बूथ तैयार किए हैं। चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करना चाहता है कि चुनाव की प्रक्रिया से कोई भी अछूता न रहे, इसी को ध्यान में रखते हुए विस्थापित कश्मीरियों के लिए इन बूथ को तैयार किया गया। अनंतनाग में 25 मई को मतदान होना है, जबकि श्रीनगर में 13 मई को मतदान होगा और बारामूला में 20 मई को मतदान होगा। घाटी में मतदान के लिए चुनाव आयोग खास तैयारी कर रहा है।

---

खबर संक्षेप

### सांवलिया सेठ के भंडारे से निकला बड़ा 'खजाना'

**मेवाड़।** यहां के प्रसिद्ध सांवलिया सेठ मंदिर के भंडार से एक बार फिर करोड़ों रुपए निकले हैं। हर



महीने यहां भंडारा खोला जाता है, जिसमें भक्तों का चढ़ावा करोड़ों में मिलता है। इस बार 2 दिनी मासिक मेले के पहले दिन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को भंडारा खोला गया। पहले दिन की काउंटिंग में 5 करोड़ 60 लाख रुपए मिले हैं। भेंट स्वरूप प्राप्त सोना और चांदी का वजन भी शेष है।

### धुम्मा ने कहा- पांच बच्चे पैदा करें सिख

**चंडीगढ़।** दमदमी टकसाल मेहता के मुखी बाबा हरनाम सिंह धुम्मा के एक बयान पर विवाद शुरू हो गया



है। धुम्मा ने एक धार्मिक सभा में बयान दिया है कि हर सिख परिवार 5 बच्चे पैदा करे। अगर सिख परिवार बच्चे संभाल नहीं सकते तो 4 बच्चे दमदमी टकसाल को दे दें। हम उन बच्चों का पालन पोषण करेंगे और पढ़ाएंगे। उनको धार्मिक शिक्षा दी जाएगी। कुछ कौम के जत्थेदार होंगे। हम उन्हें तालीम देंगे।

### पिता की हत्या, फिर बेटे के साथ तालाब में कूदा

**पाली।** राजस्थान के पाली इलाके में एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद चलते पहले अपने पिता की



गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर5 वर्षीय बेटे के साथ एक तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार रात कुलथाना गांव में हुई। डीएसपी ने कहा कि प्रकाश पटेल ने तलाक के विवाद को लेकर अपने पिता दुर्गाराम पटेल की हत्या कर दी।

केजरीवाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

# चुनाव प्रचार करना कोई संवैधानिक हक नहीं, बेल से गलत परंपरा बनेगी

देश में कोई न कोई चुनाव तो होते रहेंगे, फिर गिरफ्तार करना मुश्किल हो जाएगा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत का विरोध करते हुए ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा पेश किया। इसमें ईडी के ओर से जोरदार दलील दी गई। ईडी ने अपने हलफनामे में कहा है कि चुनाव प्रचार करना कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। अगर इस तरह चुनाव प्रचार करने के लिए बेल दी गई तो फिर तो किसी नेता को गिरफ्तार करना ही मुश्किल हो जाएगा। ईडी ने अपने हलफनामे में कहा पिछले 5 साल में देश भर में कुल 123 चुनाव हुए हैं।

अगर चुनाव में प्रचार के आधार पर नेताओं को जमानत दी जाने लगी तो न तो कभी किसी नेता हो गिरफ्तार किया जा सकेगा और न ही उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा सकेगा, क्योंकि देश मे हमेशा कोई न कोई चुनाव होता रहता है। ईडी ने आगे हलफनामे में कहा कि मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका को खारिज करते समय सुप्रीम कोर्ट ने खुद कहा था कि कानून नागरिक, संस्था और राज्य सभी के लिए बराबर होता है। कानून सभी को बराबर का अधिकार देता है।

**5** साल में देश भर में कुल 123 चुनाव हुए

ईडी ने मनीष सिसोदिया के मामले को भी सामने रखा

### नेताओं ने न्यायिक हिरासत में चुनाव लड़ा पर, कभी अंतरिम जमानत नहीं दी गई



ईडी ने कहा कि इससे एक मिसाल कायम होगी, जिससे सभी बेईमान राजनेताओं को चुनाव की आड़ में अपराध करने और जांच से बचने का मौका मिलेगा। राजनेताओं ने न्यायिक हिरासत में चुनाव लड़ा है और कुछ ने जीत भी हासिल की है, लेकिन उन्हें इस आधार पर कभी अंतरिम जमानत नहीं दी गई।



### ईडी ने कोर्ट में दिया ये भी तर्क

ईडी ने अपने हलफनामे में कहा कि पिछले 5 साल में देश भर में कुल 123 चुनाव हुए हैं। अगर चुनाव में प्रचार के आधार पर नेताओं को जमानत दी जाने लगी तो न तो कभी किसी नेता को गिरफ्तार किया जा सकेगा और न ही उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा सकेगा, क्योंकि देश में हमेशा कोई न कोई चुनाव होता रहता है।

### केजरीवाल, कविता के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट आज दायर होगी

शराब घोटाला मामले में ईडी शुक्रवार को केजरीवाल और के कविता के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है। कविता को 15 मार्च और केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया है। वे न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनकी हिरासत की मांग करते हुए सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि केजरीवाल शराब घोटाला मामले में प्रमुख साजिशकर्ता हैं। केजरीवाल को नई शराब नीति तैयार करने और लागू करने के लिए 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के रूप में कई करोड़ रुपए मिले है। एएसजी एसवी राजू ने राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया था कि उन्होंने चुनाव लड़ने के लिए 'साउथ ग्रुप' के कुछ आरोपियों से 100 करोड़ रुपए की मांग की थी।

संदेशखाली मामले में आया नया मोड़



# अब पीड़ित महिलाएं बयान से मुकरीं, हमें पैसे दिए गए थे...

एजेंसी ▶▶कोलकाता

संदेशखाली को लेकर एक बार फिर राज्य में सियासी बवाल है। पिछले हफ्ते एक 'वायरल वीडियो' को लेकर सियासत हुई थी। वीडियो में भाजपा का एक स्थानीय नेता ये कहता नजर आया था कि सुवेंदु अधिकारी ने पैसे देकर संदेशखाली के मामले को बड़ा किया था। ये भी कहता नजर आया था कि महिलाओं को पैसे देकर झूठे केस दर्ज कराए गए थे। एक महिला ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि मुझसे सफेद कागज पर साइन कराया गया,बाद में मुझे पता चला कि मेरे नाम से रेप केस फाइल करवाया गया है।

### केस वापस लेने को दिया आवेदन

महिला ने थाने में केस वापस लेने का आवेदन दिया है। महिला आरोप लगा रही है कि उन्हें इसके बाद से धमकी मिल रही है। टीएमसी के मंत्री शशि पांजा ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को पैसे देकर रेप का केस दर्ज करवाया है। कई से तो सफेद कागज पर साइन करवा लिया है। वे महिलाएं अब थाने में कह रही हैं कि हम केस वापस लेना चाहते हैं। बताया जा रहा है कि नियति मैती ने कहा कि जिस दिन महिला आयोग की टीम आई थी, उसी दिन पियाली ने शिकायतों को आयोग के साथ शेयर करने के लिए बुलाया था। हमें मनरेगा का जॉब कार्ड, खाना पकाने के पैसे लेने थे।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 132 पद्म पुरस्कार विजेताओं के नाम की घोषणा की थी

# राष्ट्रपति ने किया सम्मानित...चिरंजीवी-वैजयंती माला को पद्म विभूषण पुरस्कार से नवाजा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

चिरंजीवी को गुरुवार को नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। तेलुगू मेगास्टार इस साल पद्म विष्णु सम्मान पाने वाले पांच लोगों में शामिल थे। इस साल की शुरुआत में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 132 पद्म पुरस्कार विजेताओं में 68 वर्षीय अभिनेता के नाम की घोषणा की गई थी।

उन्हें भारतीय सिनेमा आइकन वैजयंती माला बाली के साथ पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। चिरंजीवी के साथ उनके बेटे राम चरण और बहू उपासना कामिनेनी भी शामिल हुए। पिता को सम्मान मिलता देखकर राम चरण गदगद हो उठे।





### अमित शाह ने रात्रिभोज का आयोजन किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने आवास पर अनुभवी अभिनेत्री और पद्म विभूषण से सम्मानित वैजयंतीमाला बाली से मुलाकात की। शाह ने यहां पद्म पुरस्कार विजेताओं के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया है।

## सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज दिवंगत फातिमा को पद्म भूषण

द्रौपदी मुर्मू ने नागरिक अलंकरण समारोह के दौरान सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश (दिवंगत) एम. फातिमा बीवी को पद्म भूषण से सम्मानित किया। अंडमान और निकोबार की किसान के. चेल्लाम्मल को कृषि के क्षेत्र में, खेल के क्षेत्र में जोशना चिनप्पा, हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक सोम दत्त बट्टू, कृषि के क्षेत्र में सत्यनारायण बेलेरी और कला के क्षेत्र में जॉर्डन लेप्चा को पद्मश्री से सम्मानित किया। मीडिया दिग्गज होर्मूसजी एन. कामा को साहित्य एवं शिक्षा-पत्रकारिता के क्षेत्र में पद्म भूषण पुरस्कार प्राप्त हुआ। मूर्तिकार ए. वेलु आनंद चारी को पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया। सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में सत्यब्रत मुखर्जी (मरणोपरांत) को पद्म भूषण प्रदान किया। भाजपा नेता ओ. राजगोपाल, लद्दाख के दिवंगत आध्यात्मिक नेता तोगदान रिनपोचे और तमिल अभिनेता दिवंगत कैप्टन विजयकांत (दोनों मरणोपरांत), मीडिया जगत के दिग्गज कुंदन व्यास को भी पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। बीवी, विजयकांत और रिनपोचे के परिवार के सदस्यों ने पुरस्कार प्राप्त किए।



### डॉ. भगवति लाल पुरोहित

मध्य प्रदेश के डॉ. भगवती लाल राजपुरोहित को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया है। वे उज्जैन के मालवी भाषा के प्रसिद्ध लेखक एवं प्रतिष्ठित विद्वान हैं। उन्होंने संस्कृत, हिन्दी और मालवीय भाषा के 50 से ज्यादा नाटकों का लेखन किया है। डॉ. भगवती लाल राजपुरोहित ने हिंदी, संस्कृत और प्राचीन इतिहास में पीएचडी की है।

### पंडित ओमप्रकाश शर्मा



मध्य प्रदेश के पंडित ओमप्रकाश शर्मा को कला क्षेत्र में पद्म श्री सम्मान से सम्मानित किया गया है। वे उज्जैन के रहने वाले हैं और उन्हें भारत में माच लोक रंगमंच का चेहरा माना जाता है। 85 साल के पंडित ओमप्रकाश शर्मा 7 दशक से मालवा की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में प्रयासरत हैं। उन्होंने माच के लिए मालवी भाषा में कई नाटक लिखे हैं। साथ ही थिएटर प्रस्तुतियों के लिए संगीत भी तैयार किया है। उन्होंने युवा कलाकारों को लोक कला का प्रशिक्षण भी दिया है।



**दक्षिण एशिया में तीन देश**

*भारत एशिया में भी 10 शीर्ष देशों में शामिल रहा। दक्षिणी एशिया में तीन देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश दुनिया में अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाले 10 शीर्ष देशों में शामिल रहे जो इस उपक्षेत्र से श्रमिकों के प्रवास के महत्त्व को दिखाता है।*

यूएन आईओएम की विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 में खुलासा

# भारत में दुनिया से आया सर्वाधिक पैसा, 111.22 अरब डॉलर की धनराशि मिली, 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करने वाला बना 'पहला देश'

**दूसरे स्थान पर मेक्सिको, उसके बाद चीन, फिलीपींस और फ्रांस**

**दुनिया में भारतवंशियों की सर्वाधिक आबादी 1.8 करोड़**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र की प्रवासन एजेंसी 'इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन' (आईओएम) ने अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा है कि भारत में साल 2022 में दुनिया भर से 111 अरब डॉलर धनराशि प्राप्त हुई जो सर्वाधिक है। इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करने वाला पहला भी देश बन गया है। यह धन प्रवासियों ने भारत में मित्रों व रिश्तेदारों को हस्तांतरित किया है। प्रेषित धन या 'रेमिटेंस' का आशय प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को किए गए वित्तीय या अन्य तरह के हस्तांतरण से है।

*संयुक्त राष्ट्र की प्रवासन एजेंसी आईओएम ने अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा है कि साल 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपीन और फ्रांस शामिल हैं। भारत शीर्ष पर रहा और उसे 111.22 अरब डॉलर की धनराशि मिली।*



### मेक्सिको ने चीन को पछाड़ा

आईओएम ने अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस शामिल हैं। भारत शीर्ष पर रहा और उसे 111.22 अरब डॉलर की धनराशि मिली। मेक्सिको 2022 में दूसरा सबसे ज्यादा प्रेषित धन प्राप्त करने वाला देश रहा। यह स्थान उसने 2021 में चीन को पछाड़कर हासिल किया था।

**दुनिया में भारतवंशियों की सर्वाधिक आबादी 1.8 करोड़**

**भारत एशिया में भी 10 शीर्ष देशों में शामिल**

### धन प्राप्त करने में चीन दूसरा देश रहा

अब तक भारत के बाद चीन ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है। भारत 2010 (53.48 अरब डॉलर), 2015 (68.91 अरब डॉलर) और 2020 (83.15 अरब डॉलर) में भी शीर्ष पर रहा।

### प्रवासियों के लिए 13वें नंबर पर भारत

रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भी भारतीय मूल के होते हैं जिनकी कुल संख्या देश की कुल आबादी का करीब 1.3 फीसद या 1.8 करोड़ है। उसकी ज्यादातर प्रवासी आबादी संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब जैसे देशों में रह रही है। वहीं, भारत प्रवासियों के लिए काम करने के क्रम में 13वें नंबर पर आता है और देश में 44.8 लाख प्रवासी मजदूर हैं।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान में आंतकी हमला, 7 की मौत



**ग्वादर।** पाकिस्तान के ग्वादर में गुरुवार सुबह एक अज्ञात हमलावर ने 7 लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी। हमले के वक्त मृतक सो रहे थे। गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। मृतक पाकिस्तान के पंजाब के रहने वाले थे । ये ग्वादर पोर्ट के पास नाई की दुकान पर काम करते थे। आतंकवादियों ने ग्वादर के सरबंद में फिश हार्बर जेट्टी के पास आवासीय क्वार्टरों पर हमला किया। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इसके कारण सो रहे सात लोगों की मौत हो गई।

### अमेरिका में 2 मई से भारतीय छात्र लापता



**वॉशिंगटन।** एक बार फिर अमेरिका के शिकागो से एक भारतीय छात्र लापता हुआ है। छात्र की पहचान रुपेश चंद्रा चिंताकिंदी के रूप में हुई है, जो कि बीती 2 मई से लापता है। शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया है कि वह पुलिस और अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय के संपर्क में है। दूतावास ने पोस्ट में लिखा कि महावाणिज्य दूतावास भारतीय छात्र रुपेश चंद्रा के लापता होने की खबर सुनकर बेहद चिंतित है।

### ब्राजील में बारिश बाढ़ का कहर, 100 की मौत



**रियो डी जेनेरियो।** प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे ब्राजील के दक्षिण में स्थित रियो ग्रेनेड डो सुल राज्य में बीते एक हफ्ते से ज्यादा समय से भारी बारिश के चलते बाढ़ आई हुई है। इस बाढ़ के चलते करीब 100 लोगों की मौत की खबर है। बाढ़ से साढ़े 14 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। दो लाख लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। ब्राजील की सिविल डिफेंस एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार, बाढ़-बारिश के चलते अब तक 99,800 घर आंशिक या पूर्ण रूप से तबाह हो चुके हैं।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का एक हफ्ते में दूसरी बार बड़ा बयान

# पीओके भारत का हिस्सा, पाक इसे वापस करे, जनता की भी यही इच्छा

*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पीओके को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि भारत के लोग पीओके को भूले नहीं हैं, लोग फिर से इसे देश में मिलाना चाहते हैं। पाकिस्तान को पीओके वापस कर देना चाहिए।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक बार फिर पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) को भारत का हिस्सा बताया है। ये इस हफ्ते में दूसरी बार है जब जयशंकर ने पीओके को भारत का अभिन्न अंग बताया है। इससे पहले 5 मई को ओडिशा दौरे में उन्होंने कहा था कि भारत के लोग पीओके को भूले नहीं, लोग फिर से इसे देश में मिलाना चाहते हैं। जयशंकर ने दिल्ली के गार्गी कॉलेज में कहा कि पाकिस्तान को पीओके वापस कर देना चाहिए। उन्होंने इसे पीएम मोदी का एक सबसे बड़ा सपना बताया। इसके अलावा उन्होंने लोगों का ध्यान कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने पर भी दिया। जयशंकर ने 370 को मोदी सरकारी की बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि अब देश की जनता ने भी मान लिया है कि 370 दोबारा कश्मीर में नहीं आएगा। साथ ही अब हमारा लक्ष्य पीओके की जमीन बदलने का है।

**खास बातें**

- 2023 में जम्मू-कश्मीर में रिकॉर्ड 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए
- पीओके में हालात खराब
- धारा 370 दोबारा कश्मीर में नहीं आएगी
- कश्मीर में पत्थरबाजी खत्म हुई

### पीओके हमारा था, है, रहेगा

पिछले हफ्ते ही जयशंकर के पीओके वाले बयान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दोहराया था। राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत पीओके पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा था कि पीओके हमारा था, है और हमारा रहेगा। सिंह ने कहा था कि आज कश्मीर की तरक्की देखकर पीओके के लोग खुद को भारत का हिस्सा मानते है। ये दिखाता है कि पीओके पर हमारी सोच कहा तक है। भारत को इसके लिए कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिस तरह कश्मीर में हालात बदल रहे हैं और आर्थिक प्रगति हो रही है, वहां जैसी शांति लौटी है, मुझे यकीन है कि एक दिन पीओके से भी भारत में विलय की मांग उठेगी। पीओके में हमें किसी भी प्रकार का बल प्रयोग नहीं करना पड़ेगा। वहां के लोग खुद भारत में विलय करेंगे।

### पीओके पर ध्यान नहीं दिया गया

*डॉ. जयशंकर ने बताया कि आजादी के बाद उस समय की सरकार ने पाकिस्तान को इस जमीन को खाली करने को कभी नहीं कहा, जिस कारण आज हमें ये दिन देखने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की आजादी के शुरुआती सालों में इन क्षेत्रों पर ध्यान नहीं दिया गया, जिस कारण पीओके में हालात खराब हो गए। भविष्य में क्या होगा? यह बताना बहुत मुश्किल है। लेकिन, मैं एक बताना चाहता हूं कि देश की जनता पीओके को नहीं भूली है।*

### पहले हटना था 370

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को पहले ही हट जाना चाहिए था। 370 से पहले कश्मीर में अलगाववाद और उग्रवाद था। 370 हटने के बाद वहां पत्थरबाजी खत्म हुई है, साथ ही आतंकी हमलों में भी कमी आई है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 को खत्म कर दिया था। इसके साथ ही राज्य को 2 हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। दोनों को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 23 याचिकाएं दायर की गई थीं। सुप्रीम कोर्ट ने भी 11 दिसंबर को सरकार के फैसले को सही ठहराया था।

### आतंक में आई कमी

जयशंकर ने कहा कि 2018 में कश्मीर में पत्थरबाजी की 1767 घटनाएं हुई थीं। लेकिन आर्टिकल-370 हटने के बाद 2023 में ऐसी एक भी घटना नहीं हुई। 2018 से 2022 के बीच आतंकी गतिविधियों में 45.2% की कमी आई है। 2018 में इसके 143 मामले सामने आए थे, 2022 में ये 14 रह गए। 2023 में जम्मू-कश्मीर में रिकॉर्ड 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए। 2022 में यहां 1.88 करोड़ पर्यटक आए थे।

*भारत दौरे पर मालदीव के विदेश मंत्री जमीर आए*

## जयशंकर ने कहा- हमने हमेशा आपका साथ दिया



मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने गुरुवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा कि करीबी और निकटतम पड़ोसियों के रूप में हमारे संबंधों का विकास साफ तौर से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। भारत ने हमेशा मालदीव का साथ दिया है। ये हमारी पड़ोसी प्रथम नीति नजरिये के तहत है। हम विभिन्न नजरियों को सहमति से मजबूत करेंगे।

### मालदीव को विकास सहायता दी

*जयशंकर ने कहा कि भारत मालदीव के लिए विकास सहायता देने वाला एक प्रमुख देश रहा है। हमारी परियोजनाओं ने आपके देश के लोगों को लाभ दिया है। उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में योगदान दिया है। इनमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और सामाजिक पहल से लेकर इलाज के लिए लोगों के सही जगह पहुंचाना और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं।*

### ब्रिटेन के एनएसए टिम बैरो से मुलाकात



विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) टिम बैरो से गुरुवार को अनेक द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा, 'ब्रिटेन के एनएसए टिम बैरो से आज दिल्ली में मुलाकात सुखद रही। अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की भी समीक्षा की।' दोनों ने पश्चिम एशिया के हालात पर भी विचार-विमर्श किया।

कुलगाम में 40 घंटे बाद मुठभेड़ खत्म

## सुरक्षाबलों ने घाटी से तीन दुर्दांत आतंकियों का किया काम तमाम

एजेंसी ▶▶ कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों और सुरक्षाबलों की बीच चल रही मुठभेड़ आज समाप्त हो गई। बुधवार को सुरक्षाबलों ने नागरिकों की हत्या के कई मामलों में शामिल लश्कर-ए-तैयबा शाखा टीआरएफ के एक शीर्ष 'कमांडर' को भी मार गिराया।

पिछले मंगलवार को भी मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए थे। कुल मिलाकर इस अभियान में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। अब भारतीय सेना ने इस बाबत अभियान की समाप्ति को लेकर जानकारी दी है।



### पूरा हुआ ऑपरेशन रेडवानी पाइन

*अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना ने 40 घंटे की निगरानी के बाद तीन आतंकवादियों को ढेर करते हुए 'ऑपरेशन रेडवानी पाइन' पूरा कर लिया है। इससे पहले मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम के रेडवानी पाईन इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच भीषण गोलीबारी हुई।*

**चालीस घंटे चला अभियान**

भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कुलगाम के सामान्य क्षेत्र रेडवानी पाईन में 6 व 7 मई की मध्यरात्रि को शुरू हुआ एक ज्वाइंट ऑपरेशन लगभग 40 घंटे की निरंतर निगरानी के बाद समाप्त हो गया है।

राष्ट्रीय महिला आयोग का दावा

## रेवन्ना के खिलाफ 700 तो छोड़िए एक महिला ने भी शिकायत नहीं की

**पीड़ितों की ओर से ऑनलाइन या ऑफलाइन कोई शिकायत नहीं मिली**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कर्नाटक में इस वक्त चर्चा का विषय बन चुके जेडीएस नेता प्रज्जवल रेवाना स्कैंडल मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से बड़ा खुलासा किया गया है।

एनसीडब्ल्यू का कहना है कि 700 महिलाओं द्वारा आयोग में शिकायत दर्ज कराने का दावा झूठा है। पीड़ितों की ओर से ऑनलाइन या ऑफलाइन कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि ऑनलाइन शिकायतें दर्ज करने वाली 700 महिलाएं एक सामाजिक कार्यकर्ता समूह से जुड़ी हैं और मामले में प्राथमिक शिकायतकर्ता के साथ उनकी कोई प्रत्यक्ष भागीदारी या संबंध नहीं है। एनसीडब्ल्यू कर्नाटक पुलिस अधिकारियों के साथ गहन जांच करने के लिए प्रतिबद्ध है। आयोग का कहना है कि रिपोर्ट में पीड़ितों द्वारा यौन शोषण की शिकायतों के आधार पर दो मामलों के पंजीकरण का संकेत दिया गया है।

भारत के पक्ष में रूस ने दिया बड़ा बयान अमेरिकी नीतियों की उड़ाई धज्जियां

## भारत में हो रहे आम चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश में अमेरिका

**रूस ने कहा कि अमेरिका भारत को न तो समझता है और न ही उसका सम्मान करता है।**

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने अमेरिका पर भारत के घरेलू मामलों और मौजूदा चुनावों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है।

रूस ने कहा है कि अमेरिका ने उसके देश में एक खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या की साजिश में भारतीय नागरिकों की संलिप्तता होने का कोई ठोस सबूत अभी तक मुहैया नहीं कराया है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का पिछले साल नवंबर में आरोप लगाया था। पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध किया था। 'वाशिंगटन पोस्ट' ने दावा किया है कि भारत रूस और सऊदी अरब जैसी नीतियों को अपनाने की कोशिश कर रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि हमारे पास जो जानकारी है उसके मुताबिक वाशिंगटन ने अभी तक पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय नागरिकों की संलिप्तता का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं दिया है। साक्ष्यों के अभाव में इस विषय पर अटकलें लगाना अस्वीकार्य है। अमेरिका को भारत की राष्ट्रीय सोच एवं इतिहास की समझ नहीं है और वह भारत में धार्मिक स्वतंत्रता के बारे में 'निराधार आरोप' लगाता रहता है। वो आम संसदीय चुनावों को जटिल बनाने के लिए भारत की आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने का प्रयास कर रहे हैं। यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का तरीका है।



### वो न केवल भारत बल्कि कई अन्य देशों पर भी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने के आधारहीन आरोप लगाते हैं

जखारोवा ने कहा कि हम देखते हैं कि वो न केवल भारत बल्कि कई अन्य देशों पर भी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने के आधारहीन आरोप लगाते हैं जो दर्शाता है कि अमेरिका भारत की राष्ट्रीय सोच को नहीं समझता, उसे भारत के विकास के ऐतिहासिक संदर्भ की समझ नहीं है और वह एक देश के रूप में भारत का सम्मान नहीं करता। इस हस्तक्षेप को औपनिवेशिक काल की मानसिकता बताते हुए अमेरिका पर लोकसभा चुनावों को जटिल बनाने का आरोप लगाया। 'वाशिंगटन पोस्ट' पहले भी अन्य गलत आरोप लगा चुका है।

वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक एंबर की ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू 2024 रिपोर्ट जारी

## सौर ऊर्जा उत्पादन में जापान को पीछे छोड़ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर ने ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू 2024 रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने 2023 में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। भारत 2015 की तुलना में नौवें स्थान से ऊपर आकर तीसरे स्थान पर आ गया है। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय स्तर के डेटा 2023 के आधार पर तैयार किया गया है।

इस रिपोर्ट में 92 प्रतिशत वैश्विक बिजली का प्रतिनिधित्व करने वाले 80 देशों को शामिल किया गया, साथ ही 215 देशों के ऐतिहासिक डेटा को भी शामिल किया गया था। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत की वृद्धि ने देश को जापान से आगे बढ़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक सौर ऊर्जा ने 2023 में वैश्विक बिजली का रिकॉर्ड 5.5 प्रतिशत उत्पादन किया है। जबकि भारत ने 2023 में अपनी बिजली का 5.8 प्रतिशत सौर ऊर्जा से उत्पन्न किया है।



**दुनिया में सौर ऊर्जा बिजली का औसत उत्पादन 5.5%, भारत में रिकॉर्ड 5.8 फीसदी**

- *वैश्विक सौर ऊर्जा उत्पादन छह गुना*
- *215 देशों का ऐतिहासिक डेटा*
- *रिपोर्ट में 80 देश शामिल*

### भारत में 17 गुना अधिक सौर उर्जा उत्पादन

हाल के वर्षों में सौर ऊर्जा का विस्तार तेजी से हो रहा है। 2023 में वैश्विक सौर ऊर्जा उत्पादन 2015 की तुलना में छह गुना अधिक था, जबकि भारत में यह 17 गुना अधिक दर्ज किया गया। सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 2015 में भारत की बिजली का 0.5 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 5.8 प्रतिशत हो गई।

**सौर उर्जा तेजी से बढ़ता बिजली स्रोत**

एम्बर के एशिया कार्यक्रम निदेशक, आदित्य लोला ने कहा नवीकरणीय ऊर्जा विशेष रूप सौर ऊर्जा से संचालित भविष्य अब एक वास्तविकता बन रहा है। उन्नीसवें वर्ष भी अपनी स्थिति बरकरार रखी।

**चार देशों की 75 प्रतिशत वृद्धि दर**

*चीन (+156 टीडब्ल्यूएच), यूएस (+33 टीडब्ल्यूएच) और ब्राजील (+22 टीडब्ल्यूएच) के बाद भारत ने 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वृद्धि (+18 टेरावाट घंटे या टीडब्ल्यूएच) हासिल की है।*

## चैंपियंस लीग : रियल मैड्रिड ने फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

रियल मैड्रिड ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर तीन सत्र में दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड ने कुल स्कोर के आधार पर 4-3 से जीत दर्ज की। अल्फांसो डेविस ने 68वें मिनट में बायर्न को बढ़त दिलाई। बायर्न की जीत लगभग तय लग रही थी लेकिन जोसेलु ने 88वें मिनट में रियल मैड्रिड को बराबरी दिला दी। जोसेलु ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर रियल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित की और उसे फाइनल में जगह दिलाई।

## मार्सेली में शुरू हुई ओलंपिक मशाल रिले

**मार्सेली।** यूनान से तीन मस्तूल वाले जहाज पर सफर करके फ्रांस के दक्षिणी तटवर्ती शहर मार्सेली पहुंची पेरिस ओलंपिक की मशाल का सफर इस शहर की सड़कों से शुरू हुआ। मशाल अपने 11 सप्ताह के सफर में 450 से अधिक शहरों में 10000 मशालवाहकों के हाथों से गुजरकर 26 जुलाई को ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पहुंचेगी। मार्सेली टीम के लिए नब्बे के दशक में खेलने वाले फुटबॉल खिलाड़ी बासिले बोली ने गुरुवार को मशाल रिले की शुरुआत नोत्रे डैम डे ला गार्डे बेसिलिका से की।



### दिग्गज बने मशालवाहक

बास्केटबॉल खिलाड़ी टोनी पार्कर, एक तलवारबाजी चैंपियन, एक स्केटबोर्डर, मिचेलिन में बसे एक शेफ और एक कॉमेडियन को भी मशाल थामने के लिए चुना गया। मशालवाहकों में एक यूक्रेन की जिम्नास्ट मारिया विसोचांस्का भी है जिन्होंने 2020 यूरोपीय चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते थे और टोक्यो ओलंपिक में भी भाग लिया था। इससे पहले मार्सेली में बुधवार को रंगारंग समारोह में मशाल की अगवानी की गई। इस मौके पर करीब 230000 लोग मौजूद थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| बेंगलोर | 12 | 5 | 7 | 10 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
634 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
20 विकेट
पंजाब

### बाउंड्री मीटर

1815 चौके

1038 छक्के

## आईपीएल : किंग्स को 60 रनों से हराकर 7वें स्थान पर पहुंची आरसीबी

# पंजाब भी प्लेऑफ से बाहर, बेंगलोर की उम्मीदें कायम, कोहली का तूफान

एजेंसी ▶▶ धर्मशाला

आईपीएल 2024 के 58वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने पंजाब किंग्स को 60 रन से हरा दिया है। इस हार के साथ ही पंजाब की टीम आईपीएल 2024 से बाहर हो गई है। उसके 12 मैचों के बाद आठ अंक हैं और टीम अधिकतम 12 अंक तक पहुंच सकती है जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं होगा। पंजाब मुंबई के बाद प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली दूसरी टीम है। वहीं, आरसीबी ने जीत के साथ प्लेऑफ की उम्मीदों को कायम रखा है। उसके 12 मैचों के बाद 10 अंक हैं। टीम अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकती है।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलोर की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 241 रन बनाए थे। विराट कोहली ने 47 गेंद में सात चौके और छह छक्के की मदद से 92 रन की पारी खेली थी। वहीं, रजत पाटीदार ने 23 गेंद में 55 रन और कैमरन ग्रीन ने 27 गेंद में 46 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब की टीम 17 ओवर में 181 रन पर सिमट गई। राइली रूसो ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। इसके अलावा शशांक सिंह ने 37 रन और सैम करन 22 रन बना सके। सिराज ने तीन विकेट लिए। वहीं, स्वप्निल सिंह, लोकी फर्ग्यूसन और कर्ण शर्मा को दो-दो विकेट मिले।



### कोहली-रजत के दो-दो कैच छूटे, 32 गेंद में जोड़े 76 रन

पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलोर की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। विद्वत कावेरप्पा ने टीम को शुरुआती दो झटके दिए। उन्होंने पहले कप्तान फाफ डुप्लेसिस (9) और फिर विल जैक्स (12) को आउट किया। कोहली को दो जीवनदान मिले। एक बार जब वह खाता नहीं खोल सके थे तो आशुतोष ने कैच छोड़ा, वहीं जब वह 10 रन बनाकर खेल रहे थे तो राइली रूसो ने छोड़ा था। इतना ही नहीं रजत पाटीदार को भी दो जीवनदान मिले। एक कैच हर्षल पटेल ने तो दूसरा कैच विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो ने छोड़ा। दोनों खिलाड़ियों ने इसका फायदा उठाते हुए तीसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 76 रन की साझेदारी कर डाली। पाटीदार ने 23 गेंद पर 55 रन की अपनी पारी में तीन चौके और छह छक्के लगाए।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोहली का रोसोऊ बो अर्शदीप | 92 | 47 | 7 | 6 |
| डुप्लेसी का शशांक बो कावेरप्पा | 09 | 07 | 2 | 0 |
| जैक्स का पटेल बो कावेरप्पा | 12 | 07 | 1 | 1 |
| पाटीदार का बेयरस्टो बो करन | 55 | 23 | 3 | 6 |
| कैमरन ग्रीन बो करन बो पटेल | 46 | 27 | 5 | 1 |
| कार्तिक का करन बो पटेल | 18 | 07 | 1 | 2 |
| महिपाल लोमरोर बो पटेल | 00 | 02 | 0 | 0 |
| स्वप्निल सिंह नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 241/7
गेंदबाजी : कावेरप्पा 4-0-36-2, अर्शदीप 3-0-41-1, करन 3-0-50-1, हर्षल 4-0-38-3, राहुल चाहर 3-0-47-0, लिविंगस्टोन 3-0-28-0.

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन पगबाधा बो स्वप्निल | 06 | 04 | 1 | 0 |
| बेयरस्टो का डुप्लेसी बो फर्ग्यूसन | 27 | 16 | 4 | 1 |
| रोसोऊ का जैक्स बो कर्ण शर्मा | 61 | 27 | 6 | 3 |
| शशांक सिह रन आउट (कोहली) | 37 | 19 | 4 | 2 |
| जितेश शर्मा बो कर्ण शर्मा | 05 | 04 | 1 | 0 |
| लियाम का कर्ण बो स्वप्निल सिंह | 00 | 02 | 0 | 0 |
| सैम करन बो फर्ग्यूसन | 22 | 16 | 2 | 0 |
| आशुतोष पगबाधा बो सिराज | 08 | 05 | 0 | 1 |
| हर्षल का फर्ग्यूसन बो सिराज | 00 | 01 | 0 | 0 |
| राहुल चाहर नाबाद | 05 | 05 | 1 | 0 |
| अर्शदीप का कर्ण बो सिराज | 04 | 03 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 17 ओवर में 181/10
गेंदबाजी : स्वप्निल 3-0-28-2, सिराज 4-0-43-3, दयाल 2-0-22-0, फर्ग्यूसन 3-0-29-2, जैक्स 1-0-5-0, ग्रीन 1-0-16-0, कर्ण शर्मा 3-0-36-2.

### शशांक ने ठोके 37 रन

रन चेज में पंजाब किंग्स 17 ओवर में 181 रन बनाकर सिमट गई। टीम से राइली रुसो ने 61 रन बनाए। वहीं शशांक सिंह 37, जॉनी बेयरस्टो 27 और सैम करन 22 ही रन बना सके। बेंगलुरु से मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके। कर्ण शर्मा, स्वप्निल सिंह और लॉकी फर्ग्यूसन ने 2-2 विकेट लिए।

### खास खबर

## मनिका ने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी को हराया



एजेंसी ▶▶ जेद्दा

मनिका बत्रा एलीट डब्लूडब्लूटी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गई जिन्होंने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी नीना मिट्टेलहम को हराया।

दूसरे दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग मान्यु को हराने के बाद बत्रा ने जर्मनी की नीना को 22 मिनट में 11-6, 11-9, 11-7 से मात दी। यह चार प्रयासों में इस प्रतिद्वंद्वी पर मनिका की पहली जीत थी। अब उनका सामना दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी जापान की हिना हयाता से होगा। इस समय विश्व रैंकिंग में 39वें नंबर पर काबिज मनिका इस प्रदर्शन के बाद शीर्ष 25 में पहुंच जाएंगी।



### आईपीएल : सुपर किंग्स के 11 मैचों में 12 अंक

## चेन्नई की जीत से प्लेऑफ की राह होगी आसान, गुजरात से मैच आज

**एजेंसी, अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के 12वें दौर के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेआफ का अपना दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। चेन्नई के 11 मैचों में 12 अंक है और गुजरात पर जीत उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि प्लेआफ में उसकी जगह अभी भी पक्की नहीं है और एक हार उस पर भारी पड़ सकती है। दीपक चाहर और मथीषा पथिराना चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं जबकि मुस्ताफिजूर रहमान बांग्लादेश के लिए खेलने चले गए हैं। अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा। चेन्नई ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होगी। गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में सनराइजर्स हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। अभी तक जिन तीन टीमों के 12 अंक हैं, उनमें चेन्नई (प्लस 0.700) का रनरेट सबसे अच्छा है।

### खबर संक्षेप




### जागरुकता फैलाएगा टी20 विश्व कप

**नई दिल्ली।** अमेरिका क्रिकेट के अध्यक्ष वेणु पिसिके का मानना है कि टी20 विश्व कप अमेरिका में क्रिकेट को लेकर जरूरी जागरुकता फैलाएगा। अंततः 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने का लालच स्थानीय अमेरिकियों को मुख्य रूप से प्रवासियों द्वारा खेले जाने वाले इस खेल के प्रति आकर्षित करेगा। अमेरिका इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की सह मेजबानी वेस्टइंडीज के साथ कर रहा है और अमेरिकी टीम एक जून को टूर्नामेंट के पहले मैच में अपने पड़ोसी देश कनाडा के खिलाफ खेलते हुए विश्व कप में पदार्पण करेगी।

### अंतरराष्ट्रीय मास्टर वर्गीज कोशी नहीं रहे

**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर और प्रतिष्ठित ट्रेनर तथा मार्गदर्शक वर्गीज कोशी का निधन हो गया है। वह 66 बरस के थे। कोशी के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। कोशी को अपने फेफड़े के कैंसर के बारे में लगभग दस महीने से पता था और उन्होंने अपने हास्य के साथ इस खतरनाक बीमारी का सामना किया। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में कहा था, 'अपना समय आ गया।' कोशी शतरंज की दुनिया के उन कुछ खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने इस खेल को खुद सीखा।



### भारतीय क्रिकेट के लिए उम्दा प्रतिभा हैं अभिषेक

**हैदराबाद।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ आईपीएल के इतिहास में लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड बनाने वाले आस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने अभिषेक शर्मा को भारतीय क्रिकेट के लिए बेहतरीन प्रतिभा बताया है। हेड ने कहा, 'अभि के साथ साझेदारी बेहतरीन थी। वह भारतीय क्रिकेट के लिए रोमांचक प्रतिभा है।



## यूडब्लूडब्लू से बजरंग पूनिया आठ महीने के लिए निलंबित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूडब्लूडब्लू ने डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर बजरंग पूनिया को अस्थाई तौर पर निलंबित करने के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के फैसले के बाद उन्हें साल के अंत तक निलंबित कर दिया है।

हालांकि हैरानी भरे फैसले में नाडा के निर्णय की जानकारी होने के बावजूद भारतीय खेल प्राधिकरण ने बजरंग की विदेश में ट्रेनिंग के लिए लगभग नौ लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। देश के सबसे सफल पहलवानों में से एक बजरंग को नाडा ने 23 अप्रैल को निलंबित किया था। उन्हें इससे पहले 18 अप्रैल को रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया गया था। अपने बचाव में टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने कहा था कि उन्होंने कभी परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन डोप नियंत्रण अधिकारी से सिर्फ इतना पूछा कि वह नमूना लेने के लिए लाई गई 'एक्सपायर्ड किट' के बारे में विस्तार से बताए।

## अर्जुन ने कॉर्लसन को ड्रॉ पर रोका डी गुकेश की खराब शुरुआत

एजेंसी ▶▶ वारसॉ

फिडे कैंडिडेट्स चैंपियन डी गुकेश की सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन एक अन्य भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी अर्जुन पहले मुकाबले में नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोकने में सफल रहे। विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन ने अपनी दो अन्य बाजियां भी ड्रॉ खेली जिससे वह प्रतियोगिता के तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर चल रहे रोमानिया के किरिल शेवचेंको से काफी पीछे हैं। गुकेश अपनी पहली दोनों बाजियां हार गए थे जबकि तीसरी बाजी में उन्होंने अंक बांटे। वह एक अंक लेकर दस खिलाड़ियों के बीच अंतिम स्थान पर चल रहे हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा ने तीसरे राउंड में वापसी करते हुए उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव को हराया। अर्जुन और प्रज्ञानानंदा के समान तीन अंक हैं। शेवचेंको छह अंक के साथ एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद कार्लसन और अब्दुसात्तोरोव का नंबर आता है जिनके चार-चार अंक हैं।



# टी20: भारत ने बांग्लादेश महिला टीम पर 5-0 से किया क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶ सिलहट

भारत ने गुरुवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 21 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। बांग्लादेश ने 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की लेकिन बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव (तीन विकेट) के शीर्ष क्रम को झकझोरने से उसकी टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 136 रन ही बना सकी।

इससे पहले रिचा घोष की तीन छक्के और एक चौके जड़ित 17 गेंद की पारी से भारत ने पांच विकेट पर 156 रन बनाए।



डी हेमलता (37) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (30) ने भी तीसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़कर पारी को मजबूती दी। भारत ने श्रृंखला का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 25 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 33 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई।

राबिया खान (दो विकेट) ने 16वें ओवर में भारत को दोहरा झटका दिया जबकि इससे एक ओवर पहले भी टीम ने विकेट गंवाया जिसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा ने ताबड़तोड़ पारी खेली। शेफाली वर्मा (14) और मंधाना ने पहले विकेट लिए 25 रन जोड़े। मंधाना ने हेमलता के साथ भी 37 रन की साझेदारी की।

## दोहा डायमंड लीग आज से शुरू, भाला फेंक स्पर्धा 14 से

# ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज और जेना

एजेंसी ▶▶ दोहा

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग के एक दिवसीय पहले चरण के जरिए पेरिस ओलंपिक की अपनी तैयारियां शुरू करेंगे जिसमें उनका सामना दुनिया के धुरंधर भाला फेंक खिलाड़ियों से होगा।

मौजूदा विश्व और एशियाई खेल चैंपियन भारत के भालाफेंक स्टार चोपड़ा का सामना पूर्व विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक तथा विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के किशोर जेना डायमंड लीग में पदार्पण करेंगे। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 87.54 मीटर है जबकि चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। चोपड़ा ने प्रतिस्पर्धा से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मैं कल के लिए तैयार हूं। मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं 90 मीटर का थ्रो भी फेकूंगा लेकिन निरंतरता अधिक जरूरी है।' यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी दस खिलाड़ियों में शामिल हैं जो लीग में उतरेंगे। इसके बाद लीग का दूसरा चरण 19 मई को मोरक्को में होगा। चोपड़ा यहां गत चैंपियन भी हैं जिन्होंने 2023 में वालेश और पीटर्स को हराया था। पुरुषों के क्वालीफाइंग दौर के भालाफेंक मुकाबले 14 मई को और फाइनल 15 मई को होगा।



### ओमेगा ने नीरज को खेल दूत बनाया

ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के घड़ियों के लग्जरी ब्रांड ओमेगा ने खेल दूत के रूप में अपने साथ जोड़ा है। ओमेगा इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का आधिकारिक 'टाइमकीपर' (स्पर्धाओं के समय के लिए उपकरण मुहैया कराने वाला) है। भारत के इस स्टार खिलाड़ी को शुक्रवार को डाइमंड लीग के पहले चरण में प्रतिस्पर्धा से पहले दोहा में ओमेगा के बुटीक में आमंत्रित किया गया। इस साझेदारी पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा, 'मैं ऐसे प्रतिष्ठित ब्रांड का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जो ओलंपिक खेलों में टाइमकीपिंग में इतनी बड़ी भूमिका निभाता है।'

## प्रो लीग : भारत ने घोषित की 24 सदस्यीय हॉकी टीम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरमनप्रीत सिंह 22 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे। भारत यूरोप चरण में कुल आठ मैच खेलेगा। टीम दो चरण के टूर्नामेंट में अर्जेन्टीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से दो-दो मैच खेलेगी। पहला चरण 22 से 30 मई तक बेल्जियम के एंटवर्प में होगा जबकि दूसरा चरण लंदन में एक से 12 जून तक खेला जाएगा।

### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक। **डिफेंडर:** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह। **मिडफील्डर :** विवेक सागर प्रसाद, निलाकांता शर्मा, मनप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, हार्दिक सिंह, राजकुमार पाल, मोहम्मद रहील मौसीन **फॉरवर्ड :** मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, आकाशदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंदल और बॉबी सिंह धामी।

निगम आयुक्त ने दिए अच्छी क्वालिटी के डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट व सिग्नल लगाने के निर्देश

# बीआरटीएस: सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं करने पर ठेकेदार को किया ब्लैक लिस्ट, इंजीनियरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**मिसरोद तक कॉरिडोर हटनो का काम हुआ पूरा डिवाइडर स्ट्रीट लाइट व सिग्नल लगाए जाएंगे**

**लापरवाही बरतने पर संबंधित सहायक यंत्री और उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी**

नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने गुरुवार को आरआरएल तिराहे से मिसरोद तक रोड का निरीक्षण कर अच्छी क्वालिटी के डिवाईडर, स्ट्रीट लाइट व सिग्नल लगाने के निर्देश दिए। इस रोड से कॉरिडोर हटने के बाद स्ट्रीट लाइट खंबे, सिग्नल लगाने व सड़क को व्यवस्थित करने के काम शुरू हुए हैं।

नगर निगम अधिकारियों के कॉरिडोर हटने के बाद यहां डिवाइडर निर्माण, विद्युत खंबे व उनके फाउंडेशन बनाने के साथ ही ट्रैफिक सिग्नल लगाने का भी फाउंडेशन तैयार हो रहा है। आयुक्त के अनुसार यह काम मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से करते हुए 25 मई तक पूरा करना है। आयुक्त ने होशंगाबाद रोड पर शनि मंदिर से गोल्डन सिटी जाटखेड़ी तक सड़क के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने एवं निर्देशों का पालन न करने पर सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री आरके सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।





### कॉरिडोर का सामान तुरंत हटाने का निर्देश

आयुक्त ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिया कि कॉरिडोर को पूरी तरह से हटाने के साथ ही सड़क किनारे रखा उसका मलमा तुरंत साफ कर दें। क्योंकि 25 मई तक डिवाइडर निर्माण, विद्युत खंबे व उनके फाउंडेशन बनाने के साथ ही ट्रैफिक सिग्नल लगाने का काम पूरा होना है। आयुक्त ने अधीक्षण यंत्री को प्रतिदिन के कार्यों की प्रगति देखने और निरंतर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। जोन 13 के सहायक यंत्री यांत्रिक प्रदीप जड़िया एवं उपयंत्री हबीब उर रहमान को कारण बताओ नोटिस जारी किए। सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण न होने पर संबंधित ठेकेदार प्रतिराज सिंह यादव को ब्लैक लिस्ट करने के भी निर्देश दिए।

# मैजिक वाहन से डीजल चोरी करते पाए जाने वाले नगर निगम के दो वाहन चालकों को सेवा से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरागढ़ कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर मैजिक वाहन व सीवेज सक्शन मशीन से डीजल की चोरी करने का वीडियो वायरल हुआ जिसके बाद निगम ने कार्रवाई की है। डीजल इकट्ठा करते पाए जाने पर दो दैनिक वेतन भोगी चालकों को सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की गई है, साथ ही इसकी शिकायत संतनगर थाने में की गई है, जिसके तहत जल्द ही एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### डीजल चोरी का वीडियो आयुक्त के समक्ष रखा




निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन के निर्देश पर मैजिक वाहन चालक संतोष श्रीवास्तव तथा सीवेज शाखा के वाहन चालक अजगर को सेवा से पृथक करने की कार्रवाई निगम प्रशासन द्वारा की गई है। एएचओ रविकांत औचित्य ने बताया कि संज्ञान में आने के बाद उक्त वीडियो को आयुक्त के समक्ष रखा गया, जिसके बाद हरेंद्र नारायण द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है।

### घर से बरामद हुए लाखों रुपए के कटे-फटे नोट

**भोपाल।** अशोका गार्डन पुलिस ने एक घर से लाखों रुपए कीमत के कटे-फटे और सही-सलामत नोट बरामद किए हैं। यह कार्रवाई एक शिकायत की सूचना पर की गई है। मामले की जानकारी आयकर विभाग को भी दी गई है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि पंत नगर स्थित एक मकान में बड़ी संख्या में नोट जमा करके रखे गए हैं। पुलिस टीम ने घर पहुंच कर तलाशी ली तो पांच, दस, बीस, पचास, सौ समेत लाखों रुपए कीमत के अन्य नोट बरामद हुए। पूछताछ पर मकान मालिक ने बताया कि वह पिछले दो दशकों से कटे-फटे नोट के बदले सही-सलामत नोट देने का काम करते हैं। उनके पास आरबीआई का एक अथॉरिटी लेटर भी मिला, जिसमें आरबीआई ने पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से नोट बदलने की अनुमति दी है।

### बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत



**भोपाल।** भानपुर ब्रिज पर बुलट सवार सिविल इंजीनियर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब ढ़ाई बजे के आसपास हुए इस हादसे के बाद उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छोला मंदिर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार अभिषेक राजपूत पिता दिलीप राजपूत (28) कोलुआ कला, अशोका गार्डन में रहता था। अभिषेक ने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी और इन दिनों प्रभात चौराहा के जावा बाइक शोरूम में काम कर रहा था। जावा के शोरूम राजधानी में अलग अलग जगह है। गुरुवार देर रात कंपनी की बाइक बायपास पर आई थी। अभिषेक बायपास पहुंचा और कितने की बाइक किस शोरूम पर पहुंचनी है, इसकी जानकारी देकर घर लौट रहा था। इस दौरान भानपुर ब्रिज पर उसकी बुलट बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। ब्रिज पर घायल अवस्था में पड़े अभिषेक को एंबुलेंस की मदद से निजी अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुंच गए थे। परिजन उसे चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान गुरुवार दोपहर करीब दो बजे के आसपास मौत हो गई। परिजन ने बताया कि अभिषेक की शादी नहीं हुई थी वह बड़ा बेटा था, जबकि उससे छोटा एक भाई है।

जीजी फ्लाईओवर टेस्टिंग टली

# अधिकारी की ड्यूटी निर्वाचन में लगने से डेडलाइन आगे खिसकी

**हबीबगंज रेलवे क्रॉसिंग पर मेट्रो के चल रहे निर्माण कार्य के अवरोध भी हटे**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीजी फ्लाईओवर का गणेश मंदिर व गायत्री मंदिर के सामने का स्लैब पूरा हो गया। इसके बाद गुरुवार को कंप्लीट लाइट टेस्टिंग का काम होना था, लेकिन काम देख रहे अधिकारी की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में लगने से इसे आगे बढ़ा दिया गया और संबंधित ठेकेदार को ही लाइट टेस्टिंग की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। अब पूरे फ्लाईओवर की लाइट टेस्टिंग कई हिस्से में की जा रही है। फ्लाईओवर के लोकापर्ण की डेड लाइन को भी आगे बढ़ा दिया गया है।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार हबीबगंज रेलवे क्रासिंग पर मेट्रो के चल रहे निर्माण कार्य भी लगभग पूरे हो गए हैं। इसलिए सभी अवरोध समाप्त होने के बाद टेस्टिंग ही शेष रह गई है। उसे किसी भी दिन पूरा कर लिया जाएगा। फ्लाईओवर का लोकापर्ण अब कभी भी हो सकता है, लेकिन मतगणना के पहले इसकी संभावना कम ही है। इसके बाद ही फ्लाईओवर पर ट्रैफिक शुरू किया जाएगा, जबकि बीच में लोड टेस्टिंग की अनुमति प्रशासन से मिल चुकी है, जबकि पीडब्ल्यूडी ने ट्रैफिक शुरू करने की पूरी तैयारी कर ली है। लोकार्पण में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। अब लोकार्पण सभी व्यवस्था देखने के बाद ही करेंगे।

## क्रू मेंबरों की हड़ताल के चलते मुंबई उड़ान कैंसिल, यात्री हुए परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

एयर इंडिया के क्रू मेंबर की हड़ताल के चलते गुरुवार को राजा भोज एयरपोर्ट पर एयरइंडिया कि मॉर्निंग मुंबई उड़ान नहीं आ सकीं, जिसके कारण पैसेंजरों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा है। मालूम हो कि एयर इंडिया के क्रू मेंबरों की हड़ताल के कारण देश की कई उड़ानें प्रभावित हुईं है। हालाँकि गरुवार दोपहर को उनकी हड़ताल वापस ले ली गई, लेकिन भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर सुबह 7 बजे एयर इंडिया की मुंबई भोपाल आने वाली उड़ान को कैंसिल कर दिया गया, जिसके कारण यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालाँकि एयर इंडिया की एक मॉर्निंग और ईवनिंग उड़ान अपने निर्धारित समय पर भोपाल पहुंची।

## एम्स इग्नू पाठ्यक्रमों के लिए एलएससी के रूप में नामित

**भोपाल।** राजधानी एम्स को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) पाठ्यक्रमों के लिए लर्नर सपोर्ट सेंटर (एलएससी) के रूप में नामित किया गया है। एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने एलएससी के रूप में नामित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वालों के लिए शैक्षिक अवसरों में बढ़ोत्तरी होगी। वर्ष 2020 से एम्स भोपाल इग्नू, इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड अलाइड साइंसेज और देश भर के चार अन्य चिकित्सा संस्थानों के सहयोग से सीबीआरएनई आपदाओं के चिकित्सा प्रबंधन में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र (पीजीसीएमडीएम) कार्यक्रम शुरू करने में सबसे आगे रहा है और देश में पहली बार यह पाठ्यक्रम यहां शुरू किया गया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930